नई दिल्ली
शुक्रवार, 7 मार्च 2025
फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष, अष्टमी वर्ष : 28, अंक : 327
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 28.0
न्यून. 12.0

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | तेजी |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 74,340.09 | 609.86 ▲ |
| निफ्टी | 22,544.70 | 207.40 ▲ |

| धातु | कीमत | गिरावट |
|---|---|---|
| सोना | 89,100 /- | 200/- ▼ |
| चांदी | 99,000/- | --- |

(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)

| मुद्रा | प्रति डॉलर | नीचे/ऊपर |
|---|---|---|
| रुपया | 87.12 | 6 पैसे ▼ |
| क्रूड ऑयल 69.66/ बैरल | | 0.52% ▲ |

पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।

## क्या हैं खासियतें?

- बेजोड़ पावर कैपेसिटी है: 1,200 हॉर्स पावर
- दुनियाभर में अधिकतर मौजूदा हाइड्रोजन-पावर्ड ट्रेनों में 500 से 600 हॉर्स पावर के बीच क्षमता वाले इंजन
- ट्रेन फ्यूल सेल्स का इस्तेमाल करके चलेगी, जो हाइड्रोजन और ऑक्सीजन के संयोजन से बिजली जेनरेट करती है और बाईप्रोडक्ट के रूप में केवल जल वाष्प छोड़ती है, जिससे यह जीरो इमीशन ट्रांसपोर्ट सोल्यूशन बन जाता है।

चेन्नई स्थित इंटरगल कोच फैक्ट्री में फिलहाल यह ट्रेन बनाई जा रही

# भारत की 'पहली' हाइड्रोजन ट्रेन 31 मार्च तक पटरियों पर दौड़ेगी, यह दुनिया की सबसे लंबी ट्रेन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

भारतीय रेलवे, टिकाऊ परिवहन की दिशा में एक अभूतपूर्व कदम उठाने के लिए तैयार है। जी हां, 31 मार्च तक देश की पहली हाइड्रोजन-ईंधन वाली ट्रेन शुरू करने के लिए पूरी तरह तैयार है। इस ईको-फ्रेंडली इनोवेशन भारत भी जर्मनी, फ्रांस, चीन और यूनाइटेड किंगडम जैसे देशों के साथ ग्रीन मोबिलिटी में सबसे आगे देशों में शामिल हो जाएगा। रेल मंत्रालय ने क्लीन एनर्जी ट्रांसपोर्टेशन के लिए भारत के व्यापक दृष्टिकोण के हिस्से के रूप में 35 हाइड्रोजन ईंधन सेल-बेस्ड ट्रेनों का एक बेड़ा विकसित करने के लिए 2023-24 में 2,800 करोड़ रुपए आवंटित किए थे।

अलग खबर




### यह एक अत्याधुनिक परियोजना

वैष्णव ने कहा कि भारतीय रेलवे ने डीजल इलेक्ट्रिक मल्टीपल यूनिट (डेमू) रैक पर हाइड्रोजन ईंधन सेल के रेट्रोफिटमेंट द्वारा पायलट आधार पर पहली हाइड्रोजन ट्रेन के डेवलपमेंट के लिए एक अत्याधुनिक परियोजना शुरू की है। यह मौजूदा वक्त में दुनिया की सबसे लंबी हाइड्रोजन ट्रेन होगी। यह दुनिया की सबसे ज्यादा पावर वाली हाइड्रोजन ट्रेनों में से एक होगी।

### नॉर्दर्न रेलवे के दिल्ली डिवीजन द्वारा चलाई जाएगी

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस बात पर जोर डाला है कि इन ट्रेनों के लिए स्पेसिफिकेशन्स को रिसर्च डिजाइन एंड स्टैंडर्ड ऑर्गेनाइजेशन (आरडीएसओ) द्वारा विकसित किया गया था ताकि यह यह सुनिश्चित किया जा सके कि यह तकनीक पूरी तरह से भारत में निर्मित है। चेन्नई स्थित इंटरगल कोच फैक्ट्री में फिलहाल यह ट्रेन बनाई जा रही है। और एक बार निर्माण पूरा होने के बाद यह ट्रेन जींद-सोनीपत रूट पर करीब 89 किमी की दूरी कवर करते हुए नॉर्दर्न रेलवे के दिल्ली डिवीजन द्वारा चलाई जाएगी।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### केंद्रीय विद्यालय में एडमिशन आज से

**नई दिल्ली।** केंद्रीय विद्यालयों में नए शैक्षणिक सत्र 2025-26 में प्रवेश को लेकर विद्यालय संगठन ने अधिसूचना जारी की है। पहली कक्षा, बालवाटिका एक व तीन में प्रवेश के लिए आज यानी सात मार्च से ऑनलाइन आवेदन लिए जाएंगे। अंतिम तारीख 21 मार्च होगी। कक्षा एक में प्रवेश की उम्र छह वर्ष और बालवाटिका एक में प्रवेश की उम्र तीन से चार वर्ष की होगी।




### साहित्योत्सव दिल्ली में आज से 12 मार्च तक

**नई दिल्ली।** साहित्य अकादमी का वार्षिक वार्षिक साहित्योत्सव (फ़ेस्टिवल ऑफ़ लेटर्स 2025) राजधानी में आज यानी 7 मार्च से प्रारंभ हो रहा है। 12 मार्च तक आयोजित साहित्योत्सव में 50 से अधिक भाषाओं के लगभग 700 लेखक शामिल होंगे। यह जानकारी केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय की गुरुवार को दी।



### दिल्ली सरकार सुरक्षा ऑडिट कराएगी

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार अपनी सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) प्रणाली का साइबर सुरक्षा ऑडिट कराएगी। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि इस कवायद का उद्देश्य किसी भी तरह के सुरक्षा चूक और डेटा चोरी को रोकने के लिए जोखिमों का पता लगाना है। उन्होंने बताया कि सरकार 3 साल की परियोजना की तैयारी में है।



विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने की पाकिस्तानी पत्रकार की बोलती बंद

# कहा-पीओके के भारत में शामिल होने के बाद आएगी कश्मीर में स्थायी शांति

ब्रिटेन की सरकार के समक्ष घटना पर कड़ा विरोध जताते हुए राजनयिक दायित्वों को पूरा करने की जताई उम्मीद

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर के ब्रिटेन दौरे में बीते बुधवार को दो अप्रत्याशित घटनाएं देखने को मिलीं। लेकिन दोनों में भारत अपनी राजनयिक परिपक्वता के चलते वाहवाही लूट ले गया। घटनाओं का संबंध ब्रिटेन के थिंक टैंक चैथम हाउस में आयोजित 'भारत का उदय और विश्व में भूमिका' नामक एक संवाद सत्र से जुड़ा हुआ है। जिसमें भाग लेने के बाद बाहर निकलते वक्त वहां प्रदर्शन कर रहे खालिस्तानी उपद्रवियों के समूह में से एक उपद्रवी ने निकलकर विदेश मंत्री की कार के ठीक सामने आकर राष्ट्रीय ध्वज को फाड़ दिया। इसपर भारत ने गुरुवार को ब्रिटेन के समक्ष बेहद कड़े अंदाज में अपना विरोध जताया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि हमने विदेश मंत्री की ब्रिटेन यात्रा के दौरान उनकी सुरक्षा भंग होने से जुड़ी हुई फुटेज देखी है। हम खालिस्तानी चरमपंथियों के एक छोटे से समूह की इन उकसाने वाली गतिविधियों और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के इस दुरुपयोग की निंदा करते हैं। साथ ही भारत ऐसे मामलों में ब्रिटेन की सरकार से यह उम्मीद करता है कि वह अपने राजनयिक दायित्वों का पूरी तरह से पालन करेगी। वहीं, कार्यक्रम में एक पाकिस्तानी पत्रकार द्वारा कश्मीर को लेकर विदेश मंत्री से पूछे गए सवाल का डॉ. जयशंकर ने साफ शब्दों में जवाब देते हुए कहा कि भारत द्वारा उठाए गए कई कदमों के बाद कश्मीर समस्या का समाधान होना शुरू हो गया है। लेकिन पाकिस्तान द्वारा चुराए गए पीओके के भारत में शामिल होने के बाद कश्मीर समस्या का पूरी तरह से हल निकल जाएगा।

ब्रिटेन में जयशंकर के सुरक्षा घेरे में खालिस्तानियों की सेंधमारी पर भारत की दो टूक



### राष्ट्रीय ध्वज के अपमान का पहला मामला नहीं

ब्रिटेन में खालिस्तानियों द्वारा भारत के राष्ट्रीय ध्वज के अपमान का यह पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी वह कई मौकों पर ऐसा कर चुके हैं। जिसका भारत सरकार द्वारा सख्त लहजे में ब्रिटेन के समक्ष विरोध जताया गया है। पिछली घटना 2023 की है, जब लंदन में भारतीय दूतावास के बाहर प्रदर्शन कर रहे खालिस्तानियों ने दूतावास परिसर में घुसकर न केवल राजनयिक परिसर को नुकसान पहुंचाया। बल्कि इमारत के ऊपर लगे हुए भारत के राष्ट्रीय ध्वज को उतारने की नाकाम कोशिश भी की थी।

### प्रदर्शन के बीच सुरक्षित निकल गए जयशंकर

जयशंकर के कार्यक्रम के दौरान चैथम हाउस के बाहर मौजूद खालिस्तानियों का एक छोटा समूह भारत के खिलाफ आपत्तिजनक नारेबाजी के साथ प्रदर्शन कर रहा था। कार्यक्रम खत्म होने के बाद जैसे ही विदेश मंत्री अपनी कार में बैठे कि तभी एक खालिस्तानी ने उनकी गाड़ी के सामने आकर भारत के राष्ट्रीय ध्वज को फाड़ दिया। इतने में पास ही खड़े पुलिसकर्मियों ने उसे पकड़कर विदेश मंत्री की गाड़ी के सामने से हटाया।

### धारा-370 का हटना पहला प्रमुख कदम

पाकिस्तानी पत्रकार ने कश्मीर पर विदेश मंत्री से सवाल पूछते हुए कहा कि मैं बतौर एक लेखक, पत्रकार के तौर पर इस मामले पर प्रश्न पूछकर आपको नर्वस करना चाहता हूं। भारत ने कश्मीर पर अवैध कब्जा कर रखा है, जिसे लेकर पाक विरोध कर रहा है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप दुनिया में शांति लाने की बात कहते हैं तो क्या भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ट्रंप के साथ अपनी दोस्ती का इस्तेमाल कर कश्मीर मुद्दे को सुलझा सकते हैं? इस पर जयशंकर ने पलटवार करते हुए कहा, भारत द्वारा उठाए गए कई कदमों की वजह से कश्मीर समस्या काफी हद तक सुलझा ली गई है। लेकिन जैसे ही पाकिस्तान द्वारा अवैध रूप से कब्जा किया हुआ पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) भारत में वापस शामिल हो जाएगा, कश्मीर में पूरी तरह से स्थायी शांति के साथ यह समस्या भी सुलझ जाएगी। उन्होंने कश्मीर समस्या के हल के लिए भारत द्वारा हटाई गई धारा-370 को पहला प्रमुख कदम बताया। साथ ही कहा इसके बाद विकास व आर्थिक गतिविधि के साथ सामाजिक न्याय को बढ़ावा मिला। फिर राज्य में हुए चुनावों में बेहतर मतदान प्रतिशत के साथ बढ़ी हुई जनभागीदारी देखने को मिली। सत्र में जयशंकर ने अमेरिकी राष्ट्रपति की बहुध्रुवीयता की नीति और क्वाड समूह की भी प्रशंसा की।

विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर दी जानकारी

# बारबाडोस के सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित हुए पीएम नरेंद्र मोदी



बारबाडोस के ब्रिजटाउन में आयोजित एक समारोह में प्रधानमंत्री की ओर से विदेश राज्य मंत्री पबित्रा मार्गेरिटा ने ग्रहण किया 'ऑनरेरी ऑर्डर ऑफ फ्रीडम ऑफ बारबाडोस' सम्मान

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

दुनिया के तमाम देशों द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दिए जाने वाले सर्वोच्च सम्मानों की सूची में अब बारबाडोस का नाम भी शामिल हो गया। कैरेबियाई देश की तरफ से पीएम को अपने सर्वोच्च सम्मान 'ऑनरेरी ऑर्डर ऑफ फ्रीडम ऑफ बारबाडोस' से सम्मानित किया गया है। विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। जिसमें बताया कि इस सम्मान को प्रधानमंत्री ▸▸ शेष पेज 5 पर

आज गुजरात दौरे पर पीएम मोदी

# लखपति दीदी और नमो ड्रोन दीदियों से करेंगे संवाद



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिवसीय दौरे के तहत आज यानि 7 मार्च को गुजरात पहुंचेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री राज्य में विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे। ▸▸ शेष पेज 5 पर

### 8 मार्च को नवसारी पहुंचेंगे पीएम मोदी

7 मार्च को जनसभा के बाद पीएम मोदी सूरत में ही रात्रि विश्राम करेंगे। 8 मार्च को सुबह 10 बजे पीएम मोदी नवसारी पहुंचेंगे। जनसभा से पहले पीएम मोदी लखपति दीदी और नमो ड्रोन दीदीयों के साथ अलग से संवाद करेंगे। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर लखपति दीदी सम्मेलन को संबोधित करेंगे। पीएम मोदी गुजरात सरकार की सखी साहस योजना की शुरुआत करवाएंगे जिसकी घोषणा गुजरात सरकार ▸▸ शेष पेज 5 पर

हत्या के जुर्म में फांसी की सजा सुनाई थी

# यूएई में मौत की सजा पाई भारतीय नागरिक शहजादी खान को दफनाया

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली



संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में मौत की सजा पाई भारतीय नागरिक शहजादी खान के पार्थिव शरीर को गुरुवार को दफना दिया गया। वह उत्तर प्रदेश के बांदा की रहने वाली थी। जिसे यूएई में एक बच्चे की हत्या के जुर्म में फांसी की सजा सुनाई गई थी। विदेश मंत्रालय ने बताया कि शहजादी खान को यूएई के नियमों के मुताबिक 6 मार्च को अबू धाबी में दफनाया गया।

दफनाने की प्रक्रिया से पहले शहजादी के परिवार के अधिकृत प्रतिनिधियों ने उनके पार्थिव शरीर का सम्मान किया। मस्जिद में अंतिम संस्कार की नमाज अदा की गई और उसके बाद बनियाद कब्रिस्तान में दफनाने की प्रक्रिया में भी परिजन शामिल हुए। भारतीय दूतावास के अधिकारी भी इस दौरान मौजूद रहे और उन्होंने ▸▸ शेष पेज 5 पर

# बिहार के डिप्टी सीएम विजय सिन्हा ने की गृह मंत्री शाह से मुलाकात

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

बिहार के उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने बृहस्पतिवार को दिल्ली में गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। वे बिहार विधानमंडल के बजट सत्र के बीच में ही अचानक दिल्ली रवाना हुए और वहां अमित शाह से मुलाकात की। पिछले सप्ताह हुए बिहार मंत्रिमंडल फेरबदल में विजय सिन्हा की विभागों को बदला गया था। उसके बाद उनकी अमित शाह से हुई यह मुलाकात बेहद अहम मानी जा रही है। उन्होंने मुलाकात से जुड़ी तस्वीर पोस्ट करते हुए एक्स पर लिखा कि नई दिल्ली में देश के यशस्वी केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से शिष्टाचार भेंट कर उनका स्नेह, सानिध्य और मार्गदर्शन ▸▸ शेष पेज 5 पर



भाजपा विधायक दल ने चुना नेता, भूपेन्द्र यादव और डॉ. के लक्ष्मण रहे मौजूद

# बाबू लाल मंराडी होंगे झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

बाबू लाल मंराडी को झारखंड भाजपा विधायक दल का नेता चुना गया है। मरांडी अब विधानसभा में नेता विपक्ष की जिम्मेदारी संभालेंगे। रांची में आयोजित एक बैठक के दौरान, मरांडी को सर्वसम्मति से विधायक दल का नेता चुना गया। मरांडी झारखंड भाजपा अध्यक्ष भी हैं। उनकी नियुक्ति राज्य में अपने नेतृत्व को मजबूत करने के लिए पार्टी के रणनीतिक प्रयास के बीच हुई है। फैसले से पहले, भाजपा संसदीय बोर्ड ने बुधवार को पार्टी के विधायक नेता के चुनाव की निगरानी के लिए दो केंद्रीय पर्यवेक्षकों की घोषणा की थी। केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव और भाजपा ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. के लक्ष्मण (सांसद) को इस प्रक्रिया की निगरानी ▸▸ शेष पेज 5 पर



### प्रदेश अध्यक्ष की दौड़ में दास आगे

मरांडी की जगह अब भाजपा प्रदेश संगठन की कमान किसको सौंपेगी, यह देखना रोचक होगा। रघुवर दास इस दौड़ में सबसे आगे बताए जा रहे हैं। जमशेदपुर ईस्ट से विधायक पूर्णिमा साहू भी नेता प्रतिपक्ष बनने की कोशिश में थी। लेकिन रघुवर की बहू होने की वजह से वे सफल नहीं हो पायीं। कहा जा रहा है कि भाजपा का शीर्ष नेतृत्व दो बड़े पदों पर एक ही परिवार के दो सदस्यों को नियुक्त नहीं करना चाहता है। 2014 में राज्य की शिक्षा मंत्री भी बनी थी। राजनीति में आने से पहले नीरा यादव महिला कॉलेज में बतौर प्रोफेसर कार्यरत थी।

ओम बिरला ने श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स के बिजनेस कॉन्क्लेव को संबोधित किया

# भारत के युवा विश्व में नवाचार और अनुसंधान में अग्रणी भूमिका निभाएंगे : लोक सभा अध्यक्ष

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत के ऊर्जावान और दूरदर्शी युवा पूरी दुनिया में इनोवेशन और रिसर्च में अग्रणी भूमिका निभाएंगे। उन्होंने भारतीय महिलाओं की अद्वितीय शक्ति और सामर्थ्य की सराहना करते हुए कहा कि भारत की प्रगति और विकास में महिलाएं सबसे आगे हैं। इस बात का उल्लेख करते हुए कि आज महिलाएं व्यापक अवसरों का लाभ उठाते हुए विभिन्न क्षेत्रों में नेतृत्व कर रही हैं, अध्यक्ष महोदय ने आशा व्यक्त की कि निकट भविष्य में वे देश में पथप्रदर्शक के रूप में उभरेंगी। बिरला ने दिल्ली विश्वविद्यालय के सुप्रसिद्ध श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स द्वारा आयोजित बिजनेस कॉन्क्लेव में छात्रों और अन्य आमंत्रित व्यक्तियों को संबोधित करते हुए ये विचार साझा किए।



कम उम्र से ही दूरदृष्टि विकसित करने के महत्व पर ज़ोर देते हुए, बिरला ने देश की उन्नति को गति देने में युवाओं की अपरिहार्य भूमिका के बारे में बात की। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि भारत के युवा और महिलाएं अपनी बुद्धिमता और कड़ी मेहनत से पूरी दुनिया में परिवर्तनकारी बदलाव लाएंगे। अपने निजी अनुभवों को साझा करते हुए ▸▸ शेष पेज 5 पर

रक्षा मंत्रालय के उपक्रम टीसीएल ने स्वदेशी आधार पर विकसित किया यह महत्वपूर्ण उत्पाद

घरेलू स्तर पर उत्पादन होने से लागत घटेगी, आयात निर्भरता कम होगी

# 'एमएससीएन' जादुई नेट करेगा दुश्मन के रडार से लड़ाकू विमानों और तोप की रक्षा

कविता जोशी ▸▸ नई दिल्ली

तेजी से बदलते तकनीक के दौर में जहां भविष्य की लड़ाइयां बेहद जटिल होती जा रही हैं। दुश्मन की नजर से अपने अस्त्र-शस्त्रों को छिपाकर महफूज रखना बेहद मुश्किल हो गया है। उस वक्त पर रक्षा मंत्रालय के कानपुर स्थित उपक्रम ट्रूप कम्फर्टस लिमिटेड (टीसीएल) ने 'मल्टी स्पेक्ट्रल कैमोफ्लॉज नेट' (एमएससीएन) नामक एक ऐसा महत्वपूर्ण अनुसंधान किया है। जो किसी जादू से कम नहीं है। क्योंकि इसका प्रयोग करने के बाद लड़ाकू विमान, तोप जैसे बड़े हथियारों से ▸▸ शेष पेज 5 पर



फाइल फोटो

### रामबाण बनी स्टेल्थ तकनीक

सूत्रों ने बताया कि एमएससीएन मूलरूप से एक कपड़े का नेट है, जिसमें स्टेल्थ तकनीक की प्रधानता है। इसका प्रयोग देश के अलग-अलग भागों में मौजूद सशस्त्र सेनाओं (सेना, वायुसेना) के मारक हथियारों और अन्य जरूरी आयुधों को ढकने के लिए किया जाएगा। नेट की खास बात यह है कि इसके जरिए दुश्मन के रडार या अन्य खोजी उपकरणों ▸▸ शेष पेज 5 पर

**स्वदेशी आधार पर किया विकास:** टीसीएल ने इस नेट को देश के अंदर स्वदेशी आधार पर विकसित किया है। पूर्व में आयुध फैक्ट्री बोर्ड (ओएफबी) द्वारा प्रत्यक्ष रूप से इसकी सेनाओं को सप्लाई की जाती थी। लेकिन सेनाएं कभी इसे ओएफबी से लेती थीं तो कभी बाहर से आयात किया जाता था। दोनों ही स्थितियों में सेनाओं की मांग की पूरी तरह से पूर्ति की समस्या बनी हुई थी। लेकिन अब इसका घरेलू स्तर पर विकास होने से एक तो उत्पाद पर आने वाली कुल लागत घटेगी और दूसरा विदेशों पर ▸▸ शेष पेज 5 पर

### ब्रेक पैराशूट का निर्यात करेगी टीसीएल

सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमान की लैंडिंग के वक्त उसे रोकने के लिए प्रयोग किए जाने वाले ब्रेक पैराशूट को टीसीएल ने रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) द्वारा किए गए तकनीक हस्तांतरण (टीओटी) के जरिए विकसित किया है। पहले इनका रूस से आयात किया जाता था। लेकिन अब देश में इसका विकास करने के बाद टीसीएल को एक अन्य देश द्वारा ब्रेक पैराशूट को खरीदने के लिए कुल करीब 60 लाख रुपए का ऑर्डर दिया गया है। इसकी एडवांस पेमेंट आ गई है, जल्द ही इसका निर्यात किया जाएगा।

खबर संक्षेप

## दो बांग्लादेशी नागरिक डिपोर्ट किये

**नई दिल्ली।** पंजाबी बाग थाने की मादीपुर चौकी पुलिस ने दो बांग्लादेशी नागरिकों को डिपोर्ट कर वापस भेजा है। इन दोनों बांग्लादेशी नागरिकों के नाम सजल मियां और मोहम्मद अली बताये गये हैं। दोनों वीजा अवधि समाप्त होने के बाद भी अवैध रूप से भारत में रुके हुए थे। डीसीपी विचित्र वीर के अनुसार भारत में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी नागरिकों की पहचान करने और उन्हें डिपोर्ट करने के हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। इन प्रयासों को जारी रखते हुए पश्चिमी जिले के सभी पुलिस स्टेशनों में अलग से टीमों का गठन किया गया है। हाल ही में पंजाबी बाग क्षेत्र में रह रहे दो बांग्लादेशी नागरिकों सजल मियां और मोहम्मद अली के बारे में सूचना मिली थी। पूछताछ में पता चला कि वे वर्क वीजा पर भारत आए थे, लेकिन अपने वीजा की अवधि समाप्त होने के बाद भी अवैध रूप से भारत में रुके हुए थे। दोनों व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया गया और उचित प्रक्रिया का पालन करते हुए एक को डिपोर्ट कर दिया गया तथा दूसरे को हिरासत केंद्र में भेजा गया है।

## 75 वर्षीय बुजुर्ग की संदिग्ध हालात में मौत

**नई दिल्ली।** मालवीय नगर थाना इलाके के पंचशील विहार इलाके में बुधवार देर रात एक 75 वर्षीय बुजुर्ग की संदिग्ध हालात में मौत का मामला सामने आया है। एक कमरे की अलमारी भी खुली पाई गई। इससे लूट की आशंका जताई जा रही है। पुलिस, क्राइम टीम और एफएसएल टीम ने भी मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिये एम्स भिजवाया गया है। पुलिस का कहना है कि यह हत्या है या कुछ और इसका खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट से होगा। पुलिस के अनुसार मृतक प्रेम साउथ दिल्ली के पॉश इलाके पंचशील विहार में रहते थे। उनकी बॉडी कमरे के अंदर जमीन पर पड़ी हुई पाई गई। शुरुआती जांच में बॉडी पर किसी तरह की बाहरी चोट के निशान नहीं मिले हैं। कमरे के अंदर की अलमारी भी खुली हुई पाई गई है। यह मामला लूट के दौरान हत्या का है इसकी अभी पुलिस की तरफ से पुष्टि नहीं की गई है। साउथ डिस्ट्रिक्ट के एडिशनल डीसीपी अचिन गर्ग भी मौके पर पहुंचे। पुलिस आसपास के इलाके में लगे कैमरों के फुटेज भी खंगाल रही है। इसके साथ ही स्थानीय लोगों से भी पूछताछ की जा रही है। पुलिस का कहना है कि मौत की असली वजह पीएम रिपोर्ट के बाद ही सामने आएगी।

## जुआ रैकेट का भंडाफोड़ 15 लोगों को दबोचा

**नई दिल्ली।** सागरपुर पुलिस ने क्षेत्र में चल रहे जुआ रैकेट का पर्दाफाश किया है। इस सिलसिले में कुल 15 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। इनसे दांव पर लगे करीब 36 हजार रुपये भी बरामद किये गये हैं। स्पेशल स्टाफ की टीम को रैकेट के बारे में सूचना मिली थी। 5 मार्च को इंस्पेक्टर विजय बालियान के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। टीम ने सूचना पर छापेमारी की और आयोजक सहित 15 व्यक्ति जुआ खेलते हुए दबोच लिये। पकड़े गये लोगों के नाम मनोज गुप्ता, मनोज, राहुल, अंकित गुप्ता, शाहरूख, नितिन माहेश्वरी, धीरज मेहतो, दिलशाद, बब्बू, उमाशंकर, अंकुश, दिलशाद, सुमित, अमित शर्मा और मनोज कुमार पता चलें हैं।

## इमारत के भूमिगत तल में लगी आग

**नई दिल्ली।** मध्य दिल्ली के दरियागंज इलाके में गुरुवार दोपहर एक इमारत के भूमिगत तल में आग लग गई। दिल्ली अग्निशमन सेवा विभाग की कई गाड़ियां मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। इस घटना में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं मिली है। दमकल विभाग के अनुसार दोपहर तीन बजकर 30 मिनट पर दरियागंज में एक इमारत के भूमिगत तल में आग लगने की सूचना मिली थी। इसके बाद दमकल की आठ गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। इमारत के भूमिगत तल में बैटरियां रखी हुई थी। कई घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। इस दौरान एहतियातन आसपास की बिल्डिंगों को भी खाली करवा लिया गया था।

### शादियों में हुई चोरी के तीन मामलों को सुलझाया

# 'बैंड बाजा बारात' गिरोह के चार सदस्य चढ़े क्राइम ब्रांच के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली और आसपास के इलाकों में महंगी शादियों में घुसकर चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले 'बैंड बाजा बारात' गिरोह का भंडाफोड़ कर पुलिस ने एक नाबालिग को हिरासत में लिया तथा तीन अन्य लोगों को गिरफ्तार किया है। इस गिरफ्तारी से शास्त्री पार्क, स्वरूप नगर और जीटीबी एन्क्लेव में शादियों में हुई चोरी के तीन मामलों को सुलझाया गया है। पुलिस ने बताया कि मध्यप्रदेश के राजगढ़ जिले का यह गिरोह शादी वाली जगहों से नकदी और आभूषण चोरी करता था।

डीसीपी क्राइम ब्रांच अपूर्वा गुप्ता के अनुसार यह गिरोह शादियों में घुसकर मेहमानों के साथ घुलमिल जाने में माहिर था। आरोपी शादी में इस तरह शामिल होते थे जैसे उन्हें आमंत्रित किया गया हो। वे अच्छे कपड़े पहनते थे और खाना खाने के बाद सही समय का मौका तलाशते थे। मौका मिलते ही वे दूल्हा या दुल्हन पक्ष के उपहार, आभूषण और नकदी से भरे बैग चुरा लेते थे। चोरी के तुरंत बाद वह कार्यक्रम स्थल से गायब हो जाते थे। दिल्ली-एनसीआर की शादियों में चोरी की कई घटनाओं के बाद पुलिस इनके पीछे लगी थी।

- दो लाख 14 हजार रुपये नकद, एक मोबाइल फोन और चांदी के कई आभूषण बरामद

विभिन्न विवाह स्थलों से सीसीटीवी फुटेज का गहन विश्लेषण करने और 'बैंक्वेट हॉल' तथा फार्महाउस पर मुखबिरों को तैनात करने के बाद चोरों की पहचान की जा सकी। गिरोह की सबसे बड़ी चाल थी कि वह नाबालिगों से चोरियां कराते थे। जांच में खुलासा हुआ कि गिरोह का सरगना गांव में रहने वाले बच्चों के माता पिता को बहलाता फुसलाता था और उनसे बच्चों को काम दिलवाने की एवज में 10 से 12 लाख रुपये सालाना देने की पेशकश करता था। इसके बाद नौ से 15 वर्ष की उम्र वाले इन बच्चों को दिल्ली लाया जाता था और उन्हें बिना किसी की नजर में आये चोरी करनी सिखायी जाती थी। इसके अलावा उन्हें शादी में आये मेहमानों से घुलने मिलने, गोपनीय तरीके से काम करने और पकड़े जाने पर शांत रहना भी सिखाते थे। पुलिस को गिरोह की गतिविधियों के बारे में सूचना मिली थी जिसके बाद शास्त्री पार्क मेट्रो डिपो के पास ट्रैप लगाकर नाबालिग समेत चार आरोपियों को पकड़ा गया। तीन आरोपियों के नाम अज्जू (24), कुलजीत (22) और कालू छायल (25) बताये गये हैं। ये सभी मध्यप्रदेश के रहने वाले हैं। इनके पास से दो लाख 14 हजार रुपये नकद, एक मोबाइल फोन और चांदी के कई आभूषण बरामद किए गये हैं।

# अधिक रिटर्न का झांसा देकर 40 लाख की ठगी करने वाले दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दक्षिण-पश्चिम जिले के आरकेपुरम इलाके में निवेश पर अधिक रिटर्न का झांसा देकर एक व्यक्ति से लगभग 40 लाख रुपये की ठगी करने वाले दो जालसाजों को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपियों के नाम कुलदीप कुमार (22) और रंजय सिंह (32) बताये गये हैं। 'शेयर' और आईपीओ निवेश संबंधी सुझाव देने वाले सोशल मीडिया के एक 'ग्रुप' से जुड़ने के बाद ठगी की गई थी।

डीसीपी सुरेंद्र चौधरी के अनुसार 40 लाख रुपये की धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज कराई गई थी। इसके बाद दक्षिण-पश्चिम जिले के साइबर थाने की टीम द्वारा जांच शुरू की गई। खुलासा हुआ कि धोखाधड़ी की गई राशि में से चार लाख रुपये 'फ्लाईअप सॉल्यूशंस' नामक निजी बैंक खाते में ट्रांसफर किए गए थे। वह खाता उत्तर प्रदेश के जौनपुर निवासी रंजय का था। इसके अलावा बालाजी 'ट्रेडिंग कंपनी' के नाम से एक अन्य बैंक खाते में भी 9.30 लाख रुपये जमा हुये थे। 10 फरवरी को पुलिस ने राजस्थान के जयपुर में कई ठिकानों पर छापेमारी की और कुलदीप को गिरफ्तार किया। जांच में सामने आया कि कुलदीप ने अपने दोस्त राकेश कुमार के नाम से बैंक खाता खुलवाया था। इसके बाद सह आरोपियों को इसकी जानकारी दी थी, जिससे उसे दो लाख रुपये कमीशन मिला था। रंजय को भी गिरफ्तार किया गया। इसकी कपड़ों की दुकान भी है। पूछताछ के दौरान उसने बैंक खाता खोलने और उसे सह आरोपी कवराज सिंह को बेचने की बात स्वीकार की, जिसके लिए उसे 50 हजार रुपये का कमीशन मिला था। पुलिस कवराज का पता लगाने का प्रयास कर रही हैं। टीमें अलग अलग जगहों पर छापेमारी कर रही है।

# आजादी की थीम पर बने अमृत बायोडायवर्सिटी पार्क का लोकार्पण आज

सत्यप्रकाश ⏭ नई दिल्ली

- 1857 के विद्रोह से लेकर दांडी मार्च की झलक देखने को मिलेगी

दिल्ली के लोगों को आज शुक्रवार को राजधानी में एक और बायोडायवर्सिटी पार्क मिल जाएगा जिसका लोकार्पण उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना करेंगे। यमुना किनारे बनाए गए अमृत बायोडायवर्सिटी पार्क को लेकर लंबे समय से विकास कार्य किया जा रहा था। दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) राष्ट्रमंडल खेल गांव के पास यमुना तट पर अमृत बायोडायवर्सिटी पार्क को तैयार करने में युद्धस्तर पर जुटा हुआ था। आजादी की थीम पर बनाया गया लगभग 90 हेक्टेयर में फैले पार्क में जहां लोगों को हरियाली और शांति भरा माहौल मिलेगा, वहीं यह पार्क स्वतंत्रता संग्राम का प्रतिबिंब भी साबित होगा। इस परियोजना से जुड़े डीडीए के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इस पार्क में भारत की आजादी की जंग यानी 1857 के विद्रोह से लेकर दांडी मार्च तक की झलक देखने को मिलेगी। इस बारे में अधिकारी ने बताया कि पार्क में आजादी से जुड़ी कई ऐतिहासिक घटनाओं का यहां बेहतरीन तरीके से चित्रण किया गया है। इस पार्क को तैयार ही आजादी की थीम पर किया गया है। अमृत बायोडायवर्सिटी पार्क को आजादी की थीम पर तैयार किया जा रहा है। पार्क में 1857 विद्रोह, दांडी मार्च, चंपारण सत्याग्रह, संथाल विद्रोह और नेताजी सुभाष चंद्र बोस के नेतृत्व में आजाद हिंद फौज के संघर्ष युक्त महान घटनाओं का चित्रण देखने को मिलेगा। इनका प्रतिनिधित्व पौधों की मूर्तियों और उपयुक्त वनस्पति के माध्यम से किया गया है। अधिकारी ने बताया कि वहीं दूसरी तरफ पार्क में 30 हेक्टेयर में छह जलाशय बनाए गए है, जिसमें कई प्रकार की प्रजाति के पक्षियों को रखा गया है। अधिकारी ने बताया कि यह सही है कि कई दिक्कतों के चलते इसमें देरी हुई, लेकिन अब यह लोगों के लिए तैयार हो गया है। अधिकारी ने बताया कि भारत की आजादी के अमृत महोत्सव के तहत डीडीए ने अमृत बायोडायवर्सिटी पार्क तैयार करने के लिए राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया था।

### पार्क में कुल 12 किमी लंबा पैदल मार्ग बनाया

डीडीए के अधिकारी ने बताया कि पार्क में कुल 12 किमी लंबा पैदल मार्ग बनाया गया है। पार्क में प्रवेश के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग-नौ और खेल गांव की ओर सहित दो द्वार बनाए है, जिनको प्लाजा का नाम दिया है। डीडीए ने भूमिगत जलस्तर व पार्क में पानी की कमी को दूर करने के लिए यहां करीब 30 हेक्टेयर में छह जलाशय बनाए गए है। लोगों को चारों तरफ हरियाली, मनमोहक खुशबू, खिलखिलाते रंग बिरंगे फूलों के नजारे देखने को मिले इसके लिए डीडीए ने करीब 30 हजार पौधे लगाए है। वातावरण साफ सुथरा और मन का लुभाने वाला रहे इसके लिए एलाइसम, डहेलिया, बबूने, नीलकूपी सहित अन्य प्रजाति के पौधे लगाए है। यह पार्क दिल्ली वालों के साथ ही एनसीआर से आने वाले लोगों को भी अपनी तरफ आकर्षित करने में कोई कमी नहीं छोड़ेगा।

# भारत आस्ट्रेलिया मैच पर सट्टा लगाने वाले दो बुकी अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



क्राइम ब्रांच की एनडीआर टीम ने क्रिकेट मैच सट्टेबाजी रैकेट का भंडाफोड़ किया है। इस सिलसिले में दो सट्टेबाजों को गिरफ्तार किया गया है। यह लोग भारत ऑस्ट्रेलिया चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल मैच पर सट्टा लगाते हुए पकड़े गये। इनके पास से सट्टेबाजी में इस्तेमाल उपकरणों का विशाल भंडार भी जब्त किया गया है।

डीसीपी आदित्य गौतम के अनुसार दिल्ली में चल रहे क्रिकेट सट्टेबाजी रैकेट का सफलतापूर्वक भंडाफोड़ किया है। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के मैचों पर अवैध सट्टेबाजी में शामिल दो व्यक्तियों को सलाखों के पीछे भेजा गया है। गिरफ्तार व्यक्तियों के नाम परवीन कोचर (55) निवासी सुभाष नगर और संजीव कुमार (55) निवासी सुभाष नगर, टैगोर गार्डन है। एसआई अनुज कुमार को परवीन कोचर के नेतृत्व में एक संगठित सट्टेबाजी सिंडिकेट चलाये जाने की जानकारी मिली थी। इनपुट के आधार पर 4 मार्च को इंस्पेक्टर राकेश कुमार के नेतृत्व में एक टीम द्वारा सेक्टर 23, द्वारका में छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान दो व्यक्तियों को लैपटॉप और मोबाइल फोन का उपयोग करके लाइव सट्टा लगाते हुए पकड़ा गया। परिसर से विभिन्न इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और सट्टेबाजी सामग्री भी जब्त की गई। ऑपरेशन के समय आरोपी भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच सेमीफाइनल मैच पर सट्टा लगा रहे थे, जो दोपहर 2:30 बजे शुरू हुआ था। पूछताछ में पता चला कि परवीन कोचर ने विनय नामक एक सहयोगी के माध्यम से लकी डॉट कॉम (एक सट्टेबाजी वेबसाइट) से एक मास्टर आईडी खरीदी थी। फिर उसने एक सुपर मास्टर आईडी बनाई और खिलाड़ियों (पंटरों) को सट्टेबाजी आईडी बेची। सिंडिकेट ने कुल सट्टे की राशि पर प्रति लेनदेन 3 प्रतिशत कमीशन कमाया। डायरेक्ट कॉल के माध्यम से ऑफलाइन सट्टा भी लगाया जाता था। सट्टेबाजी के संचालन के लिए परवीन कोचर ने अपने नाम से 35 हजार रुपये प्रति माह के हिसाब से फ्लैट किराए पर लिया था। यह सिंडिकेट पिछले दो सालों से इस अवैध सट्टेबाजी का संचालन कर रहा था। मैच के दिनों में, प्रतिदिन लगभग 1.5 लाख का लेन-देन होता था। इसमें हर दिन 30 हजार से 40 हजार के बीच लाभ/हानि होती थी। परवीन कोचर इसका मास्टरमाइंड था।

- सट्टेबाजी में इस्तेमाल उपकरणों का विशाल भंडार किया जब्त

## विश्व को प्राकृतिक आपदाओं के प्रकोप से बचाने के लिए श्री शतचंडी महायज्ञ में श्रद्धालुओं का तांता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

विश्व को प्राकृतिक आपदाओं के प्रकोप व मानव प्राणी को नाना प्रकार के कष्टों से मुक्ति दिलाने के लिए बाहरी दिल्ली के नजफगढ़ (नाहरगढ़) में 9 दिवसीय विशाल श्री शतचण्डी महायज्ञ में श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। जाफरपुर कलां रावता मोड स्थित श्री राधा कृष्ण मन्दिर में अंतर्राष्ट्रीय महात्यागी खालसा के श्री महंत एवम महामण्डलेश्वर श्री राम गोविंद दास महात्यागी महाराज के पावन सानिध्य मे 30 वें श्री शतचण्डी महायज्ञ का आयोजन चल रहा है। महात्यागी महाराज ने श्रद्धालुओं को अमृत प्रवचन देते हुए कहा कि समस्त पृथ्वी पर प्राकृतिक आपदाओं का कहर तभी बरसता है जब हम प्रकृति से खिलवाड़ करते है। अत हम मनुष्य जाती को चाहिए कि वह किसी भी रूप में प्रकृति से दुश्मनी नहीं करें, बल्कि मित्रता बनाकर रखें। उन्होंने महायज्ञ के संदर्भ में बताया कि शास्त्रों के अनुसार देव लोक के आशीर्वाद से होने वाले महायज्ञों से ऐसी अपार व अदृश्य शक्ति का संचार होता है जो महाप्रलय की भी दिशा बदलने की क्षमता रखती है। उसी के प्रभाव से प्राकृतिक आपदाओं से समस्त प्राणियों की जीवन रक्षा भी होती है। महाराज ने लोगों से आह्वान करते हुए कहा कि इस महायज्ञ में सभी को अपनी तरफ से आहुति अर्पित करनी चाहिए। क्योंकि शास्त्र के अनुसार ऐसे महायज्ञों में अर्पित की गई आहुतियों के प्रभाव से सर्वत्र प्राणियों के कल्याण का मार्ग प्रशस्त होने के साथ साथ मानव जीवन को हानि पहुँचाने वाली प्रतिरोधात्मक शक्तियों का भी विनाश होता है। महायज्ञ में नेताओं के अलावा भारी संख्या दूर दूर से श्रद्धालु पहुंच रहे है।

## डीजेबी ने द्वारका की कई सोसाइटियों को वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को लेकर उठाए सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) द्वारा द्वारका क्षेत्र में बसी कई सोसाइटियों को वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम आदि से जुड़े विसंगतियों को लेकर नोटिस भेजे गए है। इन नोटिसों के मिलने के बाद स्थानीय लोगों में खासी नाराजगी देखी जा रही है। क्योंकि लोगों का कहना है कि डीजेबी के कहने व प्रेरित करने के बाद ही अधिकांश सोसाइटियों ने वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को अपनाया था। लेकिन अब डीजेबी ने नोटिस भेजकर वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को लगाने पर ही एक तरह से सवाल खड़े कर दिए है। जानकारी अनुसार डीजेबी ने द्वारका की 100 से ज्यादा विभिन्न सोसायटियों को नोटिस भेजकर कहा है कि आप बारिश के पानी को बचाने के लिए तय नियमों का पालन नहीं कर रहे है। जिसके चलते कई जगह सोसायटियों के सिस्टम में एफ-कोलीसार्म' नाम का खतरनाक बैक्टीरिया (कीटाणु) मिला है। वही डीजेबी ने यह भी कहा कि कई सोसायटियों में तो वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम काम ही नहीं करता। इसके लिए डीजेबी ने जो नोटिस भेजे हे उसमें लिखा गया है कि अगर इन्हें सही नहीं किया तो अगले 15 दिन में सोसायटी का पानी का कनेक्शन काट दिया जाएगा। ऐसे नोटिस पर द्वारका फेडरेशन के अध्यक्ष अजीत स्वामी ने का आरोप लगाया कि यहां सभी ने डीजेबी के अनुसार ही सिस्टम लगाए है। वहीं डीजेबी ने वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टमपर पहले दी जा रही छूट को बंद कर दिया, जोकि गलत है। वहीं अन्य सोसायटियों का कहना है कि यह बैक्टीरिया सीवरेज के पानी से आता है और सीवर लाइनें तो डीजेबी ही संभालती है।

### सोसायटियां सही नियमों का पालन नहीं कर रही

डीजेबी का कहना है कि सोसायटियां सही नियमों का पालन नहीं कर रही है। पिछले साल बारिश का पानी बचाने के लिए जो सिस्टम लगे हैं, उनमें सिर्फ छत का पानी ही इस्तेमाल किया जाएगा, बाकी गंदा पानी अलग रखना था। लेकिन सोसायटियों में अलग अलग नहीं बल्कि एक ही जगह बारिश का पानी जमीन में पहुंचाया। डीजेबी की इस दलील पर लोगों का कहना है कि छत के पानी को बाकी पानी से अलग करना मुश्किल और महंगा है।

## सम्मान समारोह में कार्यकर्ताओं से मिली सीएम रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता गुरुवार को अपनी विधानसभा शालीमार बाग में कार्यकर्ता सम्मान समारोह में पहुंची और इस दौरान सीएम ने कार्यकर्ताओं से मिली। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने सीएम का जबरदस्त तरीके से स्वागत किया। जिसका वीडियो सीएम रेखा गुप्ता ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर शेयर किया। सीएम ने एक्स पर कार्यकर्ताओं का हौसला बढ़ाते हुए लिखा कि शालीमार बाग के वार्ड नंबर 55 में आयोजित कार्यकर्ता सम्मान समारोह के दौरान देवतुल्य कार्यकर्ता बंधुओं से मिलकर और राधे-कृष्ण की भक्ति में डूबकर मेरा मन दिव्य एवं प्रफुल्लित हो उठा। आपकी असीमित ऊर्जा, दिल्ली के विकास के प्रति आपकी दृढ़ प्रतिबद्धता ने मुझे विशेष रूप से प्रभावित किया।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 (2) (ii) Cr. P.C. देखें**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **काजल (पत्नि)** मुकेश, **निवासी** ई-52, भरत विहार, बेगमपुर, दिल्ली ने **FIR. No. 725/2015 U/s 33 Delhi Excise Act, थाना: बेगमपुर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **काजल** मिल नही रही है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **काजल** फरार हो गई है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रही है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR. No. 725/2015 U/s 33 Delhi Excise Act, थाना: बेगमपुर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **काजल** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **09.04.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
वसुंधरा छौंकर
एसीएमएम (उत्तर पश्चिम), कमरा नं. 101
प्रथम तल, रोहिणी कोर्ट, नई दिल्ली

DP/2786/RD/2025
Court Matter

### महापौर महेश कुमार ने स्वास्थ्य अधिकारियों की ली बैठक

# अवैध होटलों व रेस्टोरेंटों पर कार्रवाई के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



महापौर महेश कुमार ने गुरुवार को निगम के जनस्वास्थ्य विभाग से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर निगम स्वास्थ्य अधिकारी एवं सभी 12 क्षेत्रों के उप स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ एक अहम बैठक की। इस बैठक में समीक्षा के दौरान महापौर ने जनस्वास्थ्य विभाग अवैध स्पा सेंटर,अवैध रेस्टोरेंट एवं जगह जगह अवैध रूप से खुले ओयो होटल के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस बैठक में उपमहापौर रविंद्र भारद्वाज, नेता सदन मुकेश गोयल, निगम स्वास्थ्य अधिकारी डॉ लल्लन राम वर्मा सहित सभी अधिकारी उपस्थित थे। महापौर महेश ने कहा जनस्वास्थ्य विभाग को दिल्ली नगर निगम के राजस्व को और बढ़ाने के लिए कदम उठाने की आवश्यकता है। जबकि अवैध रूप से चल रहे स्पा सेंटरों, ओयो होटल एवं अवैध रेस्टोरेंट के कारण संबंधित क्षेत्रवासियों को विभिन्न प्रकार की कठिनाइयों एवं असुविधाओं का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि अवैध रेस्टोरेंट बिना किसी मंजूरी एवं लाइसेंस शुल्क दिए चलाए जाते हैं जिस कारण निगम को राजस्व की हानि होती है। उन्होंने बैठक में उपस्थित जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि एक कार्ययोजना बना कर इन सभी अवैध स्पा सेंटर, ओयो होटल एवं अवैध रेस्टोरेंट के ऊपर कड़ी कार्रवाई करें। महापौर ने कहा कि निगम की आम आदमी पार्टी सरकार दिल्ली के नागरिकों को बेहतर सेवा देने के लिए प्रतिबद्ध है। आप सरकार का उद्देश्य निगम के राजस्व में बढ़ोतरी करके उसे काफी हद तक आत्मनिर्भर बनाना है ताकि दिल्लीवासियों की भलाई के कार्यों के निर्वहन में किसी भी प्रकार की कठिनाई न आए।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद हांसी | वार्ड नं. 27 में सैनी बिस्किट बेकरी से संजय और सिकंदर सैनी के मकान तक गली का निर्माण + 2 कार्य। | 01.03.2025 10.03.2025 | 1.04 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 7015778071 eomchansi@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2025/40/32661/I/88/7 दि. 06.03.25

**खबर संक्षेप**

### सड़क, सीवर का गुणवत्तापूर्ण कार्य जल्द किया जाए पूराः रविंद्र

**नई दिल्ली।** समाज कल्याण विभाग मंत्री रविंद्र इंद्राज ने गुरुवार को बवाना के सेक्टर 24 सर्विस रोड पर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया और बेगमपुर वार्ड में विकास कार्यों का निरीक्षण किया। मंत्री रविंद्र ने सेक्टर 24 सर्विस रोड पर निर्माण कार्य में श्रमिकों के साथ कार्य कर उनका उत्साह बढ़ाया और सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश दिये। रविंद्र ने कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने 30 अप्रैल तक दिल्ली की सभी सड़कों के लगभग 7000 गड्ढे भरने और 20 लाख वर्ग मीटर सड़क में पैच कार्य करने का कार्य तेजी व गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा करने के निर्देश दिये हैं। इसी क्रम में बवाना की सड़कों के मरम्मत व निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए गए हैं। रविन्द्र ने कहा कि दिल्ली सरकार, पूर्व सरकार के लचर रवैये से ख़राब हुई सड़कों को दुरुस्त करने का काम मिशन मोड में कर रही है।

### अंबेडकर विश्वविद्यालय छात्र परिषद चुनाव में 13 सीटों पर जीती एबीवीपी

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने डॉ. बी.आर. अंबेडकर विश्वविद्यालय दिल्ली में हुए छात्र परिषद चुनाव में 13 सीटों पर विजय प्राप्त की, जिनमें से 11 प्रत्याशी निर्विरोध चुने गए। एबीवीपी का मानना है कि यह नतीजे स्पष्ट रूप से दर्शाते हैं कि विश्वविद्यालय में छात्रों के मध्य रहकर वर्ष भर कार्य करने वाले विद्यार्थी परिषद को प्रबल समर्थन मिल रहा है। एबीवीपी समर्थित उम्मीदवारों ने छात्र हितों, शिक्षा सुधार और राष्ट्रवादी मूल्यों को लेकर चुनाव प्रचार किया और छात्रों का विश्वास जीतने में सफल रहे। एबीवीपी के प्रांत मंत्री सार्थक शर्मा ने इस जीत पर कहा कि यह केवल एक चुनावी जीत नहीं, बल्कि संगठन में राष्ट्रवादी विचारधारा की स्वीकार्यता का प्रतीक है।

### ठंडी हवाओं से लुढ़का पारा, पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी का दिखा असर

नई दिल्ली। दिल्ली में मौसम करवट लेने के बाद दूसरे दिन भी ठंडी तेज हवाएं चलने से पारे में गिरावट दर्ज हुई। प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र दिल्ली (आईएमडी) के अनुसार गुरूवार को अधिकतम न्यूनतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो इस मौसम के सामान्य तापमान से 2.4 डिग्री सेल्सियस नीचे है। जबकि न्यूनतम तापमान 11.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो इस मौसम के सामान्य तापमान से 1.6 डिग्री सेल्सियस नीचे है। वहीं दिल्ली में सबसे कम न्यूनतम तापमान लोधी रोड और आया नगर में 9.6 डिग्री सेल्सियस के रूप में दर्ज हुआ। यह आंकड़ा लंबे समय बाद सिंगल डिजिट में पहुंचा है। वहीं सबसे अधिकतम तापमान रिए एरिया में 25.4 सेल्सियस देखने को मिला। आईएमडी के अनुसार अब मौसम फिर से करवट लेने की ओर अग्रसर होता दिखाई दे रहा है। अनुमान है कि शुक्रवार से पारा चढ़ने लगेगा और आने वाले तीन चार दिनों में अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस को पार कर जाएगा।

## सीएम रेखा गुप्ता ने औद्योगिक संगठनों के साथ की बैठक

# व्यापार को आसान बनाने के लिए सभी सुविधाएं मुहैया कराएगी दिल्ली सरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली






दिल्ली में व्यापार करना आसान बनाने के दिल्ली सरकार सभी सुविधाएं मुहैया कराएगी। यह बात गुरुवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली के व्यापार और औद्योगिक संगठनों के सदस्यों से संवाद करते हुए कही। गौरतलब है कि गुरुवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली के व्यापार एवं औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ विकसित बजट पर दिल्ली विधानसभा में आयोजित संवाद कार्यक्रम में विस्तृत विचार-विमर्श किया। इस संवाद सत्र में दिल्ली के विभिन्न व्यापार एवं औद्योगिक संगठनों के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और उन्होंने बजट से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर अपने सुझाव दिए। इस कार्यक्रम के दौरान सीएम रेखा गुप्ता के साथ सांसद प्रवीण खंडेलवाल भी शामिल रहे। चर्चा के दौरान पिछली सरकार द्वारा लागू की गई अव्यावहारिक नीतियों, इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास, सफाई, शौचालय की उपलब्धता, मूलभूत सुविधाओं की दिक्कतों, प्रदूषण आदि सम्बंधित विषयों को मुख्य रूप से औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधियों द्वारा उठाया गया।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि हमें खुशी है कि इतनी कम अवधि में निमंत्रण मिलने पर भी आज दिल्ली के व्यापार एवं औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने हमारे साथ मिलकर विकसित दिल्ली बजट का प्रारूप तैयार करने के लिए अपने सुझाव और अपेक्षाओं को साझा किया। उन्होंने बताया कि दिल्ली के राजस्व को बढ़ाने के लिए हमारे व्यापार एवं औद्योगिक संगठन मुख्य भूमिका निभाते हैं। हमारी सरकार की यह कोशिश रहेगी कि संवाद के दौरान उठाए गए मुद्दों पर आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

यह जरूरी है कि हम दिल्ली के व्यापार एवं औद्योगिक संगठनों की अपेक्षाओं और जरूरतों को समझ कर कार्य करें।

### पिछली सरकार करती रही सिर्फ दर्द का प्रचार, हमारी सरकार करेगी उपचारः रेखा

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछली सरकार केवल दर्द का प्रचार करती रही लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारी सरकार उस दर्द का उपचार करेगी। और हमारे संकल्प पत्र में किए गए सभी वादों को हम पूरी तत्परता और ईमानदारी से पूरा करेंगे। इस संवाद कार्यक्रम का उद्देश्य दिल्ली के नागरिकों का साथ उनकी समस्याओं पर चर्चा कर उनके जीवन स्तर में सुधार लाना और बजट को उन सभी वर्गों की जरूरतों के मुताबिक बनाना है। अपनी सरकार के संकल्प के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि हमारी सरकार की नीति और नियत दोनों साफ़ है। दिल्ली सरकार दिल्ली और दिल्ली वालों के चहुंमुखी विकास को लेकर कृतसंकल्पित है। हमारा उद्देश्य है की यह बजट दिल्ली की जनता को कई बड़ी सौगात दे और उनके जीवन में और खुशहाली लेकर आ सके।

### विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने सदन समितियों का किया गठन

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने गुरुवार को विधानसभा की औपचारिक रूप से कार्य मंत्रणा समिति एवं गैर सरकारी सदस्यों के विधेयकों एवं संकल्पों संबंधी समिति का गठन वर्ष 2024-2025 के लिए किया है। ये समितियां विधानसभा कार्यों के सुचारू संचालन और सार्थक चर्चाओं को सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। विधानसभा अध्यक्ष द्वारा गठित कार्य मंत्रणा समिति जो सदन की कार्यसूची निर्धारित करने और चर्चाओं को सुव्यवस्थित करने का कार्य करती है। इस समिति में अध्यक्ष समेत 9 सदस्य होंगे। इस समिति के अध्यक्ष स्वयं अध्यक्ष हैं। और समिति के सदस्यों में विधानसभा के उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट और विधायक आहिर दीपक चौधरी, जितेंद्र महाजन, ओम प्रकाश शर्मा, राज कुमार चौहान, सोम दत्त, सुरेंद्र कुमार और सूर्य प्रकाश खत्री शामिल हैं।

वहीं गठित गैर सरकारी सदस्यों के विधेयकों एवं संकल्पों संबंधी समिति उन विधेयकों एवं संकल्पों की समीक्षा और विचार-विमर्श का कार्य करती है, जो निजी सदस्यों द्वारा प्रस्तुत किए जाते हैं। इस 9 सदस्यीय समिति के सभापति अध्यक्ष हैं और सदस्यों में विधायक अभय वर्मा, अमानतुल्लाह खान, अनिल कुमार शर्मा, अरविंदर सिंह लवली,पूनम शर्मा, प्रेम चौहान, संजय गोयल और श्याम शर्मा शामिल हैं।

## शनिवार और रविवार को भी खुले रहेंगे एनडीएमसी के संपत्ति कर जमा काउंटर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

करदाताओं की सुविधा के लिए और लंबित बकाया राशि जानने तथा अपने संपत्ति कर दायित्वों की पूर्ति के संबंध में अपने रिकॉर्ड को अपडेट करने के लिए टैक्स अधिकारियों के साथ बातचीत करने का पर्याप्त अवसर प्रदान करने के लिए, नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) ने मार्च 2025 के महीने में सामान्य कार्य दिवसों से अलावा भी प्रत्येक शनिवार और रविवार को अपने संपत्ति कर संग्रह काउंटरों के साथ-साथ टैक्स कार्यालय खोलने का निर्णय लिया है। एनडीएमसी ने घोषणा की है कि पालिका मुख्यालय में टैक्स विभाग, संसद मार्ग स्थित पालिका केंद्र और नई दिल्ली क्षेत्र में विभिन्न स्थानों गोल मार्केट, आरके पुरम और संसद मार्ग पर तीन टैक्स कलेक्शन काउंटर संपत्ति कर जमा करने के लिए वित्तीय वर्ष 2024-2025 के अंतिम चरण के कारण मार्च 2025 में सामान्य कार्य दिवसों से अलावा भी किसी भी प्रत्येक शनिवार और रविवार को खुले रहेंगे।

एनडीएमसी ने भुगतान जमा करने के लिए तीन भुगतान जमा काउंटर निर्धारित किए हैं जिनमें गोल मार्केट में शहीद भगत सिंह प्लेस कैश काउंटर, आरके पुरम में पालिका भवन कैश काउंटर और संसद मार्ग पर पालिका केंद्र कैश काउंटर है। इन काउंटरों पर एनडीएमसी क्षेत्र के निवासियों / सेवा उपयोगकर्ताओं / बिजली और पानी के उपभोक्ताओं से उनके बकाया बिजली और पानी के बिलों और एस्टेट संपत्तियों के भुगतान के बकाया को भी स्वीकार / जमा करेंगे। एनडीएमसी ने सभी नागिरकों को सलाह दी है कि वे अंतिम समय की भीड़ से बचने के लिए संग्रह काउंटरों के बंद होने के अंतिम घंटों को इंतजार किए बिना समय रहते अपने संपत्ति कर, बिजली, पानी के बिल और एस्टेट बकाया जमा करने की योजना बना लें। इसके अलावा, एनडीएमसी क्षेत्र के निवासी अपनी सुविधा के अनुसार ऑनलाइन मोड के माध्यम से भी अपना भुगतान कर सकते हैं। एनडीएमसी अपने अधिकार क्षेत्र में लगभग 15,600 संपत्तियों पर टैक्स की देखरेख करती है, जिनमें लगभग 1,600 सरकारी संपत्तियां और लगभग 14,000 निजी संपत्तियां शामिल हैं। इनमें से 1,000 संपत्तियां कराधान से मुक्त हैं। फरवरी 2024-25 के मध्य तक 9,600 टैक्स योग्य संपत्तियों से 807 करोड़ रुपये एकत्र किए गए हैं, जबकि इस वित्तीय वर्ष के लिए टैक्स जमा करने की अंतिम तिथि 31 मार्च निर्धारित की गई है।

### एनडीएमसी का लक्ष्य है संपत्ति कर से 1,150 करोड़ रुपए एकत्र करना

एनडीएमसी का लक्ष्य 2024-25 में संपत्ति कर से 1,150 करोड़ रुपये एकत्र करना है, जबकि 2023-24 में 1,030 करोड़ रुपये एकत्र किए गए थे। एनडीएमसी ने पाया है कि कम से कम 3,200 करदाताओं ने बार-बार नोटिस के बावजूद लगातार तीन वर्षों से लगभग 200 करोड़ रुपये का कर नहीं चुकाया है। नतीजतन, एनडीएमसी ने उन्हें रिमाइंडर और कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं, जिसमें उनसे तुरंत अपने वैध बकाया का भुगतान करने या कार्रवाई का सामना करने का आग्रह किया गया है।

## आयुष्मान भारत के लिए इस महीने से शुरू होगा पंजीकरण : पंकज

*दिल्ली सरकार जल्द ही इस योजना को लागू करने के लिए केंद्र के साथ एक समझौता ज्ञापन पर करेगी हस्ताक्षर*

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री पंकज सिंह ने बृहस्पतिवार को घोषणा की है कि आयुष्मान भारत योजना के लिए पंजीकरण प्रक्रिया आठ मार्च के बाद शुरू होगी जो राष्ट्रीय राजधानी में स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सिंह ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि दिल्ली सरकार जल्द ही इस योजना को लागू करने के लिए केंद्र के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर करेगी। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि शहर की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली में बुनियादी बदलाव 100 दिनों के भीतर दिखायी देंगे। मंत्री ने अस्पताल के बिस्तरों के आवंटन और ईडब्ल्यूएस कोटे की सख्त निगरानी पर जोर दिया और कहा कि पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए दो नोडल अधिकारियों की नियुक्ति हुई है। उन्होंने आश्वासन दिया कि दिल्ली के किसी भी सरकारी अस्पताल में दवाओं की कमी नहीं होगी। दिल्ली की पूर्ववर्ती आम आदमी पार्टी (आप) सरकार की आलोचना करते हुए सिंह ने दावा किया कि करीब 2,500 मोहल्ला क्लीनिक केवल कागजों पर ही थे और किराये के खर्च का दुरुपयोग किया जा रहा था। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने के लिए ऐसे क्लीनिक बंद करने का आदेश पारित किया गया है। सिंह ने यह भी बताया कि दिल्ली में लगभग 20 प्रतिशत बच्चों का जन्म अस्पतालों के बाहर होता है तथा सरकार संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देकर इस आंकड़े को सुधारने का लक्ष्य रखती है। उन्होंने कहा कि जल्द ही शहर के बाहरी इलाकों में सचल 'डेंटल वैन' तैनात की जाएगी, ताकि वंचित आबादी को चिकित्सा सेवाएं प्रदान की जा सकें। मंत्री ने चेतावनी देते हुए कहा कि गलत काम करने के दोषी पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

## 'सभी अस्पतालों में तैनात होंगे एमडी और एमएस'



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री ने सरकारी अस्पतालों के डायरेक्टर और मेडिकल सुपरिटेंडेंट के साथ की समीक्षा बैठक

दिल्ली के सभी सरकारी अस्पतालों में मेडिकल डायरेक्टर और मेडिकल सुपरिटेंडेंट तैनात किए जाएंगे। किसी के पास भी अतिरिक्त अस्पताल की जिम्मेदारी नहीं होगी। यह बात गुरुवार को दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने एक उच्चस्तरीय बैठक करने के बाद कही।

गौरतलब है कि दिल्ली सचिवालय में गुरुवार को स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज कुमार ने स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर करने को लेकर बैठक की। इस बैठक में दिल्ली के सभी सरकारी अस्पतालों के मेडिकल डायरेक्टर और मेडिकल सुपरिटेंडेंट के साथ-साथ दिल्ली के लोक निर्माण, खाद्य सुरक्षा, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभागों के संबंधित वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। मंत्री ने इस दौरान स्वास्थ्य विभाग को कहा कि लोकल परचेजिंग को बढ़वा न दे। लोगों को सस्ती दवाओं सुलभता से मिले इसके के लिए उन्होंने प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना को भी प्रमोट करने की बात कही। बैठक के दौरान मंत्री ने अधिकारियों से पिछले वर्षों में स्थानीय कंपनियों से खरीदी गई दवाओं की रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा। वहीं स्वास्थ्य मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के मरीजों के इलाज में कोई समझौता नहीं होना चाहिए। इस को ध्यान में रखते हुए मंत्री ने आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के रोगियों के लिए सभी अस्पतालों को कहा कि सरकार द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार ईडब्ल्यूएस कैटेगरी के मरीजों का समुचित इलाज करें।

## सीएम ने स्कूलों में पेयजल संकट और सड़कों को ठीक करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को अपनी विधानसभा शालीमार बाग के वार्ड 55 में निरीक्षण के दौरान स्कूलों में पीने के पानी का संकट, सड़कों पर गंदगी और खराब सड़कों की स्थिति को देखकर अधिकारियों को जनसमस्याओं के त्वरित समाधान हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस बात की जानकारी सीएम ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर दी। सीएम ने एक्स पर लिखा कि आज शालीमार विधानसभा के वार्ड 55 में निरीक्षण के दौरान स्कूलों में पेयजल संकट, सड़कों पर गंदगी और खराब सड़कों की स्थिति को देखकर अधिकारियों को जनसमस्याओं के त्वरित समाधान हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। दिल्ली के हर घर, हर मोहल्ले तक सड़क, पानी और सफाई की दुरुस्त व्यवस्था पहुंचाना हमारा ध्येय है, जिसे सुनिश्चित करने के लिए दिल्ली सरकार सदैव कृतसंकल्पित हैं।


### सभी पार्षद, संगठन निर्माण के साथ जारी रखेंगे जनता की सेवा : राय

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी के सभी पार्षद संगठन निर्माण के साथ जनता की सेवा भी जारी रखेंगे। यह बात गुरुवार को आप के दिल्ली प्रदेश संयोजक गोपाल राय ने कही। गौरतलब है कि गुरुवार को गोपाल राय, नेता विपक्ष आतिशी और एमसीडी प्रभारी दुर्गेश पाठक के पार्टी के सभी पार्षदों के साथ बैठक कर विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान संगठन निर्माण को लेकर पार्षदों के सुझाव भी लिए गए। गोपाल राय ने कहा कि संगठन निर्माण की प्रक्रिया के तहत अब तक प्रदेश, विधानसभा, फ्रंटल संगठनों के पदाधिकारियों और चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों के साथ बैठक हो चुकी है। राय ने बताया कि इस बैठक में हम लोगों ने खासकर दो बिंदुओं पर गौर किया। पहला, संगठन के निर्माण में पार्षदों के सुझाव लिए गए हैं। दूसरा, पार्षद अपने वार्ड में जनता के काम को कैसे आगे बढ़ाएंगे और नई परिस्थितियों में एमसीडी के अंदर अपनी भूमिका मजबूती से निभाएंगे। इस पर चर्चा की। आम आदमी पार्टी के पार्षद संगठन निर्माण के साथ-साथ जनता की सेवा जारी रखेंगे।

## दिल्ली मेट्रो ने की एक और उपलब्धि हासिल

# गोल्डन लाइन पर सुरंग का कार्य हुआ पूरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) ने एक और कामयाबी हासिल करते हुए चरण चार के तहत गोल्डन लाइन (तुगलकाबाद-एरोसिटी कॉरिडोर) पर किशनगढ़ और वसंत कुंज स्टेशन के बीच एक भूमिगत टनल का निर्माण पूरा कर लिया है। इस मौके पर केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य एवं ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल, आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के राज्यमंत्री तोखन साहू और डीएमआरसी के प्रबंध निदेशक डॉक्टर विकास कुमार सहित अन्य मौजूद थे। आज बनकर तैयार हुई सुरंग के बाद इस लाइन पर शेष कार्य में और तेजी आएगी। गुरुवार सुबह वसंत कुंज स्टेशन पर टनल बोरिंग मशीन (टीबीएम) ने 1550 मीटर लंबी टनल की खुदाई पूरी करते ही यह सफलता हासिल की। इस बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए डीएमआरसी कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन के प्रधान कार्यकारी निदेशक अनुज दयाल ने बताया कि गोल्डन लाइन पर इस सुरंग का निर्माण पूरा हो गया है। इस कार्य के लिए एक विशालकाय करीब 91 मीटर लंबी टीबीएम का उपयोग किया गया। एरोसिटी-तुगलकाबाद कॉरिडोर के हिस्से के रूप में इस खंड पर आवाजाही के लिए ऊपर और नीचे दो समानांतर गोलाकार सुरंगों का निर्माण किया जा रहा है। दूसरी समांतर टनल का कार्य आगामी जून 2025 में पूरा होने की संभावना है। उन्होंने बताया कि इस नई टनल का निर्माण लगभग 23 मीटर (न्यूनतम गहराई 15.7 मीटर और अधिकतम 30.2 मीटर) की औसत गहराई पर किया गया है। टनल में लगभग 1107 रिंग लगाए गए हैं, जिनका आंतरिक व्यास 5.8 मीटर है। टनल का निर्माण ईपीबीएम (अर्थ प्रेशर बैलेंसिंग मेथड) की सिद्ध तकनीक का उपयोग करके किया गया है, जिसमें प्रीकास्ट टनल रिंग से बनी कंक्रीट लाइनिंग है। उन्होंने बताया कि इन टनल रिंग को मुंडका में स्थापित एक पूरी तरह से मशीनीकृत कास्टिंग यार्ड में कास्ट किया गया। कंक्रीट सेंगमेंट को शीघ्र मजबूती प्राप्त करने के लिए स्टीम क्योरिंग सिस्टम से मजबूती प्रदान की गई।

### 30 सितंबर को शुरू किया गया था टनल का काम

उन्होंने बताया कि टनल का कार्य 30 सितंबर 2023 को शुरू किया गया था और इसमें खड़ी ढलान के साथ-साथ अभ्रक और कठोर चट्टानों से युक्त भूविज्ञान की विभिन्न चुनौतियों का सामना करना पड़ा। टनल के निर्माण के दौरान मौजूद संरचनाओं के नीचे सभी आवश्यक सुरक्षा सावधानियां बरती गईं। आस-पास की संरचनाओं पर लगे अत्यधिक संवेदनशील उपकरणों से ज़मीन की गतिविधियों पर नजर रखी गई, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कहीं भी कोई नुकसान न हो। उन्होंने बताया कि फेज़-चार के स्वीकृत कार्य के तहत, 40.109 कि.मी .भूमिगत लाइनों का निर्माण किया जा रहा है। एरोसिटी-तुगलकाबाद कॉरिडोर में कुल 19.343 कि.मी. भूमिगत खंड हैं। उन्होंने बताया कि टीबीएम एक ऐसी मशीन है जिसका उपयोग मिट्टी और चट्टानी विभिन्न परतों के माध्यम से क्रॉस-सेक्शन वाली गोलाकार सुरंगों की खुदाई करने के लिए किया जाता है। इन्हें कठोर चट्टानों से लेकर रेत तक किसी भी चीज को भेदने के लिए डिज़ाइन किया जा सकता है। टीबीएम ने दुनिया भर में टनल बनाने के कार्य में क्रांति ला दी है, जिससे इमारतों और अन्य सतही संरचनाओं को नुकसान पहुंचाए बिना सुरंग खोदी जा सकती है।

## आम आदमी पार्टी ने हार से नहीं सीखा सबक : बिधूड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ जनता द्वारा ठुकराए जाने के बाद भी जारी है नौटंकी

दक्षिण दिल्ली से भाजपा सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा है कि आम आदमी पार्टी ने दिल्ली में करारी हार के बाद भी कोई सबक नहीं सीखा है। नई सरकार के आरंभिक कदमों का अभिवादन करने की बजाय उन्होंने फिर से अपनी वहीं नौटंकी शुरू कर दी है जिसके कारण जनता ने उन्हें ठुकराया है।

बिधूड़ी ने कहा कि भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दिल्ली की जनता के लिए जो संकल्प लिए हैं, उन सभी को पूरा किया जाएगा। बिधूड़ी ने कहा कि दिल्ली की भाजपा सरकार ने दो सप्ताह से भी कम समय में कई क्रांतिकारी कदम उठाए हैं। आयुष्मान भारत योजना लागू कर दी गई है, यमुना की सफाई का काम शुरू कर दिया गया है, बारिश के सीजन से बहुत पहले ही नालों की सफाई शुरू कर दी गई है, सड़कों की मरम्मत शुरू हो गई है और कानून-व्यवस्था तथा ट्रेफिक जाम जैसी समस्याओं पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने स्वयं दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। पीने के पानी, गर्मी में बिजली की निर्बाध आपूर्ति और स्कूलों में प्रवेश पर भी बैठकें आयोजित करके इस दिशा में काम शुरू किया जा चुका है। प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए पहली अप्रैल से पुराने वाहनों को पेट्रोल पंपों से ईंधन देने पर प्रतिबंध लगाने का बड़ा फैसला लिया है।

**खबर संक्षेप**

### वीजा के नाम पर युवती से 38 हजार ठगे

**गुरुग्राम।** सेक्टर-40 थाना एरिया में दुबई का वीजा व टिकट के नाम पर युवती से 38,210 रुपए ठगे जाने का मामला सामने आया है। युवती का आरोप है कि उसके साथ काम करने वाले सहकर्मी व उसके दोस्त ने वारदात को अंजाम दिया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी। दी शिकायत में रोहतक निवासी दीपिका ने कहा कि ग्रुरुग्राम में रहती है और सेक्टर-32 स्थित एक कंपनी में काम करती है।




### रुपए चुराने के मामले में दो भाइयों को किया काबू

**फरीदाबाद।** शादी समारोह में चोरी करने वाले दो सगे भाइयों को क्राइम ब्रांच की टीम ने काबू किया। पुलिस ने आरोपियों को अदालत में पेश गया। जहां उन्हें दो दिन का पुलिस रिमाण्ड पर लिया गया। जानकारी के अनुसार चंद्र पाल नामक व्यक्ति ने पर्वतीय कॉलोनी पुलिस चौकी में शिकायत दर्ज कराई थी कि उनके लड़के की शादी में शादी खर्च के 275000 रुपए लेकर वह एयर फोर्स रोड स्थित गार्डन में थे।



### वाहन चोरी के मामले में आरोपी को दबोचा

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच एनआईटी की टीम ने मोटरसाइकिल चोरी के मामले में आरोपी बिट्टु उर्फ बातुल को गिरफ्तार किया है। थाना सेंट्रल में 19 दिसम्बर 2024 को अमजद अली निवासी तिलपत ने दी अपनी शिकायत में बताया की उसने मोटरसाइकिल को मॉल के बाहर खडी की थी। जब उसने वापिस आकर देखा, तो उसे मोटरसाइकिल वहां नही मिली। जिसकी शिकायत थाना सेंट्रल में दी थी। पुलिस थाना सेंट्रल में चोरी की धाराओं में मामला दर्ज किया गया था।




# काशी विश्वनाथ मंदिर और उज्जैन के महाकालेश्वर की तर्ज पर दुधेश्वरनाथ मंदिर का जीर्णोद्वार शुरू

## कॉरिडोर का कार्य पर्यटन विभाग उत्तर प्रदेश के सहयोग से किया जा रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

ऐतिहासिक श्रीदूधेश्वर नाथ मठ महादेव मंदिर कॉरिडोर के प्रथम चरण में मुख्य द्वार व यात्री निवास निर्माण का कार्य गुरुवार को शुरू हो गया। पिछले दिनों उत्तर प्रदेश सरकार ने इस कॉरिडोर बनाकर मंदिर का काशी के विश्वनाथ मंदिर व उज्जैन के महाकालेश्वर की तर्ज पर जीर्णोद्वार करने का निर्णय लिया था। इसी के अंतर्गत निर्माण कार्य शुरू हुआ है।

मंदिर के महंत नारायण गिरी ने बताया कि ऐतिहासिक श्री दूधेश्वर नाथ मठ महादेव मंदिर से गाजियाबाद की देश ही नहीं पूरे विश्व में पहचान है। मंदिर में लंका नरेश रावण के पिता से लेकर रावण तथा छत्रपति शिवाजी महाराज तक पूजा-अर्चना कर चुके हैं। उन्होंने बताया कि मंदिर की ऐतिहासिकता को देखते हुए केंद्र व उत्तर प्रदेश की सरकार ने कॉरिडोर बनाकर मंदिर का काशी के विश्वनाथ मंदिर व उज्जैन के महाकालेश्वर की तर्ज पर जीर्णोद्वार करने का निर्णय लिया था। कॉरिडोर के तहत मुख्य द्वार के निर्माण का कार्य शुरू हो गया है। यात्री निवास का कार्य भी शुरू होने जा रहा है। कॉरिडोर का कार्य पर्यटन विभाग उत्तर प्रदेश के सहयोग से किया जा रहा है। निर्माण कार्य शुरू कराने के लिए मंदिर समिति के मुख्य संरक्षक जूना अखाड़े के अंतरराष्ट्रीय संरक्षक एवं अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के महामंत्री श्रीमहंत हरि गिरि महाराज व मंदिर के पीठाधीश्वर श्री पंच दशनाम जूना अखाडा के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता, दिल्ली संत महामंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष व हिंदू यूनाइटिड फ्रंट के अध्यक्ष श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ का आभार व्यक्त किया। महंत नारायण गिरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ के नेतृत्व में अयोध्या में श्रीराम जन्म भूमि पर भगवान राम का भव्य मंदिर बना और 500 वर्ष के बाद रामलला विराजमान हुए। आज अयोध्या का भव्य मंदिर पूरे विश्व में धर्म व आध्यात्म का प्रमुख केंद्र बन गया है। देश भर में प्रमुख मंदिरों के जीर्णोद्वार व सौंदर्यकरण का कार्य किया जा रहा है।





### कॉरिडोर बनने से पयर्टन को मिलेगा बढ़ावा

श्री दूधेश्वर नाथ मठ महादेव मंदिर ऐतिहासिक व सिद्धपीठ है। इस मंदिर की स्थापना खुद लंकापति रावण के पिता ऋषि विश्रवा ने की थी। रावण भगवान दूधेश्वर की पूजा करने के लिए आता था। छत्रपति शिवाजी महाराज ने मंदिर में पूजा-अर्चना करने के साथ मंदिर का जीर्णोद्वार भी कराया था। महाराजश्री ने कहा कि मंदिर की बहुत अधिक मान्यता होने से यहां विश्व भर से श्रद्धालु पूजा-अर्चना करने के लिए आते हैं। मंदिर में कॉरिडोर बनने से जहां उत्तर प्रदेश में पयर्टन को बढ़ावा मिलेगा और धर्म व आध्यात्म की पताका फहराएगी, वहीं बडी संख्या में लोगों को रोजगार भी मिलेगा।

### महिला सफाई मित्र, सेल्फ हेल्प समूह और एनजीओ से जुड़ी महिलाओं को स्वच्छता के प्रति किया जागरुक

# महिलाओं को सशक्त बनाना ही लक्ष्य, गृहणी अपने घर से देती हैं स्वच्छता का संदेशः मेहता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 मद्देनजर नगर निगम सेल्प हेल्प समूह से जुड़ी की महिलाओं अथवा महिला सफाई मित्रों को जागरूक करने के लिए अभियान चलाया गया है। गुरुवार को अभियान में निगम के सभागार में सेमिनार का आयोजन किया गया। निगम के टेक्निकल एडवाइजर एवं रिटायर्ड चीफ इंजीनियर अनिल मेहता, स्वच्छता मिशन की नोडल एक्सपर्ट कल्पना सिंह मंडल और स्वच्छता मिशन के एक्सपर्ट आश्रय की देखरेख में सभी महिलाओं को जागरूक किया गया।

निगम के रिटायर्ड चीफ इंजीनियर एवं टेक्निकल एडवाइजर अनिल मेहता ने जानकारी देते हुए कहा कि महिलाएं ही स्वच्छता सर्वेक्षण में अहम भूमिका निभाती हैं। उन्होंने कहा की ठोस कचरा और गीला कचरा को अपने घर पर ही अलग-अलग डस्टबिन में डालकर शुरुआत की जा सकती हैं। महिलाओं को यहां प्रतिबंधित पॉलीथिन के बारे में भी जानकारी दी गई।

स्वच्छता मिशन में कार्य के रहे जेई अंकित गोयल ने जानकारी देते हुए बताया की महिलाओं को सशक्त बनाना ही लक्ष्य है क्योंकि गृहणी ही अपने घर से स्वच्छता का संदेश अपने घर से दे सकती है। जिससे समाज में जागरूकता आ सके। इस मौके पर सफाई मुख्यालय से सफाई निरीक्षक बिशन तेवतिया भी मौजूद रहे।

**घर के आसपास साफ-सफाई रखें** | **स्वच्छता का संदेश अपने घर से दें** | **ठोस व गीला कचरा अलग अलग डस्टबिन में डालें**



## प्रतिबंधित पॉलीथिन और गंदगी फैलाने पर नगर निगम सख्त अलग अलग मामलों में पिछले 64 दिन में किए 2272 चालान

**फरीदाबाद।** नगर निगम फरीदाबाद द्वारा अलग-अलग जोन में सफाई विभाग द्वारा खुले में गंदगी फैलाने और प्रतिबंधित पॉलीथिन सहित पिछले 64 दिनों में 2272 चालान किए। स्वच्छता सर्वेक्षण मिशन को पूरा करने के लिए सभी जोन में स्वच्छता अभियान चलाए जा रहे हैं। इसी दिशा में नगर निगम कमिश्नर ए मोना श्रीनिवास के मार्गदर्शन में फरीदाबाद नगर निगम द्वारा भी लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है और नियम तोड़ने वाले लोगों पर कार्रवाई भी की जा रही है। नगर निगम के सफाई मुख्यालय से प्राप्त जानकारी के मुताबिक सफाई विभाग ने अलग-अलग जोन में अपनी टीम के माध्यम से गार्बेज के 491, बर्निंग के 84, डेरी के 91 डस्टबिन के 16 मीट शॉप के 127 और अन्य चालान किए गए है। निगम द्वारा गंदगी फैलाने और अन्य कई प्रकार के चालान समय-समय पर किए गए हैं। सफाई मुख्यालय के निरीक्षक बिशन तेवतिया ने बताया कि ये चालान लगभग 18 लाख से ज़्यादा के हैं। आगे भी यह अभियान जारी रहेगा। नगर निगम द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण के मद्देनजर लोगों से अपील की है कि खुले में जगह-जगह कूड़ा न डालें और प्रतिबंधित पॉलिथीन के प्रयोग से बचे, ताकि फरीदाबाद शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाया जा सके।

> शहरवासियों से निगम की अपील, शहर को स्वच्छ बनाने में करें सहयोग

### रिटायर्ड कर्मचारी संघ की मीटिंग संपन्न

## 11 मार्च को सरकार की कर्मचारी विरोधी नीतियों के खिलाफ देंगे एक दिवसीय धरना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

रिटायर्ड कर्मचारी संघ जिला फरीदाबाद की मीटिंग प्रधान नवल सिंह नरवत की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिला सचिव लज्जाराम द्वारा संचालित मीटिंग में फैसला लिया गया कि केंद्रीय कमेटी के आह्वान पर 11 मार्च को कुरुक्षेत्र में सरकार की कर्मचारी विरोधी नीतियों के खिलाफ एक दिवसीय धरना दिया जाएगा। जिला फरीदाबाद के रिटायर्ड कर्मचारी इस धरने में बढ़-चढ़कर भाग लेंगे।

गुरुवार को मीटिंग में नवनियुक्त जिला प्रभारी आशा शर्मा, राज्य के उपाध्यक्ष यूएम खान व सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान करतार सिंह जागलान ने संबोधित करते हुए बताया कि रिटायर्ड कर्मचारी संघ ने उपायुक्त कार्यालय पर प्रदर्शन किया। कमिश्नरी ऑफिस पर एक दिन का धरना दिया, सभी सत्ताधारी व विपक्षी नेताओं, विधायकों, सांसदों, सत्ता में बैठे मंत्रियों को व मुख्यमंत्री को सभी को ज्ञापन दिए, लेकिन सरकार के कान पर जू तक नहीं रेंगती। जिसे लेकर रिटायर्ड कर्मचारियों में भारी रोष है रिटायर्ड कर्मचारियों की मुख्य मांगे हैं कि कोमूट की गई पेंशन की राशि को 10 वर्ष 8 माह के बाद काटना बंद किया जाए। पेंशनर्स को 65 वर्ष की आयु पर 10 प्रतिशत व 75 वर्ष की आयु पर 20 प्रतिशत की बेसिक वृद्धि दी जाए, मेडिकल भत्ता 3000 मासिक बिना शर्त के दिया जाए एवं कैशलेस मेडिकल सुविधा प्रदान की जाए। कोरोना काल के 18 महीने का महंगाई भत्ते का बकाया एरिया दिया जाए, पारिवारिक पेंशनर्स को एलटीसी की सुविधा दी जाए वरिष्ठ नागरिकों को एसी व वोल्वो निजी बसों, रेलवे एवं हवाई जहाज यात्रा में किराए में रियायत सुविधा दी जाए।

कर्मचारी द्वारा 6 माह से अधिक सरकारी सेवा करने के बाद सेवा निवृत होने पर एक वेतन वृद्धि दी जाए, रिटायर्ड पीटीआई, ड्राइंग टीचर को उनकी 10 साल के नियमित सेवा का पूरा लाभ दिया जाए, कोऑपरेटिव स्थानीय निकाय व मान्यता प्राप्त स्कूलों के रिटायर्ड कर्मचारियों को न्यूनतम पेंशन 20000 दी जाए। प्रेस सचिव सत्यपाल नरवत ने कहा की सरकार मांगों को पूरा नहीं करती है तो आंदोलन करेंगे।

तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

### राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन होगा

## 8 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए जजों के बनाए गए 7 बेंचः रीतू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फरीदाबाद द्वारा जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फरीदाबाद संदीप गर्ग के कुशल मार्गदर्शन और मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी-सह-सचिव रीतू यादव के सक्षम नेतृत्व में की देखरेख, में जिला अदालत सेक्टर 12 में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। राष्ट्रीय लोक अदालत में लोगों की आपसी सहमति से केसों के निपटान के लिए अदालत में 7 बेंच लगाए गए हैं। वहां निपटारा आपसी सहमति से किया जाने पर व्यक्ति अपने अपने कैस के फैसले से संतुष्ट होते हुए खुशी-खुशी अपने घर जाते हैं। सीजेएम रीतू यादव ने बताया ने बताया कि लोक अदालत में केस का फैसला होने पर जिसकी सुप्रीम कोर्ट तक कोई अपील नहीं होती कोर्ट फीस वापस हो जाती है तथा केस का फैसला हमेशा हमेशा के लिए हो जाता है। जिससे पैसे व समय की बचत होती है और आपस में प्रेम भाव बना रहता है। बेंच फॉर वर्चुअल कोर्ट के लिए नीतिका भारद्वाज, एलडी एडिशनल सिविल जज के साथ मुकेश कुमार पैनल अधिवक्ता, सदस्य को नियुक्त किया गया है।



### नकल रहित परीक्षा करवाना प्रशासन की जिम्मेदारीः डीसी

**फरीदाबाद।** यदि कोई व्यक्ति नकल करवाते हुए पाया जाता है तो उसको पुलिस के हवाले करें। यह हमारी नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि हम इन परीक्षा को सही ढंग से होने दें, ताकि बच्चों का अच्छा भविष्य हो। यह वाक्य डीसी विक्रम सिंह ने जिला में चल रही बोर्ड परीक्षाओं को शांतिपूर्ण एवं नकल रहित संपूर्ण करवाने को लेकर कहे। डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि बोर्ड परीक्षाओं की पवित्रता बनाए रखने और नकल रहित परीक्षाओं के संचालन के लिए प्रशासन गंभीरता से कार्य कर रहा है। परीक्षा केंद्रों की जांच के लिए विभिन्न फ्लाइंग स्क्वायड का गठन किया गया है।

साथ हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की फ्लाइंग स्क्वायड भी निरंतर केंद्रों का निरीक्षण कर रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि परीक्षा में नकल करवाने व पेपर आउट होने जैसी घटनाओं में संलिप्त पाए जाने वालों को किसी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। जिला प्रशासन नकल रोकने एवं पेपर लीक के मामलों को लेकर जीरो टॉलरेंस की नीति से काम कर रहा है। डीसी ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि पुलिस अपना काम मुस्तैदी से करे और गांवों में फ्लैग मार्च निकालने के साथ लोगों को जागरूक करें।

# गर्ल फ्रेंड के चक्कर में नाबालिग ने की थी किशोर की हत्या, दो गिरफ्तार

### दोनों आरोपियों से पूछताछ में हुआ खुलासा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

साहिबाबाद थाने के असल इलाके में 13 वर्षीय किशोर रिहान हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस का दावा है कि रिहान की हत्या दो नाबालिगों (बाल अपचारी) ने गर्ल फ्रेंड की बाजी के चक्कर में की थी। एसीपी श्वेता यादव ने बताया कि थाना कि आरोपियों की निशानदेही से घटना में प्रयुक्त रक्तरंजित आलाकत्ल 01 चाकू व ईंट बरामद कर ली गई है।

उन्होंने बताया कि 4 मार्च को थाना साहिबाबाद पर वकील अल्वी पुत्र मरहूम सद्दीक निवासी बड़ी मस्जिद के पीछे ग्राम अर्थला मोहन नगर ने थाने में तहरीर दी और बताया कि 3 मार्च उसका 13 वर्षीय पुत्र रिहान दोपहर करीब 2 बजे नमाज पढ़ने गया था जो वापस नहीं आया। थाना साहिबाबाद पुलिस टीम द्वारा मैनुअल इनपुट, सीसीटीवी फुटेज के आधार पर हत्या की घटना कारित करने वाले 2 बाल अपचारी को अभिरक्षा में लिया गया एवं उनकी निशानदेही पर वादी के पुत्र रिहान का शव एवं हत्या में प्रयुक्त रक्तरंजित आलाकत्ल 01 चाकू व ईंट, मृतक रिहान की टोपी, चप्पल, सादा व खूनालूदा मिट्टी एवं नाबालिगों की खूनालूदा शर्ट तथा खूनालूदा प्लास्टिक का कट्टा बरामद किया था। दोनों से पूछताछ करने पर यह तथ्य प्रकाश में आए कि एक बाल अपचारी कक्षा-10 में चौधरी विशन सिंह स्कूल रामनगर अर्थला में पढ़ता है तथा मृतक रिहान जो कैलाशवती स्कूल में कक्षा-9 में पढ़ता था। वो करीब डेढ़ वर्ष से एक लड़की से बात करता था, पिछले 8-10 माह से बाल अपचारी भी उसी लड़की से इंस्टाग्राम पर बात करने लगा और वो बाल अपचारी को बहुत अच्छी लगने लगी। इस बारे में मृतक रिहान को बाल अपचारी ने बताया और उसको समझाया कि वो उस लड़की से बात न करे परंतु मृतक रिहान नहीं माना और लगातार ये उस लड़की से बातचीत करता रहा। इसी बात को लेकर बाल अपचारी ने ठान लिया था कि मौका मिलते ही रिहान को रास्ते से हटा दूंगा। बाल अपचारी ने यह पूरी बात अपने दोस्त जो आदर्श जूनियर हाई स्कूल अर्थला मोहननगर में कक्षा-7 में पढ़ता है, उसको बताई फिर बाल अपचारी तथा उसके दोस्त ने मिलकर रिहान को जान से मारने की योजना बनाई। योजना के मुताबिक बाल अपचारी का दोस्त चाकू लेकर आ गया और दोनों मिलकर करीब 2 बजे नमाज के बाद रिहान को अपने साथ ले आए कि चलो हम तीनों चलकर पार्श्वनाथ वाली बिल्डिंग की छत पर चलकर इंस्टाग्राम पर वीडियो बनाकर अपलोड करेंगे। दोनों बाल अपचारी की बातों में रिहान आ गया और वह दोनों बाल अपचारी के साथ पार्श्वनाथ बिल्डिंग की छत पर चला आया फिर तीनों ने मिलकर उसी बिल्डिंग में वीडियो बनाई और मौका देखकर बाल अपचारी के दोस्त ने रिहान को पीछे से पकड़ लिया। तभी बाल अपचारी ने सामने से रिहान के माथे पर जोर से ईंट मार दी। जिससे वह बदहवास होकर जमीन पर गिर पड़ा फिर बाल अपचारी के साथी ने उसके पेट पर चाकू मारा और उसके बाद दोनों ने उसकी पहचान छिपाने के लिये ईंट से रिहान के सिर व चेहरे पर बार-बार वार किया। जिससे उसकी मृत्यु हो गई।



### मंत्री मंडाविया ने स्वस्थ जीवनशैली पर आयोजित सेमिनार को किया संबोधित

# समग्र स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए देश भर में स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने में आरोग्य भारती के प्रयासों की सराहना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

केंद्रीय श्रम और रोजगार तथा युवा कार्य और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने फरीदाबाद में ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल फरीदाबाद के सहयोग से आरोग्य भारती के स्वास्थ्य चुनौतियां और स्वस्थ जीवन शैली विषय पर एक सेमिनार में शामिल हुए। डॉ. मंडाविया ने स्वस्थ और तंदुरुस्त भारत के निर्माण में निवारक और संवर्धक स्वास्थ्य सेवा के महत्व पर बल दिया। चरक, सुश्रुत और भगवान धन्वंतरि जैसे प्राचीन भारतीय चिकित्सा अग्रदूतों के ज्ञान का हवाला देते हुए उन्होंने भारत की समृद्ध स्वास्थ्य सेवा विरासत के बारे में बताया।




### अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाओं का उद्घाटन

डॉ. मंडाविया ने ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल फरीदाबाद में तीन अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाओं का लोकार्पण किया। डिजिटल मैमोग्राफी सेवाएं, इमेजिंग के लिए डिजाईन की गई डिजिटल डिटेक्टर आधारित मैमोग्राफी मशीन, यह स्तन कैंसर का शुरुआत में ही पता लगाने और मूल्यांकन के लिए विशेष रूप से फायदेमंद है। 1000 एमए, डिजिटल रेडियोग्राफी फ्लोरोस्कोपी प्रणाली उच्च गुणवत्ता वाली एक्स-रे रेडियोग्राफी और फ्लोरोस्कोपिक-निर्देशित हस्तक्षेप के लिए एक आधुनिक नैदानिक प्रणाली, जो बीमित श्रमिकों और उनके परिवारों के लिए नैदानिक क्षमताओं को बढ़ाती है। नेक्स्ट-जेनेरेशन सीक्वेंसिंग एप्लीकेशन एक अत्याधुनिक तकनीक जो ऑन्कोलॉजी अनुसंधान, आरएन, अनुक्रमण और रोगजनक पहचान में सहायता करेगी।

### स्वास्थ्य सेवा में उद्योग जगत और पदाधिकारियों की भागीदारी

सेमिनार में डॉक्टरों, पैरामेडिक्स, मेडिकल छात्रों, औद्योगिक श्रमिकों और औद्योगिक संघों तथा आरोग्य भारती के पदाधिकारियों की सक्रिय भागीदारी देखी गई, जो निवारक स्वास्थ्य सेवा और समग्र कल्याण के प्रति साझा प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस अवसर पर ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के निदेशक डॉक्टर अनिल कुमार पांडेय ने बताया कि इस संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य श्रमिकों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाना है। उन्होंने कहा कि मजदूरों को स्वस्थ रखने के लिए इस संगोष्ठी में गहन विचार.विमर्श किया जाएगा ताकि बीमारियों की रोकथाम के लिए प्रभावी कदम उठाए जा सकें। जो भी निष्कर्ष सामने आएंगे, उन्हें श्रमिकों के हित में लागू किया जाएगा। इस संगोष्ठी में विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ, डॉक्टर और मजदूर यूनियन के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। सेमिनार में श्रमिकों के स्वास्थ्य से जुड़ी विभिन्न समस्याओं और उनके समाधान पर चर्चा की जाएगी।

# किन्नरों का गुरु बनना चाहता था संजय यादव, खुद ने ही कटवाया अपना प्राइवेट पार्ट, किन्नर समेत 3 गिरफ्तार

### मामले का पुलिस ने किया खुलासा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

थाना शहर वेव सिटी के शाहपुर बम्हैटा गांव में 42 वर्षीय व्यक्ति का प्राइवेट पार्ट काटने के मामले का पुलिस ने गुरुवार को खुलासा कर दिया है। पुलिस ने इस मामले में दो किन्नर समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस का कहना है कि यह घटना किन्नरों के गुरु बनने को लेकर हुई है। प संजय यादव खुद किन्नरों का गुरु बनना चाहता था। इस लिए उसने अपना प्राइवेट पार्ट कटवाया। इसके लिए उसने किन्नरों को रुपए भी दिए। घटना वाले दिन इस काम के लिए वह खुद भी तैयारी करके बैठा था सभी इन तीनों ने उसका प्राइवेट काट दिया और उसे लेकर फरार हो गए।

एसीपी उपासना पांडेय ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि 3 मार्च को शाहपुर बम्हैटा निवासी संजय यादव का प्राइवेट पार्ट काट दिया गया था। जिसकी सूचना उसके पुत्र प्रिंस यादव ने पुलिस को दी थी। प्रिंस यादव ने पुलिस को बताया था कि किन्नर पारो व उसके तीन-चार अन्य साथियों ने षडयंत्र रचकर कमरे में मौजूद उनके पिता को पहले नशीला पदार्थ पिलाया और उसके बाद उनका प्राइवेट पार्ट काट दिया और उसे लेकर फरार हो गए। पुलिस ने जांच पड़ताल के आधार पर घटना में शामिल शाहपुर बम्हैटा निवासी जोगेंद्र सिंह उर्फ मोहनी, शास्त्री पार्क नई दिल्ली निवासी तानिया खान उर्फ बंगालन किन्नर तथा मानसरोवर पार्क निवासी ब्रह्म सिंह उर्फ अजय भगवान को लाल कुआं के पास से गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने पुलिस को बताया कि हमारे पास में मानसरोवर पार्क में पारो नाम का किन्नर रहता है। जिसके पास काफी संपित्त है। हम लोग पारो किन्नर से क्षेत्र को लेकर दुश्मनी रखते हैं। जिसको लेकर हम लोगों ने यह योजना बनाई थी कि हम लोग ग्राम शाहपुर बम्हैटा के संजय यादव जो कि पहले से ही हमारे साथ काम करता था को अपने ग्रुप में शामिल करके अपना गुरु बनाना चाहते थे। लेकिन किन्नर समुदाय में बिना प्राइवेट पार्ट हटवाए शामिल नही हो सकता था और न ही पारो किन्नर का गुरु पद ग्रहण कर सकता था।



## खबर संक्षेप

### मिल्कीपुर के विकास के लिए खोला खजाना



**अयोध्या।** वादों पर खरा उतरने वाली प्रदेश की योगी सरकार ने मिल्कीपुर के लिए खजाना खोल दिया है। पर्यटन व सांस्कृतिक दृष्टि से मिल्कीपुर को सजाया और संवारा जा रहा है। इसी क्रम में 106.60 लाख से विकासखंड अमानीगंज के राम पट्टी में स्थित गहनाग बाबा धाम का सौंदर्यीकरण कराया जा रहा है। राम मंदिर निर्माण के बाद जिले के सभी पौराणिक स्थलों को विकसित करने का काम तेजी से चल रहा है।

### गरीबों को बसाने के बजाए उजाड़ रही सरकार



**लखनऊ।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने कांग्रेस और भाजपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की राह भाजपा सरकार पर चल रही है। गरीबों को बुनियादी सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। भाजपा सरकार ने सिर्फ वादे किए। आर्थिक नीतियों पर हवा-हवाई दावे किए जा रहा रहे हैं। मायावती ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार सिर्फ वादे करती है।

### 6 शिक्षकों की गई नौकरी, भेजा जेल



**श्रावस्ती।** बेसिक शिक्षा विभाग में शिक्षक की नियुक्तियों में भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है। यहां 6 शिक्षक फर्जी कागजों पर नौकरी करते मिले। बीएसए ने सभी को बर्खास्त कर दिया है। कार्रवाई के बाद पुलिस ने 6 में से 5 को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। विकास क्षेत्र हरिहरपुररानी, जमुनहा व सिरसिया में फर्जी अभिलेख से 6 जालसाज शिक्षक की नौकरी कर रहे थे।

# जुमे में होली के रंग से भ्रष्ट हो जाएगा धर्म तो घर से मत निकलो

## मुस्लिमों से बोले संभल सीओ अनुज चौधरी

एजेंसी ▶▶ संभल

होली और रमजान के मद्देनजर कानून-व्यवस्था को बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन अलर्ट है। पीस कमेटी की मीटिंग में सीओ अनुज चौधरी ने भी सख्त चेतावनी दी है। सीओ अनुज चौधरी ने कहा कि होली पर रंग से जिसे ऐतराज है वह घर से न निकले। जुमा साल में 52 बार आता है। जबकि होली सिर्फ एक बार आता है।

संभल में सौहार्दपूर्ण माहौल और शांति से होली और रमजान मनाने के लिए पीस कमेट की मीटिंग हुई। इस बैठक में सीओ अनुज चौधरी ने होली को लेकर कहा कि जुमा साल में 52 बार आता है, होली साल में एक बार आती है। मुस्लिम समुदाय के जिन लोगों को लगता है कि होली के रंग से धर्म भ्रष्ट हो जाएगा तो वह उस दिन घर से न निकले। अगर निकले तो इतना बड़ा दिल हो सब एक जैसे हैं रंग तो रंग है। जैसे मुस्लिम पक्ष ईद का इंतजार करता है वैसे ही हिंदू पक्ष भी होली का इंतजार करता है।

**पीस कमेटी की मीटिंग में सीओ अनुज चौधरी ने भी सख्त चेतावनी दी है। सीओ अनुज चौधरी ने कहा कि होली पर रंग से जिसे ऐतराज है वह घर से न निकले। जुमा साल में 52 बार आता है।**

मुस्लिम पक्ष ईद का इंतजार करता है वैसे ही हिंदू पक्ष भी होली का

अधिकारियों ने चन्दौसी चौराहा पर पुलिस बल को ब्रीफ किया



### होली और रमजान पर सुरक्षा कड़ी, डीआईजी ने संभाला मोर्चा

शहर में होली और रमजान के मद्देनजर कानून-व्यवस्था को परखने के लिए डीआईजी मुनिराज जी संभल पहुंचे। उनके साथ डीएम डॉ. राजेंद्र पैंसिया और एसपी कृष्ण कुमार बिश्नोई भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने चंदौसी चौराहा पर पुलिस बल को ब्रीफ किया और फिर पुलिस व पीएसी के साथ रोडवेज बस स्टैंड, अस्पताल चौराहा, छंगामल कोठी और दीपा सराय में सुरक्षा इंतजामों का जायजा लिया।

### 19 दिन बाद मिला तीन उपद्रवियों का सुराग

संभल में 24 नवंबर 2024 को हुए बवाल में कोतवाली पुलिस द्वारा चस्पा किए गए 74 उपद्रवियों के पोस्टर में से तीन उपद्रवियों की जानकारी पुलिस को मिली है। पुलिस आरोपियों के नाम और पते की तस्दीक करने में लगी है। इसके बाद ही आरोपी गिरफ्तार किए जाएंगे। सूचना देने वाले को पुलिस द्वारा इनाम भी दिया जाएगा। एसपी का कहना है कि यदि इनके बवाल में शामिल होने की पुष्टि होती है तो गिरफ्तार किया जाएगा।

## यह परियोजना जिलों के लिए मील का पत्थर साबित होगी

# योगी सरकार का बड़ा फैसला 2 और जिलों को भी मिलेगा गंगा एक्सप्रेस-वे का सीधा फायदा

एजेंसी ▶▶ मुजफ्फरनगर

राज्य सरकार के बजट में मुजफ्फरनगर जनपद को सबसे बड़ी सौगात के रूप में गंगा एक्सप्रेस-वे को देखा जा रहा है। यह फिलहाल मेरठ से प्रयागराज तक बन रहा है। इसका विस्तार हरिद्वार तक किया जाना है।

जिस तरह से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सदन में स्पष्ट किया है कि गंगा एक्सप्रेसवे को मुजफ्फरनगर में शुकतीर्थ और बिजनौर में विदुर कुटी से जोड़ा जाएगा। उससे तय है कि एक्सप्रेसवे से मीरापुर, रामराज, भोपा और मोरना क्षेत्र में आर्थिक विकास को पंख लगेंगे। साथ ही धार्मिक पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। यह परियोजना जिले के लिए मील का पत्थर साबित होगी। फिलहाल गंगा एक्सप्रेसवे का विस्तार कराने के लिए सर्वे का कार्य चल रहा है। सरकार ने इसके लिए 50 करोड़ रुपए बजट में भी आवंटित किए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ यह भी कह चुके हैं कि एक्सप्रेसवे गंगा किनारे ही बनेगा। उसका एलाइनमेंट क्या होगा, यह सर्वे पूरा होने के पश्चात ही निर्धारित किया जाएगा।

**खास बातें**

- आर्थिक विकास और धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा
- 50 करोड़ रुपए सरकार बजट में किए आवंटित



### एक छोर पर शुकतीर्थ, दूसरे पर विदुर कुटी

गंगा नदी के दाहिनी तरफ मुजफ्फरनगर जिले में शुकतीर्थ है, जबकि बाईं तरफ बिजनौर जिले में दारागंजनगर के निकट विदुर कुटी है। शुकतीर्थ से विदुर कुटी की दूरी अभी लगभग 45 किलोमीटर है। सरकार की मंशा इन दोनों ही तीर्थों को गंगा एक्सप्रेसवे से जोड़ने की है।

### आर्थिक रूप से होगा लाभ

जिले में पेपर और लोहा इंडस्ट्री के बाद सबसे बड़ा उद्योग गन्ना से जुड़े उत्पादों का है। जिले में आठ चीनी मिल हैं और सैकड़ों कोल्हू और क्रशर हैं। एक जिला एक उत्पाद में मुजफ्फरनगर का गुड़ शामिल है। यहां के गुड़ की आपूर्ति दूसरे जिलों और राज्यों में पहुंचाने के लिए वाया मुजफ्फरनगर से मेरठ अथवा दिल्ली की तरफ जाना पड़ता है। यदि एक्सप्रेसवे जिले से जुड़ता है, तो गुड़ के साथ ही अन्य उद्योगों में निर्मित उत्पादों को भी दूसरे स्थानों तक पहुंचाने में मदद मिलेगी।

### सीएम की प्राथमिकता में है पवित्र भागवत भूमि शुकतीर्थ का विकास

*पांच हजार साल पुराने पौराणिक इतिहास वाले पवित्र भागवत भूमि शुकतीर्थ का विकास मुख्यमंत्री की प्राथमिकता में शामिल है। उन्होंने शुकतीर्थ विकास परिषद का गठन बीते वर्ष किया था और शुकतीर्थ तक पतित पावनी गंगा की अविरल निर्मल धारा भी सोलानी नदी और बाण गंगा के सहारे लाई गई थी। शुकतीर्थ में लाखों लोग पहुंचकर अक्षय वट और शुकदेव महाराज के मंदिर में दर्शन लाभ प्राप्त करते हैं। दुनियाभर में इस तीर्थ की महत्ता है। गंगा एक्सप्रेसवे से जुड़ने पर धार्मिक पर्यटन और बढ़ेगा।*

### योगी सरकार 'राइज' ऐप से करेगी बच्चों के टीकाकरण की निगरानी

*यूपी सरकार ने बच्चों के नियमित टीकाकरण को बेहतर बनाने के लिए "राइज" (रैपिड इम्यूनाइजेशन स्किल एन्हांसमेंट) नामक ऐप लॉन्च किया है। इस ऐप के जरिए स्टाफ नर्स, एएनएम और हेल्थ विजिटर को डिजिटल प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिससे वे टीकाकरण प्रक्रिया को अधिक प्रभावी और व्यवस्थित तरीके से संचालित कर सकें। यह ऐप स्वास्थ्यकर्मियों को टीकाकरण प्रबंधन, टीका सुरक्षा, कोल्ड चेन प्रबंधन, टीकाकरण के बाद होने वाले प्रभाव और उन लोगों की निगरानी में मदद करेगा जो किसी कारणवश अपने बच्चों का टीकाकरण नहीं करवाते। इस पहल का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि राज्य में कोई भी बच्चा टीकाकरण से वंचित न रहे।*

## अधिकारियों ने सरयू में लगाई आस्था की डुबकी

# अयोध्या में अधिकारियों और महापौर ने महाकुंभ के अमृत जल से स्नान किया



एजेंसी ▶▶ अयोध्या

महाकुंभ के दौरान राम नगरी में आने वाली भारी भीड़ के अधिकारी प्रयागराज नहीं पहुंच सके थे, इसलिए अग्निशमन विभाग ने प्रयागराज से जल लाया था, जिससे कमीश्नर गौरव दयाल, आईजी अयोध्या प्रवीण कुमार, एसएसपी राजकरण नय्यर और महापौर गिरीश पति त्रिपाठी समेत पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों ने सरयू के बीच धारा डुबकी लगाई है। महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने कहा प्रयागराज से स्नान कर भारी संख्या में श्रद्धालु अयोध्या में पहुंच रहे थे, जिसके चलते यहां के अधिकारी और कर्मचारी महाकुंभ में स्नान नहीं कर सके थे। उनके लिए प्रयागराज से जल मंगवाया गया था, आज सभी अधिकारियों ने महाकुंभ से आए जल के साथ सरयू नदी में स्नान किया। सरयू नदी का ऐतिहासिक और पौराणिक भी महत्व है।

**सरयू नदी में स्नान का विशेष महत्व :** अयोध्याआईजी प्रवीण कुमार कहा अयोध्या में स्नान का विशेष महत्व है। महाकुंभ के दौरान अयोध्या आने वाली श्रद्धालुओं के आस्था का जनसैलाब अयोध्या आया हुआ था, पुलिस प्रशासन के साथ स्थानीय लोगों के सहयोग से श्रद्धालुओं की आस्था के अनुरूप पूजन किया। हम सभी कर्तव्य पथ पर होने के चलते महाकुंभ में स्नान नहीं कर सकते थे। मान्यता है कि सरयू नदी में प्रयागराज भी आकर डुबकी लगाते है। उसी भाव के साथ स्नान किया गया, अपार आनंद की अनुभूति हुई। आज हम सभी मां सरयू में स्नान करके पूजा अर्चना किया। कमिश्नर गौरव दयाल ने कहा अयोध्या के सभी अधिकारी मां सरयू के गोद में स्नान किया है।

क्योंकि प्रयागराज में स्नान करने का मौका नहीं मिला था, लेकिन आज यहां स्नान किया गया। सरयू नदी में बने टापू पर किया स्नान अयोध्या जनपद के सभी आलाधिकारी महाकुंभ की भांति सरयू नदी के जलधारा के बीच बने टापू पर एकत्र हुए। प्रयागराज से आए जल से अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों ने पानी का फुहारे के साथ अधिकारियों को स्नान कराया। इस दौरान इस दौरान नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा, राम जन्मभूमि एसपी सुरक्षा बलरामाचारी दुबे, अयोध्या प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अश्विनी पांडेय, एसपी ग्रामीण बलवंत चौधरी, एसपी सिटी मधुवन सिंह, सीओ आशुतोष तिवारी समेत कई अधिकारियों ने सरयू नदी में महाकुंभ के जल के साथ स्नान किया।

## पेज एक का शेष

### बारबाडोस के सर्वोच्च...

की ओर से विदेश राज्य मंत्री पबित्रा मार्गेरिटी ने बारबाडोस के ब्रिजटाउन में आयोजित एक समारोह में ग्रहण किया। कोरोना महामारी के दौरान दिए गए रणनीतिक नेतृत्व और बहुमूल्य सहायता के लिए बारबाडोस ने पीएम को अपने सर्वोच्च सम्मान से नवाजा है।

**पिछले साल की थी घोषणा:** मंत्रालय ने बताया कि पिछले साल 20 नवंबर 2024 को गुयाना के जॉर्जटाउन में दूसरे कैरिकॉम शिखर सम्मेलन का आयोजन किया गया था। जिसमें प्रधानमंत्री मोदी ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की थी। इस दौरान उनकी बारबाडोस की प्रधानमंत्री मिया अमोर मोटले से मुलाकात हुई थी। जिसमें बारबाडोस की प्रधानमंत्री ने कोरोना महामारी जैसी संकटकालीन परिस्थिति में प्रदान किए गए वैश्विक सहयोग और अपने समर्थन को मजबूत करने के लिए की गई मदद के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सराहना करते हुए उन्हें ऑनरेरी ऑर्डर ऑफ फ्रीडम ऑफ बारबाडोस से सम्मानित करने की घोषणा की थी।

**मजबूत होते संबंधों का प्रमाण:** विदेश राज्य मंत्री पबित्रा मार्गेरिटा ने कहा कि प्रधानमंत्री की तरफ से इस प्रतिष्ठित सम्मान को स्वीकार करना उनके लिए बेहद सम्मान की बात है। यह सम्मान दोनों देशों के बीच लगातार मजबूत होते संबंधों का प्रमाण प्रस्तुत करता है। साथ ही इससे खासतौर पर संकट के वक्त सहयोग और विकास को लेकर हमारी प्रतिबद्धता प्रदर्शित होती है। यह पुरस्कार दोनों देशों की स्थायी मित्रता को भी दर्शाता है। दोनों देशों के बीच वर्ष 1966 में राजनयिक संबंध स्थापित किए गए थे। इसके बाद से साझेदारी लगातार मजबूत हुई है।

**21 देशों ने पीएम को किया सम्मानित:** गौरतलब है कि प्रधानमंत्री मोदी को अब तक दुनिया के कुल करीब 21 देशों अपने सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित कर चुके हैं। इनमें अमेरिका, फ्रांस, रूस, सऊदी अरब, कुवैत, फिलिस्तीन, यूएई, अफगानिस्तान, मालदीव, बहरीन, भूटान, गुयाना और पलाऊ जैसे देश शामिल हैं।

### लखपति दीदी...

इसके अलावा पीएम मोदी सरकारी योजनाओं से 100 प्रतिशत लाभार्थियों को लाभ मिले, उस लक्ष्य को हासिल करने वाले कार्यक्रमों में शामिल होंगे।

**प्रधानमंत्री मोदी सूरत और नवसारी में:** दो विशाल जनसभाओं को संबोधित करेंगे। इसके अलावा पीएम मोदी गुजरात से दमन के सिलवासा में जनसभा को संबोधित करेंगे और केन्द्रशासित प्रदेश दमन, दीव-दादरा नगर हवेली को 2500 करोड़ से ज्यादा के विकास कार्यों की सौगात देंगे। पीएम मोदी आज शुक्रवार को दोपहर 12 बजे सूरत एयरपोर्ट पहुंचेंगे और इसके बाद वहां से दमन के सिलवासा में दोपहर 2 बजे जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके अलावा वह नमो मेडिकल अस्पताल एंड रिसर्च सेन्टर के पहले फेज का लोकार्पण और दूसरे फेज का शिलान्यास करेंगे। सिलवासा से पीएम मोदी शाम 5 बजे सूरत के लिंबायत पहुंचेंगे। पीएम मोदी लिंबायत हैलीपेड से जनसभा स्थल तक 3 किलोमीटर का रोड शो करेंगे और इसके बाद एक बड़ी जनसभा को संबोधित करेंगे। पीएम मोदी 2 लाख लाभार्थियों के लिए पीएमजीकेएवाई योजना के लाभ की शुरुआत करवाएंगे। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत जिन जरुरतमंदो को लाभ नहीं मिल रहा था उनकी पहचान करके उन्हें नेशनल फूड सिक्योरिटी एक्ट के तहत इस योजना में शामिल किया गया है। इसके अलावा विधवा महिलाएं, वृद्धजन और दिव्यांगो की सहायता योजना में संतृप्ति का लक्ष्य हासिल करके सभी लाभार्थियों को सरकार की योजना का लाभ मिले, इसकी शुरुआत करेंगे।

### 8 मार्च को नवसारी...

ने 20 फरवरी को अपने बजट में की थी। उसके बाद पीएम मोदी सूरत से दिल्ली के लिए रवाना होंगे।

### यूएई में मौत की सजा...

मृतक के परिजनों को सहयोग किया। वहीं, दो अन्य भारतीय नागरिकों मोहम्मद रिनाश और मुरलीधरन पेरुमथट्टा को भी यूएई में फांसी की सजा सुनाई गई है।

### बिहार के डिप्टी सीएम...

प्राप्त किया। इस दौरान बिहार के विकास से जुड़े विषयों पर भी सार्थक परिचर्चा हुई। दरअसल, विजय कुमार सिन्हा के पास खनन विभाग, पथ निर्माण विभाग सहित एक अन्य विभाग थे। लेकिन मंत्रिमंडल में भाजपा कोटे से सात सदस्यों को शामिल किए जाने के बाद विजय सिन्हा के विभागों में बदलाव किया गया। उनसे दो विभाग ले लिए गए। साथ ही कृषि विभाग का जिम्मा उन्हें दिया गया जबकि खनन विभाग भी विजय सिन्हा के पास यथावत है। गृह मंत्री अमित शाह से अमित शाह से हुई मुलाकात के दौरान उन्होंने पुष्प गुच्छ, अंग वस्त्र और डायरी भेंट की।

### बाबू लाल मंराडी...

की जिम्मेदारी सौंपी गई। पूर्व मुख्यमंत्री और बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने बजट सत्र के दौरान विधानसभा अध्यक्ष पर विपक्ष की आवाज दबाने का आरोप लगाया। मरांडी ने आरोप लगाया कि अध्यक्ष अनावश्यक रूप से सत्तारूढ़ दल का पक्ष ले रहे हैं, अपने सदस्यों को बोलने के लिए अधिक समय दे रहे हैं जबकि विपक्षी सदस्यों को बार-बार टोक रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज, जब भाजपा विधायक नीरा यादव बोल रही थीं, तो सत्ता पक्ष के सदस्यों ने उन्हें बार-बार रोका और व्यवस्था बनाए रखने के बजाय, अध्यक्ष ने उनका बचाव किया। जब उन्होंने व्यवधानों की भरपाई के लिए अतिरिक्त समय की मांग की, तो उनके अनुरोध को अस्वीकार कर दिया गया। यह घोर अन्याय और मनमानी है।

### भारत के युवा विश्व...

बिरला ने विद्यार्थी जीवन को जीवन का स्वर्णिम चरण बताया और कहा कि इस समय उनके पास असीम अवसर और संभावनाएँ हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को सलाह दी कि वे शीघ्र अपनी दिशा तय करें, लक्ष्य निर्धारित करें और दृढ़ संकल्प के साथ उन्हें प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि अपने सपनों को पूरा करने के लिए महत्वाकांक्षा के साथ ही दृढ़ निश्चय और अटल इरादे की जरूरत होती है। बिरला ने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे संसाधनों की कमी को अपनी प्रगति में बाधा न बनने दें। उन्होंने कहा कि प्रतिकूल स्थितियाँ हमें अवसरों तक ले जाती हैं। इस बात पर जोर देते हुए कि दृढ़ संकल्प से चुनौतियों को अवसरों में बदला जा सकता है, बिरला ने आत्मविश्वास के महत्व पर भी बल दिया। उन्होंने यह भी कहा कि सशक्त और सकारात्मक सोच से समाज और राष्ट्र की बेहतरी में योगदान देने के साथ ही व्यक्तिगत लक्ष्य भी प्राप्त किए जा सकते हैं।

### 'एमएससीएन' जादुई ...

लेकर सैनिकों की वास्तविक ग्राउंड पोजीशन दुश्मन के रडार की पकड़ से बाहर हो जाती है। साथ ही यह उसे हमेशा एक भ्रम की स्थिति में रखता है। रक्षा मंत्रालय के उच्च-पदस्थ सूत्रों ने यह जानकारी दी। गौरतलब है कि टीसीएल आयुध फैक्ट्री हजरतपुर की एक यूनिट है। जो सेनाओं के लिए वर्दी व अन्य जरूरी कपड़े जैसे उत्पाद बनाती है। हालिया किए गए प्रोडक्ट लाइन के विकास के बाद टीसीएल में कई नई चीजों को शामिल किया गया है। इसी के तहत यह उत्पाद विकसित किया गया है।

**सेना ने दिया ऑर्डर, एयरफोर्स को करेंगे सप्लाई:** सूत्रों ने कहा कि भारतीय सेना ने इस कैमोफ्लॉज नेट के लिए टीसीएल को ऑर्डर दे दिया है। उपक्रम की योजना इसकी वायुसेना को भी सप्लाई करने की है। टीसीएल ने इस नेट को पूरी तरह से घरेलू संसाधनों का प्रयोग कर तैयार किया है। पूर्व में इसके लिए कपड़ा बाहर से लिया जाता था।

### स्वदेशी आधार पर...

निर्भरता भी कम होगी। जिससे केंद्र सरकार के रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को भी आसानी से हासिल किया जा सकेगा।

### रामबाण बनी स्टेल्थ...

से आने वाली इलेक्ट्रोमैग्नेटिक स्पेक्ट्रम, विजिबल लाइट, इंफ्रा रेड और नॉन इंफ्रा रेड लाइट सैन्य हथियार तक नहीं पहुंचती है। ये पहले ही उसे रोक देता है। जिससे यह पता लगाना मुश्किल हो जाता है कि अमुक स्थान पर मौजूद वस्तु वास्तव में क्या है? इस कपड़े को युद्ध, सैन्य अभियान में सैन्यकर्मियों द्वारा भी अपनी पहचान छिपाने के लिए प्रयोग किया जा सकता है।

## भूमि सर्वे के बीच सरकार ने चला दी तबादला एक्सप्रेस

# बिहार के 6 जिलों को मिले नए भू-अर्जन पदाधिकारी

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार भूमि सर्वे के बीच राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने बिहार राजस्व सेवा के छह अधिकारियों का तबादला कर दिया है। किशनगंज के अपर जिला भू अर्जन पदाधिकारी को इसी पद पर बांका भेजा गया है। चंद्रशेखर तिवारी जमुई के अपर जिला भू अर्जन पदाधिकारी बनाए गए हैं। भोजपुर के अपर जिला भू अर्जन पदाधिकारी विजेंद्र कुमार को इसी पद पर सारण भेजा गया है। विभागीय अधिसूचना के अनुसार विकास कुमार को दरभंगा का अपर जिला भू अर्जन पदाधिकारी बनाया गया है। पश्चिम चंपारण में कार्यपालक दंडाधिकारी के पद पर तैनात अजीत कुमार झा को वैशाली का अपर जिला भू अर्जन पदाधिकारी बनाया गया है। अररिया के कार्यपालक दंडाधिकारी विजय गुप्ता को मधुबनी का अपर जिला भू अर्जन पदाधिकारी बनाया गया है।




### अब पुत्र को बनाना चाहते बिहार का सीएम : ललन सिंह

***पटना।*** *जनता दल युनाइटेड के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और मोदी सरकार में पंचायती राज मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव और तेजस्वी यादव पर बड़ा हमला किया है। उन्होंने कहा है कि बेटे को सीएम बनाने का लालू यादव की इच्छा पूरी नहीं होगी। राजद कभी परिवार से बाहर नहीं निकल पाई। पहले पति और पत्नी थे अब पुत्र आ गए। ललन सिंह ने कहा कि तेजस्वी यादव मुख्यमंत्री बनने का सपना देख रहे हैं तो सपने देखना बुरी बात नहीं है। लेकिन बिहार की जनता ने उनके माता पिता के 15 सालों के कुशासन को देखा है। जहां कोई शासन ही नहीं था, लालू प्रसाद जब चारा घोटाला में जेल गए तो पत्नी राबड़ी देवी को सीएम बना दिया।*

## पीएफआई पर बैन के बाद बना था

# पाकुड़ में एसडीपीआई दफ्तर में ईडी के 6 सदस्यों ने मारा छापा

एजेंसी ▶▶ रांची

प्रवर्तन निदेशालय की टीम गुरुवार को झारखंड के पाकुड़ पहुंची। तीन गाड़ियों में ईडी के छह से अधिक सदस्य पाकुड़ मौलाना चौक के पास स्थित सोशल डेमोक्रेटिक फ्रंट ऑफ इंडिया (एसडीपीआई) कार्यालय पहुंचे हैं। जानकारी के अनुसार एसडीपीआई के नेता एमके फैजी को ईडी टीम ने हिरासत में लिया था। इसे लेकर बुधवार को शहर में विरोध प्रदर्शन रैली निकाला गया था। एसडीपीआई कार्यलय में कुछ जवानों के साथ ईडी की टीम पहुंची है। ताला खुलने का इंतजार कर रही है।

पाकुड़ में विरोध प्रदर्शन के एक दिन बाद गुरुवार को ईडी की टीम एसडीपीआई कार्यालय पहुंच गई है। हालांकि, अभी तक कार्यालय का ताला खोलने का इंतजार ईडी की टीम कर रही है। जानकारी के लिए बता दें कि एसडीपीआई संगठन, पॉपुलर फ्रंट आफ इंडिया पर बैन लगने के बाद गठित हुआ है। इस संगठन का संचालन पाकुड़ में मोहम्मद हंजला कर रहे हैं। हंजला इस संगठन के प्रदेश अध्यक्ष हैं।

**दिल्ली आईजीआई एयरपोर्ट से हुई थी एमके फैजी की गिरफ्तारी:** जानकारी के अनुसार एसडीपीआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष एमके फैजी को दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट से ईडी की टीम ने मनी लॉनड्रिंग केस में तीन मार्च को हिरासत में लिया था। फैजी की गिरफ्तारी के बाद पाकुड़ में एसडीपीआई की टीम ने विरोध प्रदर्शन किया था।

## इलाहाबाद हाई कोर्ट ने बलात्कार के आरोपी को शर्त पर दी जमानत

# तीन महीने के अंदर पीड़िता से शादी करनी होगी

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

इलाहाबाद हाई कोर्ट ने हाल ही में एक बलात्कार के आरोपी को इस शर्त पर जमानत दी कि वह रिहा होने के तीन महीने के भीतर पीड़िता से शादी करेगा। जस्टिस कृष्ण पहल ने 20 फरवरी को यह आदेश पारित किया, जब 26 वर्षीय आरोपी ने कहा कि वो पीड़िता को अपनी विवाहित पत्नी के रूप में देखभाल करने के लिए तैयार है।

बार एंड बेंच की रिपोर्ट के मुताबिक, हाई कोर्ट ने आरोपी को रिहा करने का आदेश देते हुए जमानत की एक शर्त में कहा कि बलात्कार के आरोपी को जेल से रिहा होने के तीन महीने के भीतर पीड़िता से शादी करनी होगी।



### 9 लाख रुपए लिए, उसका यौन उत्पीड़न भी किया

अभियोजन पक्ष के अनुसार- मीना ने पीड़िता को उत्तर प्रदेश पुलिस में भर्ती कराने में मदद करने का वादा करके उसे बहकाया, उससे 9 लाख लिए, उसका यौन उत्पीड़न किया और बाद में उसका एक अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित कर दिया। कोर्ट ने कहा कि कानून का स्थापित सिद्धांत है कि जमानत का उद्देश्य मुकदमे में अभियुक्त की उपस्थिति सुनिश्चित करना है। आवेदक द्वारा न्याय से भागने या न्याय की प्रक्रिया को विफल करने या अपराधों को दोहराने या गवाहों को डराने-धमकाने के रूप में अन्य परेशानियां पैदा करने का कोई भी भौतिक विवरण या परिस्थिति एजीए द्वारा नहीं दर्शाई गई है।

### "जमानत एक नियम है, जेल एक अपवाद है"

मीना के पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड नहीं होने और इस सिद्धांत पर विचार करते हुए कि "जमानत एक नियम है, जेल एक अपवाद है", अदालत ने आरोपी को जमानत दे दी। सिंगल जज ने कहा कि जब तक दोष सिद्ध न हो जाए, निर्दोषता की धारणा" का प्रसिद्ध सिद्धांत, नियम के रूप में जमानत और अपवाद के रूप में कारावास की अवधारणा को जन्म देता है।

सेलिब्रेशन

# होली पर रंग-बिरंगी मस्ती

बच्चे होली पर रंग खेलने के साथ खूब मौज-मस्ती करते हैं। टीवी के चाइल्ड आर्टिस्ट्स बता रहे हैं कि उनकी अब तक की कौन-सी होली, खूब मस्ती भरी और यादगार रही? इस बार उनकी होली पर क्या खास प्लानिंग है? इन चाइल्ड आर्टिस्ट्स का **बालभूमि** के अपने दोस्तों के लिए क्या मैसेज है? जानो, इन्हीं की जुबानी।



## होली का असली मजा मिलजुल कर रंग खेलने में है: जारा वारसी



**एंड टीवी** के शो 'हप्पू की उलटन पलटन' में चमची की भूमिका निभा रही जारा वारसी के लिए होली का त्योहार खास अहमियत रखता है। वह कहती है, 'मैं भले ही किसी दूसरे धर्म की हूं, लेकिन होली का त्योहार मेरे लिए हमेशा से खास रहा है। मैं पूरे उत्साह-उमंग से अपने दोस्तों के साथ होली मनाती हूं।' होली का एक मेमोरेबल इंसिडेंट जारा बताती है, 'एक बार मैं अपने स्कूल के दोस्तों के साथ पहली बार कॉलोनी में होली खेल रही थी। हम सब दोस्त एक-दूसरे पर वाटर बैलून फेंक रहे थे, गलती से एक बैलून पास से गुजर रहे अंकल को लग गया। हम घबरा गए कि अब हमें डांट पड़ेगी, लेकिन उन्होंने भी हंस कर हमें रंग लगा दिया। उस पल ने मुझे सिखाया कि होली का असली मजा हंसी-मजाक और मिलजुल कर रंग खेलने में ही है।' इस वर्ष होली को लेकर अपनी खास प्लानिंग के बारे में जारा बताती है, 'इस बार मैं अपने शो के कलाकारों के साथ सेट पर भी होली सेलिब्रेट करूंगी। साथ ही, घर पर एक छोटी-सी गेट-टुगेदर भी रखी है। मैं अबकी नेचुरल कलर से ईको-फ्रेंडली होली खेलूंगी, ताकि लोगों को किसी तरह कोई परेशानी न पहुंचे।' 'बालभूमि' के दोस्तों को होली का मैसेज देते हुए जारा कहती है, 'मैं अपने सभी प्यारे दोस्तों से कहना चाहूंगी कि होली हमेशा मिलजुल प्यार से खेलें। किसी पर जबरदस्ती रंग न डालें। पानी की बर्बादी से बचें, ईको-फ्रेंडली रंगों का इस्तेमाल करें। दोस्तों संग होली की मस्ती करें और खूब हंसें-खिलखिलाएं।' *

## इस बार अपने ऑनस्क्रीन मम्मी-पापा के साथ रंग खेलूंगा: कविश खुंगर



**कविश खुंगर** को इन दिनों शेमारू उमंग के शो 'मैं दिल तुम धड़कन' में कान्हा की भूमिका में दर्शक खूब पसंद कर रहे हैं। कविश से जब बात होती है कि उसकी सबसे मेमोरेबल होली कौन सी थी, तो वह चहकते हुए बताता है, 'मेरी सबसे मजेदार और मेमोरेबल होली पिछले साल की थी। मैंने वाटरगन की मदद से ढेर सारे वॉटर बैलून खुद तैयार किए। मम्मी-पापा और अपने फ्रेंड्स को रंग लगाया। इन सबने भी मुझे रंग लगाया। फिर मैंने गुलाब जामुन, गुझिया, पेड़ा और कई सारी मिठाइयां खाईं। घर आए अपने दोस्तों के साथ मैंने खूब डांस भी किया।' कविश को होली फेस्टिवल बहुत पसंद है। वह बताता है, 'मैं होली पर अपने दोस्तों के साथ खूब मस्ती करता हूं, हम एक-दूसरे को रंग लगाते हैं। इस दिन हमें मस्ती करने से कोई रोकता नहीं है।' इस बार होली पर अपनी प्लानिंग के बारे में भी कविश बताता है, 'अबकी बार मैं शो के सेट पर अपने ऑनस्क्रीन मम्मी-पापा (वृंदा-केशव) के साथ भी रंग खेलूंगा। मैं सेट पर सभी के लिए मिठाइयां लेकर भी जाऊंगा। खूब एंज्वॉय करूंगा।' 'बालभूमि' के अपने दोस्तों को कविश मैसेज देता है, 'सभी दोस्त अच्छे से रंग खेलें और होली की मस्ती करते वक्त इस बात का ख्याल रखें कि किसी को चोट न लगे। मिठाइयां खाएं-खिलाएं। होली का दिन खूब हंसी-खुशी के साथ एंज्वॉय करें। सभी को हैप्पी होली...।' *

## ऑर्गेनिक कलर्स से खेलें होली: श्रेया पटेल



**सोनी सब** के शो 'तेनाली रामा' में पद्मावती का किरदार निभा रही बाल कलाकार श्रेया पटेल अपनी सबसे मेमोरेबल होली को याद करते हुए बताती है, 'मेरी अब तक की सबसे यादगार होली वह थी, जब मैं आउटडोर शूट के लिए उमर गांव गई थी। चूंकि वहां बहुत लंबा शूट चला, इसलिए सभी के साथ मेरी बहुत ही प्यारी बॉन्डिंग बन गई थी। सेट पर सबसे छोटी होने के कारण मैं सबकी लाडली थी। हमने वहां जमकर होली खेली और अपने को-एक्टर्स के साथ खूब मस्ती की। परिवार और दोस्तों के साथ तो हम हर साल होली मनाते ही हैं, लेकिन पहली बार अपने को-एक्टर्स के साथ होली मनाने का मजा ही कुछ और था।' श्रेया इस बार की होली को लेकर अपनी प्लानिंग बताती है, 'अबकी मैं 'तेनाली रामा' के सेट पर ही मस्ती और धमाल वाली होली मनाना चाहती हूं। इस शो की टीम के साथ मेरी बहुत प्यारी बॉन्डिंग हो चुकी है, यह मेरा दूसरा परिवार बन चुका है।' 'बालभूमि' के दोस्तों को मैसेज देते हुए श्रेया कहती है, 'मैं अपने सभी दोस्तों से यही कहना चाहूंगी कि होली खूब खेलें और जमकर मस्ती करें, लेकिन जितना हो सके पानी बचाएं, सूखे अबीर-गुलाल ज्यादा इस्तेमाल करें। हार्मफुल केमिकल कलर्स के बजाय नेचुरल या ऑर्गेनिक कलर्स का ही इस्तेमाल करें। अपने परिवार और दोस्तों को भर-भर के रंग लगाएं और बोलें, 'बुरा न मानो, होली है...!' *

## पापा से अपनी होली की डिमांड बता दी है: वृही कोडवारा



**सोनी सब** के शो 'पुष्पा इंपॉसिबल' में स्वरा पटेल के किरदार से दर्शकों का मन मोह रही वृही कोडवारा से जब उसकी सबसे यादगार होली की बात होती है तो वह हंसते हुए बताती है, 'लास्ट ईयर की होली मेरी अब तक की बेस्ट होली थी, क्योंकि मैंने दो-दो बार होली मनाई थी।

एक बार घर पर और दूसरी बार 'पुष्पा इंपॉसिबल' के सेट पर राशि दीदी, प्रार्थना दीदी, दादू, चिराग भैया, दीप्ति दीदी, अश्विन दादा और बहुत सारे लोगों के साथ होली की मस्ती की थी। घर पर फैमिली और फ्रेंड्स के साथ होली मनाने में मजा तो आता है, लेकिन सेट पर बहुत सारे लोगों के साथ होली मनाने का कुछ अलग ही मजा है। सेट पर दोनों काम एक साथ हो जाते हैं, होली भी मन जाती है और शूट भी हो जाता है।' वृही इस बार की अपनी होली की प्लानिंग बताती है, 'वैसे तो हम हमेशा कलर्स और पिचकारी के साथ ही होली खेलते हैं, लेकिन इस बार का कुछ अलग प्लान है।

मैंने पापा से अपनी डिमांड बोलकर रखी है कि इस बार हम लोग एक रिसॉर्ट पर जाएंगे। पूल में खेलेंगे, होली मनाएंगे और बहुत मजे करेंगे।' होली पर वृही का बालभूमि के अपने दोस्तों को मैसेज है, 'सभी लोग हमेशा नेचुरल कलर से होली खेलें और पानी की बचत करें। मेरी तरफ से अपने सभी फ्रेंड्स को 'हैप्पी होली...!'*

प्रस्तुति
बालभूमि फीचर्स

कविता / देवी प्रसाद गौड़

## प्यार बांटती घर-घर होली



विदा हो गए टोपा, जर्सी,
सर्दी भागी होली आई।
बचपन की मस्ती संग लिए,
खुशियों से झोली भर लाई।।
ठंड रही ना गर्मी ज्यादा,
रंग-रंगीला मौसम आया।
झूम उठे फूलों पर भौंरे
जंगल में टेसू हरषाया।।
हफ्ते भर की छुट्टी होंगी,
कई दिनों तक खेलें होली।
सोहन, मोहन, शंकर, शालू,
घर से चलें बनाकर टोली।।
कितना भी छुप लेना कोई,
सबके मुंह कर देंगे काले।
लाल गुलाल मलें गालों पर,
हम सब होली के मतवाले।।
प्यार बांटती घर-घर होली,
आपस में हम गले मिलेंगे।
बड़े बुजुर्गों से नतमस्तक,
प्यार भरा शुभ आशीष लेंगे।।
खूब छकेंगे माल-मिठाई,
पूआ-पूड़ी और कचौड़ी।
जहां जाएंगे वहीं मिलेंगे,
टिकिया-भल्ले चाट-पकौड़ी।।
चना-मटर की फली करारी,
दादी भूने जौ के दाने।
लठमार होली देखेंगे,
द्वार-द्वार ढप-ढोल सुहाने।।
तरह-तरह के खेल तमाशे,
जब बस्ती में चले हुरंगा।
नाचें-गाएं मुंह मटकाएं,
तन-मन होते रंगमरंगा।।

तुम्हारे लिए नई किताबें / विज्ञान भूषण

## मजेदार कविताएं-रोचक उपन्यास



बच्चों, तुम्हारे लिए मजेदार-ज्ञानवर्धक कविताओं की एक किताब कुछ समय पूर्व छपकर आई है। 'पचपन रंग बचपन के' शीर्षक वाली इस किताब में कुल पचपन कविताएं संकलित हैं। इन कविताओं में तुम्हें विज्ञान, भूगोल, प्रकृति और बच्चों के मन की बातों के साथ ही कुछ नटखटपन से भरी अलग-अलग रंगों की कविताएं भी पढ़ने को मिलेंगी। यहां कुछ कविताएं ऐसी हैं, जिन्हें पढ़कर तुम्हें लगेगा कि अरे, ऐसा तो मैं भी सोचता/सोचती हूं! 'सोच रहा बंटी मन ही मन' और 'पापा तुमने कभी न जाना' ऐसी ही कविताएं हैं। इन दिनों तुम सब होली खेलने की तैयारी कर रहे होगे। हर रंग की क्या खासियत है, इसे 'रंगों की लड़ाई' कविता में पढ़ सकते हो। किताब की सभी कविताएं पढ़ने में तुम्हें बहुत मजा आएगा। *

**किताब:** पचपन रंग बचपन के, **रचनाकार:** अखिलेश श्रीवास्तव चमन, **मूल्य:** 200 रुपए, **प्रकाशक:** अद्विक पब्लिकेशन, दिल्ली



बच्चों, अभी कुछ समय पहले ही एक बहुत रोचक बाल उपन्यास 'एक गुलाबी भैंसा अलग सा' छपकर आया है। यह टाइटल पढ़कर तुम सोच रहे होगे कि भैंसा वो भी गुलाबी! तुमने अब तो काले रंग की ही भैंस देखी होंगी। लेकिन इस किताब में एक नन्हे से गुलाबी रंग के भैंसे की ही कहानी है। वो नन्हा सा भैंसा अपने अलग आकार और रंग के कारण अपने समूह में बिल्कुल अलग दिखता है। उसकी सोच भी बहुत अलग है। उसके मन में कैसे-कैसे सवाल उठते हैं, वो क्यों किसी खतरनाक जानवर से भी नहीं डरता है, वह कैसे हर हाल में खुश रह लेता है, जंगल के सब जानवर उसे क्यों प्यार करते हैं? यह सब जानने के लिए तुमको यह रोचक किताब पढ़नी होगी। यह किताब पढ़ने में तुम्हें मजा तो आएगा ही, बहुत कुछ सीखने को भी मिलेगा। *

**किताब:** एक गुलाबी भैंसा अलग सा, **लेखक:** समीर गांगुली, **मूल्य:** 199 रुपए, **प्रकाशक:** फ्लाईड्रीम्स पब्लिकेशंस, दिल्ली

कहानी
डॉ. नागेश पांडेय 'संजय'

होली के ऐन पहले सार्थक के पापा का ट्रांसफर चेन्नई हो गया। वहां का अलग कल्चर, अलग भाषा, नए लोग, कोई दोस्त भी नहीं...। ऐसे में कैसी रही सार्थक की होली?

## होली वालतुक्कल!



सार्थक ने होली के त्योहार को लेकर क्या-क्या नहीं सोच रखा था, लेकिन ऐन मौके पर उसके पापा का ट्रांसफर ऑर्डर आ गया। अब ट्रांसफर तो उनका होता ही रहता है। इसी बहाने सार्थक को नई-नई जगह घूमने का मौका मिलता है, उसे खूब मजा भी आता है। लेकिन होली पर यह ट्रांसफर, उफ!

सार्थक के पापा अफसर हैं। चेन्नई पहुंचने पर उनका शानदार वेलकम हुआ। उन्हें वहां फर्निश्ड और डेकोरेटेड फ्लैट मिला था। सार्थक की मम्मी ने चेन्नई निकलने से पहले होली को ध्यान में रखते हुए ढेर सारी गुझिया, कचरी, पापड़, चिप्स वगैरह बनाकर रख लिए थे। सार्थक ढेर सारा रंग, गुलाल और अलग-अलग तरह की चार पिचकारियां ले आया था। उसने कई जोड़ी नए कपड़े भी लिए थे। सार्थक के मम्मी-पापा साथ में झालर और होलिका दहन के लिए एक बोरी में रखकर गोबर के कंडे भी लेकर आए थे।

नए घर के बाहर भी साफ-सफाई करवा दी गई थी। यात्रा की थकान दूर होने के बाद मम्मी ने रंगोली बनाई। लकड़ियां इकट्ठा की गईं। पापा ने कंडे लगाकर होलिका सजा दी फिर पापा-मम्मी गुझिया लेने अंदर चले गए।

सार्थक अकेले ही अपनी पिचकारी हाथ में लिए उछल-उछल गाने लगा, 'होली आई, होली आई। हम मस्तों की टोली आई। पचक लगी, पच कंडा दे। होली आई, होली आई...।'

तभी उसे सामने से एक हमउम्र बच्चा आता दिखा। उसने हाथ जोड़कर सार्थक से कहा, 'वणक्कम।'

सार्थक उसकी भाषा तो नहीं समझा, लेकिन उसने भी नमस्ते कहते हुए हाथ जोड़ लिए।

उस बच्चे ने पूछा, 'एन्न पन्नुरिंगा?'

सार्थक फिर कुछ नहीं समझा। उसे चुप देख वह बच्चा बोला, 'एन्नाचु?'

सार्थक फिर चुप।

अब उसने जोर से आवाज लगाई, 'अप्पा! अक्का! नींगल वारंगल...।'

तुरंत ही पास के मकान से उस बच्चे के पापा और बड़ी बहन बाहर आ गए। इधर शोर सुन सार्थक के मम्मी-पापा भी आ गए। उन सभी का आपस में परिचय हुआ। उस बच्चे का नाम था शेखरन और उसकी बड़ी बहन थी राम्या। शेखरन के पापा हिंदी बोल लेते थे, लेकिन उनकी हिंदी मजेदार लगी। उन्होंने पूछा, 'आप लोग कब आईं? यह क्या कर रही हैं?'

पापा ने जब उन्हें होली के बारे में बताया तो वे बहुत खुश हुए। उन्होंने कहा, 'फिर तो हमारा पोंगल का त्योहार भी थोड़ा वैसा। बस, हम रंग नहीं खेलते।'

पोंगल का नाम सुनकर सार्थक को अपनी टेक्स्ट बुक में पढ़ा हुआ पाठ याद आ गया। घरों को रंगा जाता है। पुराने सामान हटाए जाते हैं। होली की तरह ही फसल कटाई का उत्सव मनता है। पारंपरिक पकवान बनते हैं। सब नाचते-गाते हैं। आंखों पर पट्टी बांधकर मटकी फोड़ते हैं।

पापा उनसे बोले, 'आपके राज्य में तो वैसे भी कितने सारे रंग बिखरे पड़े हैं। मैंने चेन्नई का मरीना बीच देखा है। वहां तो रोज ही सुबह-शाम को होली जैसा नजारा होता है।

समुद्र का नीला पानी। दमकती सुनहरी रेत। ताड़ के हरे पेड़। लाल रंग का सूरज और रंग-बिरंगे कपड़े पहने घूमते ढेर सारे लोग।'

शेखरन के पापा जब कुछ बोलते तो राम्या के सिर पर हाथ फेरने लगते। इस बार तो राम्या के सिर पर लगा फूलों वाला गजरा ही खुलने लगा। वह पीछे हट गई। सब हंसने लगे।

उन्होंने बताया, 'वैसे यहां भी हम होली मनाते। उसे काम-दहनम बोलते। पर उसका तरीका थोड़ा डिफरेंट है। हां, कुछ बातें एक जैसी हैं। जैसे गोबर के गोले तो हम भी जलाते हैं।' उन्होंने होली के कंडों की ओर इशारा करते हुए कहा।

सार्थक बड़े गौर से शेखरन-राम्या के पापा की बातें सुन रहा था। उसे उनकी हिंदी बहुत मजेदार लगी। वह सोच रहा था कि अगर वह स्कूल में ऐसे बोले या लिखे तो मैडम कितनी डांट लगाएंगी। एग्जाम में तो नंबर ही कट जाएंगे।

तभी शेखरन ने सार्थक की पिचकारी को छूकर कहा, 'अप्पा, इद एन्नके बेनू' तो उसके पापा ने मना करने के अंदाज में उसे समझाया, 'इल्ले।'

मम्मी को समझते देर न लगी कि शेखरन पिचकारी मांग रहा है। वह जल्दी से अंदर जाकर पिचकारी ले आईं। सार्थक से कहा, 'यह अपने नए दोस्त को गिफ्ट करो।'

पिचकारी पाकर शेखरन 'नंद्री' कहते हुए मुस्कुराया। जैसे धन्यवाद दे रहा हो फिर सार्थक से बोला, 'नी पाडू।'

उसके पापा हंसे। बोले, 'यह कह रहा है, तुम गाओ।'

सार्थक को याद आया कि जब वह पिचकारी लिए गा रहा था, उसी वक्त तो शेखरन वहां आया था।

सार्थक गाने लगा। शेखरन भी उछलते हुए उसकी पंक्तियों को दोहराने लगा। अब तो वहां ढेर सारे लोग इकट्ठे हो गए।

शेखरन के पापा ने सार्थक के सिर पर हाथ रखते हुए कहा, 'तुम शेखरन को हिंदी सीखा देना। यह तुमको तमिल सीखाएगी।'

सार्थक ने हंसते हुए शेखरन को गले से लगा लिया।

मम्मी भी हंसीं, 'वाह! यह तो होली मिलन भी हो गया।'

वहां मौजूद सारे लोग जोर से तालियां बजाते हुए बोले, 'होली वालतुक्कल.. ! होली वालतुक्कल.. !'

उनकी भाषा भले ही समझ में न आ रही हो, लेकिन भावों से साफ जाहिर था कि वे कह रहे हैं, 'होली मुबारक..! होली मुबारक..!' *

बूझो तो जानें
गौरीशंकर वैश्य विनम्र



1 रंग-मिलन का प्रिय त्योहार।
फागुन में आता हर बार।
लोग अबीर-गुलाल लगाते।
बोलो! कौन-सा पर्व मनाते?

2 होली आते ही कर देते
रंग खेलने की तैयारी।
किसमें भरकर रंग छोड़ते
जो सबको लगती है प्यारी?

3 भक्त प्रह्लाद को गोदी लेकर ,
जला देने की युक्ति रची थी।
भक्त प्रह्लाद बचे जलने से,
बुआ कौन, जो नहीं बची थी?

4 पिता प्रह्लाद का हिरण्यकश्यप
उसने पुत्र को बहुत सताया।
ज्योंही मार डालना चाहा
किसने आकर शीघ्र बचाया?

5 मौसम मनभावन हो जाता
ऋतुओं का राजा है कौन?
इस ऋतु में ही होली आती
नाम बताओ, रहो न मौन?

उत्तर : 1.होली 2.पिचकारी 3.होलिका 4.नृसिंह भगवान 5.बसंत

## जीके क्विज- 144



1. टाइम मैग्जीन ने 'वूमेन ऑफ द ईयर-2025' की लिस्ट में किस भारतीय महिला को शामिल किया है?
2. 71वीं सीनियर नेशनल कबड्डी चैंपियनशिप की विजेता टीम का नाम क्या है?
3. अभी हाल ही में भारत के किस राज्य में महाकुंभ का समापन हुआ?
4. छत्तीसगढ़ के वर्तमान राज्यपाल का नाम क्या है?
5. अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस कब मनाया जाता है?
6. ब्रिटिश राज में भारत का प्रथम वायसराय किसे नियुक्त किया गया था?
7. किस भारतीय समाज सुधारक ने ब्रह्म समाज की स्थापना की थी?
8. वन संरक्षण से संबंधित 'चिपको आंदोलन' का नेतृत्व किसने किया था?
9. किस ग्रह को 'भोर का तारा' भी कहा जाता है?
10. रेडियो का आविष्कार किस साइंटिस्ट ने किया था?

**बच्चों, जीके क्विज-144 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज-143 का उत्तर:** 1.रमन इफेक्ट, 2.जगदीश चंद्र बसु, 3.होमी जहांगीर भाभा, 4.डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम, 5.बेंगलुरु, 6.महाराजा जयसिंह द्वितीय, 7.ज्ञानेश कुमार, 8.एन चंद्रशेखरन, 9.चितरंजन दास, 10.स्वामी दयानंद सरस्वती

**जीके क्विज-143 का सही उत्तर देने वाले:** रुशील-खैरागढ़, शुभम-बलौदा बाजार, गुंजा-रायपुर, बिंदा ध्रुव-बलौदा बाजार, रमेश-कोरबा, कबीर-हिसार, रमेश-रायगढ़, रोहित-बिलासपुर, अंजना-बालोद, साकेत-दुर्ग, दिव्या-बालोद

## रंग भरो-170

**रंग भरो-170** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





डॉली, दुर्ग
वेदिका, बालोद
गणिका, झज्जर
रिद्धि-भिवानी
अर्पिता-दुर्ग
जिया-कोंडागांव

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

खुशबू-दुर्ग, रितिका-जांजगीर, दिव्या-रायपुर, पूजा-बलौदा बाजार, अंजू-बिलासपुर, मुकेश-भोपाल, विनय-रायपुर, मोनिका-दुर्ग, खुशी-बालोद, अमन-रायपुर, नेहा-बिलासपुर, गोविंद-रायपुर, संजय-अंबिकापुर, कल्पना-राजनांदगांव, शुभम-बालोद

## रंग भरो 171

बच्चों, यहां होली खेलते हुए बच्चों का एक ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।



## खबर संक्षेप

### मंत्री तोमर का प्रण बिजली बचाने एक साल तक बिना प्रेस किए कपड़े पहनूंगा

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर अपने अनोखे अंदाज के लिए सुर्खियों में रहते हैं। अब उन्होंने एक अनोखा प्रण ले लिया है। मंत्री तोमर ने ऐलान किया है कि वो 1 साल तक बिना प्रेस किए हुए कपड़े ही पहनेंगे।



ऊर्जा मंत्री का कहना है कि लोगों को बिजली की जितनी जरूरत हो, उतनी ही उपयोग करें। बिजली की बचत करनी चाहिए. बिजली बचत के लिए बचत हम सब लोगों को बिजली जितनी जरूरत है, उतनी ही उपयोग करना चाहिए। एक ड्रेस प्रेस करने में आधा यूनिट बिजली लगती है। प्रदूषण भी होता है। ये बिना प्रेस वाली ड्रेस पहनने का संदेश उसका संकेत हैं। उन्होंने कहा कि हम सब मिलकर इसके लिए काम करें। उन्होंने कहा कि इसको देखते हुए मैं अगले एक साल तक प्रेस किए हुए कपड़े नहीं पहनूंगा। इससे बिजली बचेगी।

### मुख्यमंत्री शिवपुरी के माधव नेशनल पार्क में छोड़ेंगे बाघों का जोड़ा

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भारत में टाइगर स्टेट का दर्जा हासिल कर चुके मप्र को जल्द ही एक नए टाइगर रिजर्व पार्क की सौगात मिलने जा रही है। शिवपुरी जिले का माधव नेशनल पार्क प्रदेश का 9 वां बाघ संरक्षित क्षेत्र होगा, जो चंबल क्षेत्र में वन्य जीव प्रेमियों के लिए पर्यटन का प्रमुख केंद्र बनकर उभरेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वे स्वयं बाघों का एक जोड़ा माधव नेशनल पार्क में छोड़ेंगे। चंबल रेंज में पर्यटकों की संख्या में वृद्धि से स्थानीय युवाओं को रोजगार-स्वरोजगार के अवसर मिलेंगे।

### अब अस्पताल के वार्ड ब्वॉय, आया कहलाएंगे अस्पताल सहायक

**भोपाल।** स्वास्थ्य विभाग ने अपने सभी सरकारी अस्पतालों में पदस्थ वार्ड ब्वॉय, वार्ड आया, डेंटल अटेंडेंट और डार्क रूम अटेंडेंट को अस्पताल सहायक घोषित कर दिया है। इन सभी श्रेणी के कर्मचारियों को चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी मानते हुए उनके पदों का युक्तिकरण कर दिया है। इस संबंध में विभाग ने आदेश भी जारी कर दिया है। इसके साथ ही प्रदेश के समस्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी व सिविल सर्जन को निर्देशित किया गया है कि वह अपने अपने जिले और जिला अस्पतालों में वार्ड बॉय, वार्ड आया, डार्क रूम अटेंडेंट व डेंटल अटेंडेंट के रिक्त पद, कार्यरत कर्मचारी और कुल पदों की संख्या संचालनालय को जल्द से जल्द भेजें। स्वास्थ्य विभाग ने मप्र के सरकारी अस्पतालों के लिए कुल 6702 चतुर्थ श्रेणी पदों का सृजन किया है। इसलिए सभी जिलों से पदों की सही जानकारी मंगवाई जा रही है। ताकि रिक्त पदों के विरुद्ध नई भर्ती की योजना बनाई जा सके।

### भोपाल-इटारसी सेक्शन का डीआरएम ने किया फुटप्लेट निरीक्षण

**भोपाल।** पमरे जोन महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय ने दो दिन पहले मंडल कार्यालय भोपाल में मंडल के कार्यालय में अमृत स्टेशन योजना के तहत चल रहे स्टेशनों के पुनर्विकास कामों की समीक्षा की थी। इसके बाद अब मंडल के अधिकारी द्वारा लगातार दौर कर उन स्टेशनों के कामों की समीक्षा कर जल्द से जल्द तय डेट लाइन में काम कराने पर जोर दे रहे हैं। इसी के तहत बुधवार को भोपाल मंडल रेल प्रबंधक देवाशीष त्रिपाठी इटारसी स्टेशन पहुंचे, जहां पर उन्होंने यात्री सुविधाओं, स्वच्छता, सुरक्षा और पुनर्विकास कार्यों का गहन निरीक्षण किया। डीआरएम ने नागपुर वंदे भारत एक्सप्रेस के लोकोमोटिव में भोपाल से इटारसी तक फुटप्लेट निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने रेलखंड पर ट्रैक मेंटेनेंस, सिग्नलिंग सिस्टम, कर्व एवं क्रॉसिंग पॉइंट्स की स्थिति का जायजा लिया और अधिकारियों को निर्देश दिए।

## 16वें वित्त आयोग के साथ ग्रामीण एवं नगरीय निकायों और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की हुई बैठक

# मप्र को आबादी के हिसाब से अनुदान व लोगों को तकनीकी सेवाओं के उपयोग के लिए प्रेरित करने अलग से फंड प्रदान का सुझाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

16वें केंद्रीय वित्त आयोग के साथ बुधवार को ग्रामीण, स्थानीय निकाय, नगरीय स्थानीय निकाय और राजनीतिक दलों के विभिन्न प्रतिनिधियों की बैठक हुई। बैठक में वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरविंद पनगढ़िया और सदस्यों ने सभी से चर्चा की। ग्रामीण स्थानीय निकायों, नगरीय निकायों के जन-प्रतिनिधियों और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने आयोग के समक्ष अपने विचार और सुझाव भी रखे।

> ननि के जन-प्रतिनिधियों और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने दिए सुझाव

बैठक में प्रदेश की नगरीय निकायों के प्रतिनिधि के रूप में चार नगर निगम के महापौर, इंदौर के महापौर पुष्यमित्र भार्गव, सतना के महापौर योगेश ताम्रकार, खंडवा की महापौर अमृता यादव तथा भोपाल की महापौर मालती राय एवं 11 अन्य नगर पालिका तथा नगर परिषद के अध्यक्ष बैठक में उपस्थित हुए। प्रदेश के नगरीय निकायों को दिए जा रहे अनुदान में मध्यप्रदेश में देश की सबसे अधिक जनजातीय जनसंख्या निवास करती है इसलिए उसे संज्ञान में रखकर अनुदान जारी करना और शहरीकरण में जनता को सेवा प्रदाय में तकनीकी उपयोग किए जाने को प्रेरित करने के लिए पृथक से अनुदान जारी किए जाने का अनुरोध किया गया।




### मुख्यमंत्री से वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. पनगढ़िया एवं सदस्यों ने की भेंट



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से बुधवार की शाम मुख्यमंत्री निवास में प्रदेश के दौरे पर आए 16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरविंद पनगढ़िया एवं अन्य पदाधिकारियों ने भेंट की। मुख्यमंत्री ने आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्यों का आत्मीयता से स्वागत किया। मुख्यमंत्री से आयोग के अध्यक्ष डॉ. पनगढ़िया, सदस्य अजय नारायण झा, सुश्री एनी जॉर्ज मैथ्यू, डॉ. मनोज पांडा, डॉ. सौम्या कांति घोष, सचिव ऋत्विक पांडे और संयुक्त सचिव केके मिश्रा ने भेंट कर चर्चा की। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा एवं राजेन्द्र शुक्ल, राज्य मंत्रिपरिषद के अन्य सदस्य, मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय डॉ. राजेश राजौरा तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## 14 वरिष्ठ इंजीनियरों की सात टीमें बनाकर सात जिलों को भेजी गई

# सात जिलों की रेंडम आधार पर की गई सड़कों और भवनों की जांच में मिली भारी गड़बड़ियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने प्रदेश भर की सड़कों व भवनों की गुणवत्ता परखने के लिए रैंडम आधार पर औचक निरीक्षण कराने की योजना बनाई है। बुधवार को सात परिक्षेत्र के सात जिलों की सड़कों का औचक निरीक्षण कराया। इसके लिए दो-दो सीनियर इंजीनियरों की सात टीमों का गठन कर औचक निरीक्षण करने को कहा। इस एक दिन के निरीक्षण में चौकानें वाले नतीजें आए हैं। राजगढ़ व बुरहानपुर जिले में गुणवत्ता खराब पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की गई है। जबकि रीवा, नीमच व नरसिंहपुर जिले में प्राथमिक तौर पर इंजीनियरों को कोई खास गड़बड़ी नहीं मिली। इसकी अलग से रिपोर्ट बनाई जा रही है। पीडब्ल्यूडी ने दो दिन पहले निर्णय लेकर सड़कों व भवनों की गुणवत्ता परखने का निर्णय लिया। इसके लिए एक ही दिन यानी बुधवार को कम से कम 5 सड़कों की गुणवत्ता जांचने की जिम्मेदारी इंजीनियरों को दी गई। इसके लिए मुख्य अभियंता स्तर के इंजीनियरों को एक दूसरे के परिक्षेत्र में भेजा गया। भोपाल परिक्षेत्र में पहली बार में राजगढ़ जिले की 5 सड़कों का औचक निरीक्षण करने के लिए सीई आनंद प्रकाश राणे व रीवा परिक्षेत्र के सीई संजय खांडे को जवाबदारी दी गई। सूत्रों ने बताया कि नरसिंहपुर में 4 किमी के कांक्रीट सड़क निर्माण में महज 1200 मीटर काम होना पाया गया।

> ■ टीम ने औचक निरीक्षण किया तो हुआ खुलासा

यहां हालांकि शहर के बीच में ही करीब 1600 मीटर का फारेस्ट क्षेत्र मिला है। इस वजह से काम रूक गया है। कांक्रीट रोड का सैंपल लिया गया है। इसे लेबोरेटरी में जांच के लिए भेजा जाएगा। जांच रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई होगी। इस टीम ने पीआईयू के भवन का निरीक्षण किया। गुणवत्ता ठीक पाई गई, किंतु छीपाहेड़ा-नलखेड़ा रोड पर आरडीसी का काम काफी खराब गुणवत्ता का मिला है। यह रोड बेरतरतीब तरीके से बनाई गई है। सामग्री भी अमानक पाई गई। बोल्डर बड़े साइज के थे, इसलिए उसे रीजेक्ट किया गया है। जबकि ज्यूडिशियल बिल्डिंड का कार्य सही पाया गया।

**रिपोर्ट शासन को एक दिन बाद भेजी जाएगी**



### इन टीमें को भी मिली औचक निरीक्षण में गड़बड़ियां

रीवा परिक्षेत्र में रीवा जिले की सड़कों की औचक जांच का जिम्मा सीई आरडीसी राकेश जैन व बीपी बौरासी को मिली थी। सूत्रों ने बताया कि टीम ने औचक निरीक्षण की रिपोर्ट तैयार कर रही है। इसे मंत्रालय भेजकर कार्रवाई की अनुशंसा की जाएगी। उज्जैन परिक्षेत्र के नीमच में औचक निरीक्षण की जबादारी सीई भवन एसआर गोरखेड़े व सुनील जैन को दी गई थी। दोनों इंजीनियरों की जांच टीम ने कई जगहों पर औचक निरीक्षण में गड़बड़ी पाई है। इसकी रिपोर्ट मंत्रालय भेजी जा रही है। इसके बाद कार्रवाई की जाएगी। सागर परिक्षेत्र में नीवाड़ी जिले की सड़कों की औचक छानबीन की जिम्मेदारी अजय श्रीवास्तव व जेएस बघेल को मिली थी। दोनों ने चार सड़कों का निरीक्षण किया है।

### लगातार आ रही शिकायतों पर लिया निर्णय

मप्र के मैदानी जिलों में कार्यपालन यंत्रियों की ओर से बनाए जाने वाले सड़कों व भवनों की खराब गुणवत्ता, लेतलतीफी व गड़बड़ी पाए जाने के बाद भी ठेकेदारों को क्लीनचिट देने, उन्हें लाभ पहुंचाने के लिए कई तरह के हथकंडे अपनाए जा रहे हैं। पिछले दिनों कुछ परिक्षेत्रों के मुख्य अभियंताओं ने ठेकेदारों को करोड़ों रुपए का लाभ पहुंचाया। इसे शासन को क्षति हुई। इसकी शिकायत एसीएस नीरज मंडलाई व प्रमुख अभियंता ईएनसी केपीएस राणा के पास पहुंची थी। इसके बाद इसकी जांच शुरू हुई तो हंगामा मचा। बताते हैं कि विभागीय मंत्री के सामने भी शिकायतें आ रही है। किंतु अब जाकर इसके लिए टीम गठित कर औचक निरीक्षण कराने का निर्णय लिया गया। किंतु इसमें भी औपचारिकता करने की जानकारी मिली। हालांकि क्रॉस वेरीफिकेशन भी कराया जा सकता है। इस निरीक्षण से प्रदेश भर में हड़कंप मचा है।

### बाकी टीमों के निरीक्षण की यह स्थिति रही

*इंदौर परिक्षेत्र के बुरहानपुर में सीई सीपी सिंह व ग्वालियर क्षेत्र के सीई एसएल सूर्यवंशी को औचक निरीक्षण के लिए भेजा गया था। इस टीम ने एक-एक सड़कों का गहनता से निरीक्षण किया। जांच टीम को कई जगहों पर काफी अनियमितता मिली है। मुख्यालय को जांच व कार्रवाई के लिए रिपोर्ट भेजी जा रही है। इस टीम ने तीन अलग अलग स्थानों पर औचक निरीक्षण किया है। जबलपुर परिक्षेत्र में नरसिंहपुर जिले में औचक निरीक्षण की जिम्मेदारी सीई संजय मस्के और जीएम तकनीकी भूपेंद्र सिंह को मिली थी। इस टीम ने हर जगह औचक निरीक्षण में सब कुछ ठीक पाया है। इस टीम को गड़बड़ी नहीं मिली। इस बारे में इस टीम के सदस्यों से बातचीत की कोशिश की गई, किंतु जवाब नहीं मिला। ग्वालियर परिक्षेत्र में गुना जिले में पांच सड़कों के औचक निरीक्षण की जवाबदारी सीई बीएस मीणा व सेतु परिक्षेत्र के सीई जीपी वर्मा को मिली थी। सूत्रों ने बताया कि यह टीम देर शाम तक महज तीन सड़कों का निरीक्षण ही कर पाई थी। टीम अब देर रात बैठकर रिपोर्ट तैयार करके मंत्रालय भेजेगी।*

## 8 मार्च से 11 मार्च तक यात्राएं होंगी प्रभावित

# नान-इंटरलॉकिंग कार्य के चलते सिंगरौली एक्सप्रेस 8 को रद्द, कई ट्रेनें परिवर्तित मार्ग से चलेंगी



**भोपाल।** पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर मंडल में कटंगी खुर्द में नान-इंटरलाकिंग कार्य के कारण 8 मार्च से 11 मार्च तक रेल यातायात प्रभावित रहेगा। इस दौरान यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए भोपाल मंडल से गुजरने वाली कुछ यात्री ट्रेनों को अस्थाई रूप से रद्द कर दिया गया है और कुछ ट्रेनों को परिवर्तित मार्ग से चलाने का निर्णय लिया गया है।

### निरस्त होने वाली ट्रेनें

- ट्रेन 22165 भोपाल - सिंगरौली एक्सप्रेस (08 मार्च को रद्द)
- ट्रेन 22166 सिंगरौली - भोपाल एक्सप्रेस (11 मार्च को रद्द)

### परिवर्तित मार्ग से चलने वाली ट्रेनें

- ट्रेन 18009 संत्रागाछी - अजमेर एक्सप्रेस (07 मार्च 2025 को गढ़वा रोड, सोन नगर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, प्रयागराज छिवकी, सतना, कटनी मुड़वारा होते हुए चलेगी)
- ट्रेन 03397 धनबाद - नासिक एक्सप्रेस (07 मार्च 2025 को गढ़वा रोड, सोन नगर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, प्रयागराज छिवकी, सतना, कटनी साउथ होते हुए चलेगी)
- ट्रेन 19414 कोलकाता - अहमदाबाद एक्सप्रेस (08 मार्च 2025 को गढ़वा रोड, सोन नगर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, प्रयागराज छिवकी, सतना, कटनी मुड़वारा होते हुए चलेगी)
- ट्रेन 03998 नासिक - धनबाद एक्सप्रेस (09 मार्च 2025 को कटनी साउथ, सतना, प्रयागराज छिवकी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, सोन नगर, गढ़वा रोड होते हुए चलेगी)
- ट्रेन 18010 अजमेर - संत्रागाछी एक्सप्रेस (09 मार्च 2025 को कटनी मुड़वारा, सतना, गढ़वा रोड होते हुए चलेगी)

### दयोदय एक्सप्रेस 8 मार्च को शॉर्ट टर्मिनेट रहेगी

*उत्तर पश्चिम रेलवे में चल रहे अधोसंरचना कार्य के चलते 8 मार्च को जबलपुर से चलने वाली गाड़ी संख्या 12181 जबलपुर-अजमेर दयोदय एक्सप्रेस सांगानेर स्टेशन तक चलेगी। यह गाड़ी सांगानेर से अजमेर के मध्य आंशिक रद्द रहेगी। इसी तरह वापसी में 9 मार्च अजमेर से चलने वाली गाड़ी संख्या 12182 अजमेर-जबलपुर एक्सप्रेस सांगानेर स्टेशन से प्रारंभ होकर जबलपुर तक आएगी।*

# हाथ-पैर, पेट दर्द की शिकायत सुकमा में एक महीने में 8 मौतें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सुकमा

छत्तीसगढ़ में सुकमा जिले के छिंदगढ़ ब्लॉक में पेट, पैर दर्द समेत चेचक की बीमारी से एक महीने में 8 ग्रामीणों की मौत हुई है। एक ग्रामीण ने मलेरिया से दम तोड़ा है। अब स्वास्थ्य विभाग ने गांव में मेडिकल कैंप लगाया है। पेड़ के नीचे लिटाकर बीमार मरीजों को ग्लूकोज चढ़ाया जा रहा है।

गांव में करीब 15 से 20 ग्रामीण अलग-अलग बीमारियों से ग्रसित मिले हैं। दरअसल, यह मामला जिले के धनीकोड़ता गांव का है। 2-3 दिन पहले ही लक्कापारा निवासी 55 साल के वेल्ला लिंगा की इलाज के दौरान मौत हो गई। इसे मलेरिया की शिकायत थी। लिंगा को सुकमा जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इससे पहले यह झाड़-फूंक करवा रहा था। ठीक नहीं हुआ तो अस्पताल लाया गया था, जहां इलाज के दौरान इसकी मौत हो गई।

### गांव में लगा कैंप

*स्वास्थ्य विभाग को जानकारी मिली थी कि इस गांव में पहले भी अलग-अलग बीमारी की वजह से ग्रामीणों की मौत हो गई है। स्वास्थ्य विभाग ने गांव में आरएमओ समेत 4 स्टाफ नर्स के साथ एक मेडिकल कैंप लगाया। यह कैंप गांव में इमली पेड़ के नीचे लगाया।*

## कई लड़कियों का नहीं लगा सुराग, इनमें 41 लड़कियां छत्तीसगढ़ कीं

# रोहतास के रेड लाइट एरिया से 45 नाबालिग बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सासाराम

रोहतास में गुरुवार की सुबह रेड लाइट एरिया में पुलिस ने छापेमारी की। इस दौरान नटवार बाजार स्थित एक रेड लाइट एरिया से 41 नाबालिग लड़कियां और 4 लड़के को बरामद किया गया है। छापेमारी के दौरान कई डांसर मौके से फरार हो गई, जिसकी तलाश की जा रही है। 41 लड़कियां छत्तीसगढ़ की रहने वाली हैं।

वहीं, 4 लड़के बिहार के रोहतास के रहने वाले हैं। इसके साथ ही मौके पर से 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। सभी आरोपी बिहार के रहने वाले हैं, जो लड़कियों के परिवार से कॉन्टैक्ट रखते थे। लड़कियां पार्टी से जितना कमाती थीं, उस रकम से कुछ हिस्सा परिवार वाले को आरोपी दे देते थे। फिलहाल इन सभी से पूछताछ की जा रही है।

**50 हजार में परिवार वालों ने बेचा**



बाल कल्याण समिति के सदस्य गगन पांडे ने बताया कि ये सभी लड़कियां करीब 2 साल से इस दलदल में फंसी थी। किसी के माता-पिता 50 हजार की चाहत में उसे किसी और के साथ सोने को मजबूर कर दिया तो किसी के पेरेंट्स ने बच्चियों को दूसरे के सामने डांस करने के लिए मजबूर किया।

**बाल कल्याण समिति में पेश हुइ सभी नाबालिग**

पुलिस ने नटवार थाना क्षेत्र से छुड़ाए सभी लड़के-लड़कियों को सासाराम स्थित बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश किया है। इस दौरान सभी नाबालिग बच्चों की उम्र और अन्य चीजों का सत्यापन किया जा रहा है। इसके बाद तुरंत कार्रवाई की जाएगी।

### दूसरे राज्यों से लाई गई थीं लड़कियां

*बाल कल्याण समिति के सदस्य गगन पांडे ने बताया कि सभी लड़कियां गरीब परिवार से आती हैं। इस वजह से संचालकों ने पैसों की लालच देकर लड़कियों को बुला लिया। कुछ लड़कियों को 50 हजार तो किसी को 30-40 हजार में खरीदा। धीरे-धीरे सभी लड़कियां पैसों की वजह से इस दलदल में आई हैं। मामले में रोहतास एसपी रोशन कुमार ने बताया कि बुधवार की देर रात पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि जिले के नटवार थाना क्षेत्र में दूसरे राज्यों से नाबालिग लड़कियों को लाकर डांस और गलत काम करवाया जाता है। पुलिस ने एनजीओ की मदद से छापा मारा है। 45 नाबालिग लड़के-लड़कियों को बचाया गया। उनकी उम्र और बाकी जानकारी की जांच की जा रही है। ये लोग दूसरे राज्यों से लड़कियों को लाते थे। उन्हें जबरदस्ती अलग-अलग कामों में लगाते थे।*

## स्थानीय निकायों को आय में वृद्धि पर मिलेगी प्रोत्साहन राशि


विभागीय बजट में 29 करोड़ से अधिक का प्रावधान

# राजस्व में बढ़ोतरी पर ऐसे नगर पालिक निगम, जिनकी आबादी 5 लाख से अधिक, उनके प्रथम आने पर मिलेंगे 4 करोड़ रुपए

## नगर परिषद में प्रथम आने पर सवा करोड़, द्वितीय पर 75 लाख

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र में नगरीय निकायों को अपनी आय में वृद्धि करने के लिए नगरीय विकास एवं आवास विभाग की ओर से लगातार निर्देश दिए जा रहे हैं। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने भी विभिन्न बैठकों में नगर निगम महापौर और स्थानीय निकायों के अध्यक्षों को अपनी निकायों को आर्थिक रूप से आत्म-निर्भर बनाने के लिए निर्देश दिए हैं। इस वर्ष राजस्व आय में श्रेष्ठ कार्य करने वाली स्थानीय निकायों को पुरस्कृत करने के लिए विभागीय बजट में 29 करोड़ 4 लाख रुपए का प्रावधान किया गया है। प्रोत्साहन योजना में आय में वृद्धि करने वाली नगरीय निकायों को पिछले 2 वित्तीय वर्षों में राजस्व और गैर राजस्व आय में हुई वृद्धि के प्रतिशत के अनुसार प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। नगरीय निकायों को संपत्ति कर, समेकित कर, नगरीय विकास उप कर एवं शिक्षा उप कर से प्रमुख रूप से आय होती है। इसके अलावा नगरीय निकायों को जल उपभोक्ता प्रभार, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन प्रभार, भूमि भवन किराया, बिल्डिंग परमिशन फीस से भी आय होती है।



मप्र की ऐसी नगर परिषद जिनकी आबादी 25 हजार से अधिक है, उन्हें प्रथम स्थान पर रहने पर एक करोड़ 25 लाख रुपए, द्वितीय स्थान पर 75 लाख रुपए और तृतीय स्थान पर रहने पर 50 लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। प्रदेश की 25 हजार से कम आबादी वाली नगर परिषदों को राजस्व आय वृद्धि में प्रथम स्थान पर आने के लिए 75 लाख रुपए, द्वितीय स्थान पर आने के लिए 50 लाख रुपए और तृतीय स्थान पर आने के लिए 29 लाख रुपए की राशि दी जाएगी। प्रत्येक वर्ग में 3-3 नगरीय निकायों का चयन किया जाएगा।

### आबादी के अनुसार प्रोत्साहन राशि

प्रदेश के ऐसे नगर पालिक निगम, जिनकी जनसंख्या 5 लाख से अधिक है, उन्हें प्रथम स्थान पर रहने पर 4 करोड़, द्वितीय पर 2 करोड़ 50 लाख और तृतीय स्थान पाने पर एक करोड़ 50 लाख रुपए, जिन नगर पालिक निगम की जनसंख्या 5 लाख से कम है, उन्हें प्रथम स्थान पर आने पर 3 करोड़ रुपए, द्वितीय पर 2 करोड़ रुपए और तृतीय स्थान प्राप्त करने पर एक करोड़ रुपए, प्रदेश की ऐसी नगर पालिका परिषद, जिनकी जनसंख्या एक लाख से कम है, उन नगर पालिका परिषद को आय वृद्धि पर पहले स्थान के लिए 2 करोड़ रुपए, द्वितीय स्थान के लिए 1 करोड़ 25 लाख रुपए, तृतीय स्थान के लिए 75 लाख रुपए की राशि दी जाएगी।

### ई-नगर पालिका से प्राप्त आंकड़ों का किया जाएगा परीक्षण

नगरीय निकायों की राजस्व एवं गैर राजस्व आय का निर्धारित मापदंडों के अनुसार संचालनालय स्तर पर ई-नगर पालिका के विश्लेषण के बाद पुरस्कृत किया जाएगा। पुरस्कृत राशि का उपयोग नगरीय निकायों के आधारभूत संरचना के विकास पर खर्च किया जाएगा।

## खेत में पानी डालने गया था

# बिलासपुर में किसान पर टाइगर का हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

बिलासपुर जिले के तखतपुर क्षेत्र में एक किसान पर बाघ ने हमला कर दिया। घटना कठमुण्डा के तुरतुरिया खार में गुरुवार सुबह करीब 6 बजे हुई। शिवकुमार जायसवाल (47) रबी फसल में पानी डालने के लिए खेत जा रहे थे। इसी दौरान पुलिया के पास से जंगली जानवर ने उन पर हमला कर दिया। ग्रामीणों के शोर मचाने पर जानवर भाग गया।

घायल किसान को पहले तखतपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बिलासपुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। स्वास्थ्य केंद्र में तैनात डॉ. शैलेंद्र शुक्ला ने टाइगर के हमले का अंदेशा जताया है। शिवकुमार गांव के राजू सिंह ठाकुर के खेत को अधिया पर लेकर खेती करते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि खेत में छिपे बाघ ने अचानक हमला कर दिया। शिवकुमार कुछ समझ पाते, इससे पहले ही वह गंभीर रूप से घायल हो गए। हालांकि, बिलासपुर के डीएफओ सत्यदेव शर्मा का कहना है किसी जंगली जानवर ने शिवकुमार को घायल किया है। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग और पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई है।



## चिंतन

# विश्व को ट्रेड वॉर की ओर धकेल रही ट्रंप की सनक

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ सनक ने पूरी दुनिया में ट्रेड वॉर छिड़ने की आशंका पैदा कर दी है। डोनाल्ड ट्रंप मेक्सिको, कनाडा और चीन पर टैरिफ लगा चुके हैं। इसके जवाब में कनाडा ने भी अमेरिकी वस्तुओं पर आयात शुल्क लगाने की घोषणा कर दी है। अब ट्रंप चीन और कनाडा ही नहीं, भारत पर भी भारी टैरिफ लगाने का ऐलान कर चुके हैं। राष्ट्रपति ने अमेरिकी संसद के ज्वाइंट सेशन को संबोधित करते हुए भारत के साथ जैसे तो तैसा टैरिफ लगाने की घोषणा कर दी। यह भी नहीं है कि ट्रंप ऐसा पहली बार कर रहे हैं। उनके पहले कार्यकाल के दौरान भी भारत से आयातित एल्युमिनियम और स्टील पर उच्च टैरिफ लगाए थे, जिसका असर भारत सहित कई देशों पर पड़ा था। इसके जवाब में भारत ने भी अमेरिकी वस्तुओं पर टैरिफ लगाया था। अब सवाल यह उठ रहा है कि अगर डोनाल्ड ट्रंप भारत पर भी टैरिफ लगाते हैं तो इसका क्या असर होगा। क्या इसकी मार सिर्फ भारत पर ही पड़ेगी या फिर अमेरिका भी ट्रंप की 'टैरिफ सनक' की आग से झुलसेगा। यह तो साफ है कि भारतीय आयात पर टैरिफ लगाने का असर न केवल दोनों देशों के राजनयिक रिश्तों पर पड़ेगा बल्कि भारत और अमेरिका दोनों के उद्योगों और आम लोगों पर भी पड़ेगा। अमेरिका और चीन भारत के सबसे बड़े व्यापारिक साझेदार हैं। अमेरिका की ओर से टैरिफ बढ़ाने पर निश्चित तौर पर भारत हाथ पर हाथ धरे नहीं बैठेगा। वह भी जवाबी कार्रवाई जरूर करेगा। ऐसे में अमेरिका का भारत के साथ किसी छुटभैया देश की तरह व्यवहार करना सुपरपावर के लिए महंगा सौदा साबित हो सकता है। वित्त वर्ष 2023-24 में दोनों देशों के बीच व्यापार 119.71 अरब डॉलर तक पहुंच गया है। इसमें भारत का लगभग 35.31 अरब डॉलर का ट्रेड सरप्लस है। इसका मतलब है कि देश के निर्यात का मूल्य उसके आयात के मूल्य से अधिक है। अमेरिका भारतीय सामान पर टैरिफ बढ़ाता है तो यह व्यापार संतुलन बिगड़ सकता है। इससे भारतीय उद्योगों के लिए चुनौतियां पैदा होंगी, लेकिन इसका सीधा असर अमेरिका पर भी पड़ेगा। वहां महंगाई बढ़ने का खतरा पैदा होगा। जब ट्रंप प्रशासन ने पहली बार टैरिफ लगाया था तो अमेरिका में महंगाई की मार शुरू हो गई थी। ट्रंप चाहते हैं कि भारत अमेरिकी सामानों पर टैरिफ कम करे और उनसे अधिक खरीदे। ट्रंप और मोदी के बीच हाल ही में हुई वार्ता के बाद अमेरिका ने व्यापारिक संबंध बढ़ने के महत्व पर जोर तो दिया, लेकिन संसद में ट्रंप ने टैरिफ लगाने का ऐलान करके नई स्पर्धा खड़ी कर दी है। अमेरिका से भारत को कच्चा तेल और पेट्रोलियम पदार्थों का आयात सबसे ज्यादा किया जाता है। मोती, कीमती पत्थर और नकली आभूषणों का इसके बाद नंबर आता है। इसके अलावा भारत अमेरिका से स्टील, महंगी मोटरसाइकिल, इलेक्ट्रॉनिक आइटम, परमाणु रिएक्टर और बॉयलर जैसे पावर प्लांट के उपकरण, विद्युत मशीनरी और उपकरण, विमानन, चिकित्सा और सैन्य उपकरण भी बड़ी मात्रा में खरीदता है। भारत अमेरिका को हीरे और आभूषण, चिकित्सा उपकरण और सामान, पेट्रोलियम उत्पाद, कृषि उत्पाद, टेक्सटाइल और परिधान, बैग, जूते आदि निर्यात करता है। अमेरिका भारत के सॉफ्टवेयर और अन्य सर्विसेज के लिए भी बड़ा बाजार है। टैरिफ वार शुरू होने से इन उद्योगों पर सीधा असर पड़ेगा। पहले से ही ट्रंप की टैरिफ वार से दुनियाभर के शेयर बाजार दहशत में हैं। अगर वे लगातार ऐसे ही फैसले लेते हैं तो नई विश्व ट्रेड वार छिड़ने की आशंका है। वे पूरी दुनिया के लिए घातक होगी।



टैरिफ कटौती

प्रो. अश्वनी महाजन


# टेस्ला का भारतीय ईवी उद्योग पर असर

टेस्ला कंपनी के संस्थापक एलन मस्क, जो डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद अमेरिकी प्रशासन में एक अहम भूमिका रखते हैं, का लगातार यह आग्रह रहा है कि टेस्ला कारों के भारत में आयात पर शुल्क घटाया जाए। हाल ही में प्रस्तुत केंद्र सरकार के बजट में 40 हजार डालर से अधिक कीमत वाली कारों पर आयात शुल्क 110 प्रतिशत से घटाकर 70 प्रतिशत कर दिया गया है। आयात शुल्क घटने के बाद ऐसा माना जा रहा है कि भारत में टेस्ला कारों की बिक्री का मार्ग प्रशस्त हो गया है। टेस्ला कंपनी ने भारत में अपने शोरूम खोलने की कवायद शुरू कर दी है। लंबे समय तक भारत की ऑटोमोबाइल सभी कारों के आयात पर शुल्क घटने का विरोध करती रही हैं।

लंबे समय से इलेक्ट्रिक वाहन बनाने वाली एक अमेरिकी कंपनी टेस्ला, जिसकी इलेक्ट्रिक कारें अमेरिका और अन्य देशों में काफी लोकप्रिय है, भारत में अपनी कारों को बेचने के लिए प्रयास करती रही है। कंपनी का यह कहना है कि पहले उसे अपनी कारें बेचने हेतु मार्ग प्रशस्त किया जाए, और बाद में कंपनी भारत में उत्पादन केंद्र खोलकर यहीं पर विनिर्माण शुरू करने पर विचार करेगी। गौरतलब है कि लंबे समय से भारत के ऑटोमोबाइल क्षेत्र के संरक्षण हेतु सरकार विदेशों से आने वाले वाहनों पर भारी आयात शुल्क लगाती रही है। अभी तक 40 हजार डॉलर की कीमत से ज्यादा की कारों पर 110 प्रतिशत आयात शुल्क लगाया जाता है। 40 हजार डालर से कम की कारों पर आयात शुल्क 60 प्रतिशत है।

टेस्ला कंपनी के संस्थापक एलन मस्क, जो डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद अमेरिकी प्रशासन में एक अहम भूमिका रखते हैं, का लगातार यह आग्रह रहा है कि टेस्ला कारों के भारत में आयात पर शुल्क घटाया जाए। हाल ही में प्रस्तुत केंद्र सरकार के बजट में 40 हजार डालर से अधिक कीमत वाली कारों पर आयात शुल्क 110 प्रतिशत से घटाकर 70 प्रतिशत कर दिया गया है। आयात शुल्क घटने के बाद ऐसा माना जा रहा है कि भारत में टेस्ला कारों की बिक्री का मार्ग प्रशस्त हो गया है। इसके साथ ही टेस्ला कंपनी ने भारत में अपने शोरूम खोलने की कवायद शुरू कर दी है। गौरतलब है कि लंबे समय तक भारत की ऑटोमोबाइल कंपनियां टेस्ला समेत सभी कारों के आयात पर शुल्क घटाने का विरोध करती रही हैं। उनका विरोध बिना कारण नहीं रहा। जब लगभग तीन साल पहले भारत में टेस्ला कंपनी ने आयात शुल्क घटाने हेतु लॉबिंग शुरू की थी, तब तक देश में इलेक्ट्रिक कारों का उत्पादन अत्यंत शैशव अवस्था में था।

भारतीय कंपनियों का कहना था कि यदि इस स्थिति में टेस्ला कंपनी की विनिर्मित कारों पर आयात शुल्क घटाया जाता है तो उनके द्वारा देश में विकसित इलेक्ट्रिक कारों के विकास में बाधा आएगी। एक वर्ष पहले भी इसी प्रकार का प्रयास टेस्ला कंपनी द्वारा किया गया था, तो ऐसे में भारत सरकार ने यह शर्त लगाई थी कि टेस्ला कंपनी भारत में अपना उत्पादन केंद्र शुरू करेगी। जहां तक कारों के आयात का प्रश्न है, कंपनी को 15 प्रतिशत के अत्यंत कम आयात शुल्क पर अधिकतम आठ हज़ार कारों के आयात हेतु अनुमति दी गई थी। अभी जहां आयात शुल्क को 110 प्रतिशत से घटाकर 70 प्रतिशत किया गया है, अधिकतम कारों की सीमा को बढ़ाकर 50 हजार करने का प्रस्ताव है। इसके साथ ही देश में यह बहस शुरू हुई है कि टेस्ला कंपनी को कम आयात शुल्क पर अधिक कारें आयात करने की अनुमति से भारत के इलेक्ट्रिक कारों के विनिर्माण पर क्या असर पड़ सकता है? समझना होगा कि भारतीय ईवी उद्योग तेजी से बढ़ रहा है, जिसका बाजार आकार 20 प्रतिशत वार्षिक से भी अधिक तेजी से, 2032 तक लगभग 118 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। हालांकि, वर्तमान में कुल वाहन बिक्री में ईवी की मात्र 5 प्रतिशत ही हिस्सेदारी है, लेकिन दो पहिया और तिपहिया वाहनों की श्रेणियों में ईवी को तेजी से अपनाने के कारण यह संख्या 2030 तक 40 प्रतिशत तक पहुंचने की उम्मीद है। इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने और विनिर्माण के लिए एक दृढ़ और अनुकूल



सरकारी नीतियां रही हैं। इसके अलावा, इलेक्ट्रिक दो पहिया और तिपहिया वाहनों की बढ़ती मांग ईवी उद्योग के लिए एक प्रेरक शक्ति रही है। साथ ही, बैटरी की लागत में भी भारी कमी आई है, जिससे इलेक्ट्रिक वाहनों की कीमतें भी कम हुई हैं। चार पहिया वाहनों के क्षेत्र में टाटा मोटर्स और महिंद्रा एंड महिंद्रा प्रमुख खिलाड़ी हैं, जबकि दो पहिया वाहनों के क्षेत्र में ओला एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में उभरी है। टेस्ला कारों पर टैरिफ़ में कटौती के बाद भी टेस्ला कारों की ऑन-रोड कीमत 45 लाख रुपये से दो करोड़ रुपये के बीच होगी।

दूसरी ओर, ज़्यादातर भारतीय ईवी कारों की कीमत आठ लाख रुपये से 20 लाख रुपए के बीच ही है। इसलिए, यह मानना कि टेस्ला कारों के आने से भारतीय इलेक्ट्रिक कारों के उत्पादन और बिक्री पर बुरा असर पड़ेगा, सच नहीं है। भारत सरकार विभिन्न पहलों के माध्यम से इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) उद्योग को सक्रिय रूप से बढ़ावा दे रही है। ईवी पर वस्तु और सेवा कर (जीएसटी) को 12% से घटाकर 5% कर दिया गया है। इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीद पर कुछ सीमा तक सब्सिडी भी दी जाती है। सरकार डिजिटल लेनदेन जैसे कुशल चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर स्थापित करने के लिए भी प्रोत्साहन दे रही है। ईवी और उनके घटकों के घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना शुरू की गई है। सरकार ने 2025 तक ईवी के लिए 2.7 लाख सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने का लक्ष्य भी रखा है। राज्यों द्वारा भी ईवी नीतियों को लागू किया जा रहा है, जिसमें 50 प्रतिशत राज्यों की अपनी ईवी नीतियां हैं। इन नीतियों में ईवी खरीद के लिए वित्तीय प्रोत्साहन, रोड टैक्स और कार पंजीकरण शुल्क से छूट और ईवी खरीद के लिए कम ऋण ब्याज दरें शामिल हैं।

दिल्ली और कई अन्य राज्यों में ईवी को रोड टैक्स के भुगतान से छूट दी गई है। कुल मिलाकर, भारत सरकार और राज्य सरकारें राजकोषीय और गैर-राजकोषीय प्रोत्साहन, उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन और राज्य ईवी नीतियों के माध्यम से ईवी उद्योग को व्यापक बढ़ावा दे रही हैं। टेस्ला समेत आयातित कारों पर टैरिफ कम करने के सरकार के इस फैसले के बाद, ऐसा लग रहा है कि टेस्ला भारतीय ईवी बाजार का एक बड़ा हिस्सा छीन सकती है। लेकिन सच्चाई यह है कि टैरिफ कम करने के बाद भी टेस्ला भारत में अधिकतम 50,000 वाहन ही बेच सकती है। अगर हम देश में इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री देखें तो चीनी दिग्गज पहले ही ईवी बाजार के एक बड़े हिस्से पर कब्जा करना शुरू कर चुके हैं। हालांकि, भारत सरकार ने चीन से निवेश पर खासी कड़ाई कर दी है, जिसने भारत में चीनी ईवी खिलाड़ियों की योजनाओं को धूमिल कर दिया है, लेकिन इसके बावजूद चीनी कंपनियां अमेरिका और यूरोपीय देशों के साथ साझेदारी करके इन चुनौतियों से निपटने के तरीके खोज रही हैं।

हालांकि, सुरक्षा चिंताओं के चलते चीनी कारों के भारत में प्रवेश को लेकर सरकार की ओर से की गई प्रतिबंधों के कारण, इलेक्ट्रिक वाहनों के कलपुर्जों के मामले में चीन से अभी भी बड़ी चुनौती आ रही है। भारतीय कंपनियों ने बड़े पैमाने पर इलेक्ट्रिक कारों का निर्माण तो शुरू कर दिया है, लेकिन इलेक्ट्रिक वाहनों के कलपुर्जों, खासकर बैटरी और मोटरों के लिए इन कंपनियों की बहुत बड़ी निर्भरता बनी हुई है। वर्तमान बजट में, भारत सरकार ने इन कलपुर्जों के निर्माण के लिए आवश्यक कच्चे माल पर बुनियादी सीमा शुल्क को कम करके इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए बैटरी और मोटरों के घरेलू उत्पादन को प्रोत्साहित करने का एक गंभीर प्रयास किया है। यह माना जा सकता है कि आने वाले वर्षों में, आत्मनिर्भर भारत रणनीति के तहत, भारत इलेक्ट्रिक वाहनों के उत्पादन में आत्मनिर्भरता की ओर आगे बढ़ेगा।

(लेखक पीजीडीएवी कॉलेज के पूर्व प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## दो टूक

रोहित कौशिक




# अनर्गल बयानों से गिर रही राजनेताओं की साख

इंडियन क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा की फिटनेस को लेकर कांग्रेस की महिला प्रवक्ता डॉ. शमा मोहम्मद की टिप्पणी से एक नया हंगामा हो गया है। शमा मोहम्मद ने रोहित शर्मा को मोटा खिलाड़ी बताया और उन्हें वजन कम करने की सलाह दी थी। हालांकि कांग्रेस ने शमा मोहम्मद के बयान से किनारा कर लिया है लेकिन इस टिप्पणी के बाद कांग्रेस बैठे-बिठाए ही सवालों के घेरे में आ गई है। भाजपा इस मुद्दे को लेकर कांग्रेस पर हमलावर है। कांग्रेस के राजनेता या प्रवक्ता भारतीय जनता पार्टी को कांग्रेस पर हमलावर होने के मौके दे देते हैं। कांग्रेस के कुछ राजनेता यह समझने के लिए तैयार नहीं हैं कि उन्हें किस तरह का व्यवहार करना है। कांग्रेस के नेता यह गंभीरता कब समझेंगे कि उनके वक्तव्य का समाज पर असर पड़ता है। सार्वजनिक रूप से या फिर सोशल मीडिया पर ऐसे बयान नहीं दिए जाने चाहिए जिससे कांग्रेस की राजनीति पर गलत असर पड़े। पहले तो कांग्रेस के नेता बिना सोचे-समझे बयान दे देते हैं और फिर अपने बयानों पर सफाई देते फिरते हैं। ऐसे माहौल में कांग्रेस पार्टी असमंजस की स्थिति में आ जाती है। केन्द्र और ज्यादातर राज्यों में कांग्रेस सत्ता से दूर है। क्या ऐसे बयानों से कांग्रेस को कोई लाभ होने की उम्मीद है। निश्चित रूप से ऐसे बयान कांग्रेस की परेशानी ही बढ़ाएंगे। कांग्रेस को यह सोचना होगा कि वह कैसे अपना खोया हुआ जनाधार वापस पा सकती है। जनता कांग्रेस पर तभी विश्वास कर पाएगी, जब कांग्रेस अपने व्यवहार में भी गंभीरता दिखाएगी। शमा मोहम्मद ने एक्स पर लिखा था कि रोहित शर्मा एक खिलाड़ी के तौर पर मोटे हैं। उन्हें वजन कम करने की जरूरत है। साथ ही वह भारतीय टीम के अब तक के सबसे निराशाजनक कप्तान हैं। वह एक औसत कप्तान होने के साथ-साथ औसत खिलाड़ी भी हैं, जिन्हें भारत का कप्तान होने का सौभाग्य मिला है। शमा मोहम्मद मूल रूप से केरल की रहने वाली डेंटिस्ट हैं। उन्हें 2018 में पहली बार कांग्रेस के राष्ट्रीय मीडिया पैनलिस्ट के रूप में नियुक्त किया गया था। इसके बाद उन्हें पार्टी का राष्ट्रीय प्रवक्ता बनाया गया। 2019 में भी अपने एक बयान के कारण शमा मोहम्मद चर्चा में आई थीं। उस समय उन्होंने कांग्रेस के टिकट वितरण पर सवाल उठाए थे। उन्होंने कहा था कि जब संसद में महिला आरक्षण बिल पेश किया गया, ऐसे समय में कांग्रेस को केरल में ज्यादा महिलाओं को टिकट देना चाहिए था। भारतीय जनता पार्टी ने शमा मोहम्मद की टिप्पणी पर कांग्रेस को घेरा। भाजपा के प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि जो लोग राहुल गांधी की कप्तानी में 90 चुनाव हार चुके हैं, वे रोहित शर्मा की कप्तानी को अप्रभावी बता रहे हैं। मुझे लगता है कि दिल्ली में 6 बार शून्य पर आउट होना और 90 बार चुनाव हारना प्रभावशाली है लेकिन टी 20 विश्वकप जीतना प्रभावशाली नहीं है। वैसे कप्तान के तौर पर रोहित शर्मा का ट्रैक रिकॉर्ड शानदार है। हालांकि कांग्रेस के मीडिया प्रमुख पवन खेड़ा ने कहा कि जो शमा मोहम्मद ने कहा है कि वह पार्टी का स्टैंड नहीं है। शमा को एक्स से संबंधित पोस्ट हटाने के लिए कहा गया है। कांग्रेस भारतीय खिलाड़ियों के योगदान को सर्वोच्च सम्मान देती है। भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा पर टिप्पणी करने के बाद कांग्रेस प्रवक्ता शमा मोहम्मद खूब ट्रोल हो रही हैं। एक्स पर रोहित शर्मा के फैन्स शमा से नाराजगी व्यक्त कर रहे हैं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने इस टिप्पणी को अनुचित बताया है। राहुल गांधी भी शमा की टिप्पणी से नाराज बताए जा रहे हैं। सवाल यह है कि कांग्रेस के नेता कब तक ऐसी हरकतें करते रहेंगे जो कांग्रेस के लिए अनावश्यक समस्याएं पैदा करें। शायद ऐसे नेताओं को ज्यादा बोलने की बीमारी हो रही है। अतिरेक में कुछ भी कह देना ऐसे नेताओं की आदत में शुमार हो गया है। भाजपा के कई नेता भी अपनी टिप्पणियों के लिए अक्सर चर्चा में रहते हैं। अतिरेक में बयान देने वाले और आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले नेता चाहे कांग्रेस में हों या फिर भारतीय जनता पार्टी में हों, अपना ओछापन दिखा ही देते हैं। जनप्रतिनिधियों को तो बहुत सोच-समझ कर बयान देने चाहिए लेकिन जनप्रतिनिधि घमंड में इतने चूर हैं कि कुछ भी बयान दे देते हैं। ऐसे बयान वास्तविकता से बहुत दूर होते हैं। बयान बहादुर बनने वाले राजनेताओं को यह सोचना चाहिए कि ऐसे बयानों से राजनीति की गरिमा तो गिरती ही है, राजनेताओं की साख भी दांव पर लग जाती है। राजनीति में राजनेताओं की साख बचे रहना बहुत जरूरी है। यह दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि इस दौर में राजनेताओं के क्रियाकलापों की वजह से उनकी साख लगातर गिरती जा रही है।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# सफलता पाने क्यों मन पर अंकुश लगाना ज़रूरी है?



संकलित

**दर्शन**

मन अधिक चंचल है, क्योंकि वह माया में रमा हुआ है। उसे जीवन सफलता के मार्ग पर अग्रसर करने के लिए बड़े अंकुश की आवश्यकता होती है। परमात्मा के भय से बड़ा कोई नियंत्रक नहीं है। वह दृष्टिगोचर नहीं है। फिर भी सर्वव्यापी है। उसके कोई अधिकारी नहीं हैं। फिर भी उसका राज्य अनंत एवं व्यवस्था अति सुचारु है। उसने कोई संविधान नहीं बनाया। फिर भी वह गुण-दोष परखकर फल देता जा रहा है। परमात्मा अंतर्यामी है। कुछ भी उसकी दृष्टि से ओझल नहीं है। उसका न्याय होकर रहता है। सांसारिक विधानों से बचा जा सकता है, किंतु परमात्मा की परम शक्ति से नहीं। परमात्मा की सत्ता को स्वीकार कर उसके अनुसार जीवन व्यतीत करना ही दंड से बचने का एकमेव उपाय है। परमात्मा निराकार है, किंतु उसका कौतुक जीवन को प्रत्यक्षतः प्रभावित करता है। परमात्मा का सबसे बड़ा प्रभाव मनुष्य का तन है, जो पांच तत्वों जल, वायु, अग्नि, धरती और आकाश के संयोग से बना है। ये पांचों तत्व परस्पर विपरीत प्रकृति के हैं। वे एक साथ नहीं रह सकते। परमात्मा की ही महिमा है कि एक साथ जीव के तन में बस रहे हैं। इससे बड़ा चमत्कार कोई और नहीं हो सकता। परमात्मा ने अगण्य जीव रचे हैं और नित्य रचता जा रहा है। वह जीवों को रचता ही नहीं, उनका प्रतिपालन भी करता है। उसकी कृपा एवं उसका दंड पल-पल संसार में प्रकट होते हैं। वह राजा से रंक, रंक से राजा, ज्ञानी से अज्ञानी एवं अज्ञानी से ज्ञानी बना रहा है। उसकी लीला वही जानता है।

# व्यक्ति के विचार अच्छे नहीं, तो नीयत साफ नहीं



संकलित

**प्रेरणा**

महाभारत में द्युत क्रीड़ा में युधिष्ठिर दुर्योधन और शकुनि से सब कुछ हार गए थे। उस समय ये तय हुआ था कि जब पांडव 12 वर्ष का वनवास और 1 वर्ष का अज्ञातवास पूरा कर लेंगे, तब उन्हें उनका हारा हुआ राज्य लौटा दिया जाएगा। युधिष्ठिर, भीम, अर्जुन, नकुल, सहदेव और द्रौपदी का 12 वर्ष का वनवास और 1 वर्ष का अज्ञातवास पूरा हो गया था। शर्त के मुताबिक, दुर्योधन को पांडवों का राज्य लौटाना था। इसके लिए श्रीकृष्ण पांडवों के दूत बनकर हस्तिनापुर पहुंचे। भगवान ने दुर्योधन से कहा कि पांडवों ने वनवास पूरा कर लिया है, अब उन्हें उनका राज्य लौटा दो। श्रीकृष्ण की बात सुनने के बाद दुर्योधन ने पांडवों को राज्य लौटाने से मना कर दिया। दुर्योधन ने कहा कि वो पांडवों को एक गांव भी नहीं देगा। दुर्योधन की जिद के आगे धृतराष्ट्र, भीष्म, द्रोणाचार्य भी कुछ बोल नहीं सके। इसके बाद श्रीकृष्ण दरबार से जाने लगे तो दुर्योधन ने उनसे कहा कि आप हमारे अतिथि हैं, आप बिना भोजन किए न लौटें। श्रीकृष्ण ने कहा कि मैं किसी के यहां खाना खाते समय दो बातें ध्यान रखता हूं। पहली, मुझे बहुत भूख लगी हो। दूसरी, सामने वाला मुझे बहुत प्रेम से खिला रहा हो। अभी ये दोनों ही बातें नहीं हैं, न तो मुझे भूख है और न ही तुम मुझे प्रेम से निमंत्रण दे रहे हो। जैसा तुम्हारा स्वभाव है, इसमें भी कोई षड़यंत्र हो सकता है। इतना कहकर श्रीकृष्ण वहां से चले गए और बाद में भगवान ने विदुर के यहां भोजन किया था।

## अट्टुकल पोंगाला उत्सव



तिरुवनंतपुरम में गुरुवार अट्टुकल पोंगाला उत्सव के दौरान भक्त अट्टुकलदेवी मंदिर में नारंगविलक्कू अनुष्ठान करते हुए।

## आज की पाती

### मतदान के लिए न आना वाकई चिंताजनक

राजनीति और लोकतंत्र की ताकत इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) में निहित है। आखिरकार, मतदान एक महत्वपूर्ण शक्ति का प्रतिनिधित्व करता है और हर मतदाता के लिए इसे पहचानना महत्वपूर्ण है। राष्ट्र हमारा है और हमारा लोकतंत्र भी हमारा है। इस लोकतांत्रिक व्यवस्था में, वोट की सबसे बड़ी ताकत होती है। इस शक्ति से हम अपना और अपने बच्चों का भविष्य संवारते हैं। इसलिए 18 वर्ष से अधिक आयु के प्रत्येक व्यक्ति का यह कर्तव्य है कि वह चुनाव में भाग ले। मतदान न करने का विकल्प चुनना अनिवार्य रूप से इस लोकतांत्रिक दायित्व से विमुख होना है। हर मतदाता को अपने व्यस्त जीवन के बावजूद चुनाव प्रक्रिया में शामिल होने का प्रयास करना चाहिए। जिस तरह लोग सुख-समृद्धि के लिए पूजा स्थलों पर जाने को समय निकालते हैं, उसी तरह मतदान के लिए भी समय निकालना चाहिए। *-साकेत अग्रवाल, महासमुंद*

## ट्रेंड

### शीतकालीन पर्यटन

देवभूमि उत्तराखंड में शीतकालीन पर्यटन को बढ़ावा देने का प्रयास अत्यंत सराहनीय है। हर्षिल में इसी से जुड़ी ट्रैक और बाइक रैली में शामिल लोगों के जोश और उत्साह ने नई ऊर्जा से भर दिया है।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री



### नेशनल कोआर्डिनेटर

अब रामजी गौतम व रणधीर बेनीवाल दोनों बीएसपी नेशनल कोआर्डिनेटर के रूप में सीधे तौर पर देश के विभिन्न राज्यों की जिम्मेदारियों को संभालेंगे। पार्टी को उम्मीद है कि ये लोग पूरी ईमानदारी व निष्ठा के साथ कार्य करेंगे।

-मायावती, पूर्व सीएम, उप्र



### फेरोक्रोम का महत्व

क्या आप जानते हैं स्टील को 'स्टेनलेस' क्या बनाता है। फेरोक्रोम जो क्रोमियम से बनता है। इसमें अद्भुत जंगरोधी गुण होते हैं जो स्टील को खाना पकाने के बर्तनों से लेकर कारों तक के अनुप्रयोगों में इस्तेमाल करने में सक्षम बनाते हैं।

-अनिल अग्रवाल, उद्यमी



### वन्यजीव कल्याण

अनंत अंबानी और वंतारा में उनकी पूरी टीम वन्यजीव कल्याण में उल्लेखनीय बदलाव ला रही है। बचाव, पुनर्वास और संरक्षण के प्रति उनका समर्पण एक अधिक टिकाऊ और दयालु पारिस्थितिकी तंत्र को आकार दे रहा है।

-विराट कोहली, क्रिकेटर



## करंट अफेयर

# कश्मीर पर जयशंकर की टिप्पणी 'बेबुनियाद': पाक



पाकिस्तान ने कश्मीर के संबंध में भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर की टिप्पणी को 'बेबुनियाद' बताते हुए बृहस्पतिवार को खारिज कर दिया। साथ ही इस मुद्दे के समाधान की मांग की। जयशंकर ने बुधवार को लंदन में चैथम हाउस थिंक-टैंक के एक सत्र को संबोधित करते हुए कहा था कि कश्मीर विवाद का समाधान 'कश्मीर के चुराए गए हिस्से की वापसी के बाद होगा, जो अवैध रूप से पाकिस्तान के कब्जे में है।' पाकिस्तान के विदेश कार्यालय के प्रवक्ता शफकत अली खान ने अपनी साप्ताहिक प्रेस वार्ता में जयशंकर की इस टिप्पणी को खारिज कर दिया और भारत से कश्मीर के उस हिस्से को खाली करने को कहा, जिस पर उसने कब्जा कर रखा है। खान ने कहा, 'हम पांच मार्च को लंदन के चैथम हाउस में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान जम्मू-कश्मीर को लेकर भारत के विदेश मंत्री की ओर से की गई टिप्पणी को खारिज करते हैं।' उन्होंने कहा, 'आजाद जम्मू-कश्मीर के बारे में बेबुनियाद दावे करने के बजाय भारत को पिछले 77 वर्षों से अपने कब्जे में रखे गए जम्मू-कश्मीर के एक बड़े क्षेत्र को खाली कर देना चाहिए।'

## ऑफ बीट

# अपने दर्द को 10 में से अंक देना क्यों मुश्किल है?



सबसे सामान्य पैमाना 50 सालों से है। यह लोगों से उनके दर्द को शून्य (कोई दर्द नहीं) से लेकर दस (आमतौर पर 'सबसे तेज दर्द जिसकी कल्पना की जा सकती है') तक रेट करने के लिए कहता है। यह दर्द के सिर्फ एक पहलू -इसकी तीव्रता- पर ध्यान केंद्रित करता है ताकि मरीज की हालत क्या है इसे तेजी से समझा जा सके।यह कितना दर्दनाक है? क्या यह बदतर हो रहा है? क्या उपचार से यह ठीक हो रहा है? रेटिंग स्केल समय के साथ दर्द की तीव्रता का पता लगाने के लिए उपयोगी हो सकते हैं। अगर दर्द के अंक आठ से चार हो जाते हैं, तो इसका मतलब है कि आप बेहतर महसूस कर रहे हैं - यह भी हो सकता है कि आपका चार अंक किसी अन्य व्यक्ति के चार अंक से अलग हो। शोध से पता चलता है कि क्रोनिक (पुराने) दर्द की गंभीरता में दो अंक (या 30) की कमी आमतौर पर एक ऐसे परिवर्तन को दर्शाती है जो दैनिक जीवन में अंतर लाता है। पेचीदा अनुभव पता करने के लिए बेहद संकुचित माध्यम मेरी बेटी की दुविधा पर विचार करें। कोई व्यक्ति सबसे भयानक दर्द की कल्पना कैसे कर सकता है? क्या हर कोई एक सी ही कल्पना कर सकता है?

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

भैया जी जोशी के बयान पर महाराष्ट्र विधानसभा में हंगामा

# मराठी महाराष्ट्र की भाषा, उसे सम्मान और संरक्षण दिया जाएगा

## मराठी सीखना हर नागरिक का कर्तव्य

**मुख्यमंत्री ने बयान पर सदन को किया आश्वस्त**

एजेंसी ▶▶ मुंबई

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ आरएसएस के नेता भैया जी जोशी के बयान पर महाराष्ट्र विधानसभा में जमकर हंगामा मचा। बवाल अधिक बढ़ने पर 5 मिनट तक सदन को स्थगित करना पड़ा। सीएम फडणवीस ने कहा कि मराठी मुंबई और पूरे महाराष्ट्र की भाषा है।

मराठी को महाराष्ट्र में सम्मान और संरक्षण दिया जाएगा। यह भाषा महाराष्ट्र की सांस्कृतिक विरासत का अभिन्न अंग है। उन्होंने सभी नागरिकों से मराठी भाषा का सम्मान करने और इसे अपने दैनिक जीवन में अपनाने की अपील की।

बोले सीएम यह भाषा महाराष्ट्र की सांस्कृतिक विरासत का अभिन्न अंग



सीएम फडणवीस ने कहा कि मुंबई, महाराष्ट्र और राज्य सरकार की भाषा मराठी है। यहां रहने वाले लोगों को इसे सीखना चाहिए। मराठी राज्य की संस्कृति और पहचान का हिस्सा है। इसे सीखना हर नागरिक का कर्तव्य है। इस बयान के बाद महाराष्ट्र विधानसभा में भाजपा और शिवसेना (यूबीटी) नेताओं के बीच तीखी बहस हुई।

### आदित्य ने भाजपा पर साधा निशाना



जोशी के बयान पर शिवसेना (यूबीटी) नेता आदित्य ठाकरे ने कहा कि यह संभव नहीं है। महाराष्ट्र की भाषा मराठी ही रहेगी। उन्होंने कहा कि बाहर से लोग हमारे प्रदेश में आते हैं और यहां बस जाते हैं। यहां की भाषा मराठी है जैसे तमिलनाडु की तमिल और कर्नाटक की कन्नड़। भाजपा की विचारधारा महाराष्ट्र का अपमान करने की है। सुरेश भैया जी ने कहा कि घाटकोपर में भाषा गुजराती हो सकती है, मगर यह बिल्कुल संभव नहीं है।

**भैयाजी जोशी की सफाई**

### मेरे बयान पर लोगों को गलतफहमी हुई



आरएसएस के पदाधिकारी सुरेश भैयाजी जोशी ने मराठी भाषा को लेकर हुए विवाद के बाद अपनी सफाई दी है। उन्होंने कहा मराठी मेरी मातृभाषा है और मुझे इस पर गर्व है। मुंबई के एक उपनगर में एक कार्यक्रम में मेरे कहे हुए वक्तव्य को लेकर गलतफहमी हुई है। ऐसा मुझे लगता है। ये सवाल ही नहीं उठता है कि मुंबई की भाषा मराठी नहीं है। महाराष्ट्र की भाषा मराठी है और मुंबई महाराष्ट्र में है तो स्वाभाविक तौर पर मुंबई की भाषा मराठी है। भारत में विविध भाषाएं बोली जाती है। मुंबई में भी विभिन्न भाषाओं के बोलने वाले लोग रहते हैं। स्वाभाविक तौर पर यह अपेक्षा रहती है कि वे लोग भी मुंबई में रहकर मराठी सीखें। जोशी की टिप्पणी की विपक्षी शिवसेना (उबाठा) और कांग्रेस ने कड़ी आलोचना की थी।

**एक कार्यक्रम में दिया था यह बयान**

जोशी ने बुधवार को कहा था कि मुंबई में कोई एक भाषा नहीं है। मुंबई के हर हिस्से की अलग-अलग भाषा है। घाटकोपर इलाके की भाषा गुजराती है। इसलिए अगर आप मुंबई में रहते हैं, तो यह जरूरी नहीं है कि आपको मराठी सीखनी पड़े। उनके इस बयान पर विपक्षी दलों ने हंगामा मचाना शुरू कर दिया।

## खबर संक्षेप

### गठबंधन की सरकार में बिहार में शराब बिकेगी



**पटना।** इस वक्त बिहार से बड़ी खबर है। कांग्रेस विधायक प्रतिमा दास ने बिहार में शराबबंदी पर बड़ा बयान दिया है। दास ने कहा कि अगर बिहार में महागठबंधन की सरकार बनेगी तो फिर से शराब की बिक्री शुरू होगी। दास ने कहा कि जैसे ठेका से शराब की बिक्री पहले होती थी, फिर से वैसे ही शराब की बिक्री होगी। कांग्रेस महागठबंधन में आरजेडी की सहायक है।

### देहरादून में सील किए गए 11 मदरसे



**देहरादून।** प्रशासन द्वारा 28 फरवरी को जारी किए गए ऑर्डर के बाद प्रशासन ने जिले में 11 मदरसे सील कर दिए गए हैं। इन मदरसों को सील किए जाने की वजह राज्य मदरसा बोर्ड या शिक्षा विभाग में पंजीकरण न होना बताया गया है। जनवरी में लोकल बॉडी इलेक्शन से पहले राज्य सरकार ने सत्यापन अभियान चलाने के निर्देश दिए थे। इसी पर कार्रवाई की गई है।

### उदयनिधि पर नई प्राथमिकी नहीं होगी दर्ज



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट से तमिलनाडु के उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन को बड़ी राहत मिली है। कोर्ट ने ने निर्देश दिया कि उदयनिधि के सनातन धर्म संबंधी कथित बयान के लिए उनके खिलाफ बिना अनुमति के कोई नई प्राथमिकी नहीं दर्ज की जाएगी। स्टालिन को बलपूर्वक कार्रवाई से संरक्षण देने वाले अंतरिम आदेश की अवधि को भी बढ़ा दिया है।

### इलाहाबादिया और अपूर्वा के बयान दर्ज



**नई दिल्ली।** इंडियाज गॉट लैटेंट' शो आपत्तिजनक टिप्पणी मामले की जांच जारी है। रणवीर इलाहाबादिया और अपूर्वा माखीजा ने 'राष्ट्रीय महिला आयोग' में बयान दर्ज कराए। रणवीर और अपूर्वा मुखीजा इंडियाज गॉट लैटेंट के दो प्रोड्यूसर्स सौरभ बोथरा और तुषार पुजारी के साथ पहुंचे। आशीष चंचलानी के वकील आयोग में पेश हुए।

### स्टेट बार कौंसिल को चुनाव शेड्यूल पेश करें

**बिलासपुर।** हाईकोर्ट ने स्टेट बार कौंसिल के चुनाव को लेकर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए गुरुवार को बार कौंसिल ऑफ इंडिया और स्टेट बार कौंसिल दोनों को प्रस्तावित चुनाव का शेड्यूल बनाकर पेश करने का निर्देश दिया है। अगली सुनवाई 18 को होगी। बार कौंसिल में पिछले 6 सालों से चुनाव नहीं होने को लेकर हाईकोर्ट में सोमवार को सुनवाई हुई थी। इस दौरान कोर्ट ने 18 फरवरी 2015 को हुई सुनवाई के बाद दिए आदेश के परिपालन के बारे में पूछा और बार कौंसिल ऑफ इंडिया के अधिवक्ता के माध्यम से शपथ पत्र दाखिल नहीं किए जाने पर नाराजगी जताई।

---

पीएम मोदी ने जनसभा में देवभूमि को आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत बताया

# 'इसे' चारधाम और अनंत तीर्थों का आशीर्वाद मिला, कॉर्पोरेट मीटिंग-डेस्टिनेशन वेडिंग करें



एजेंसी ▶▶ देवभूमि

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उत्तराखंड के दौरे पर एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि देवभूमि आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत प्रोत है। उन्होंने कहा कि मैंने काशी में कहा था की मां गंगा ने बुलाया है, लेकिन अब मुझे लगता है कि मां गंगा ने मुझे अब गोद ले लिया है। इसके अलावा पीएम मोदी ने अपील कि कि कॉर्पोरेट मीटिंग और डेस्टिनेशन वेडिंग देवभूमि में करें। मां गंगा की कृपा से ही मुझे दशकों तक उत्तराखंड की सेवा का सौभाग्य मिला है।

मैं मानता हूं कि उन्हीं के आशीर्वाद से मैं काशी तक पहुंचा और अब सांसद के रूप में काशी की सेवा कर रहा हूं। इसीलिए मैंने काशी में कहा भी था कि मुझे मां गंगा ने बुलाया है। कुछ महीने पहले मुझे ये भी अनुभूति हुई कि जैसे मां गंगा ने मुझे अब गोद ले लिया है। ये मां गंगा की ही दुलार है, अपने इस बच्चे के प्रति उनका स्नेह है कि आज मैं उनके मायके मुखवा गांव आया हूं। उत्तराखंड की ये देवभूमि आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत है। चारधाम और अनंत तीर्थों का आशीर्वाद इसे प्राप्त है। जीवनदायिनी मां गंगा के इस शीतकालीन गद्दी स्थल पर आज एक बार फिर आकर, आप सब परिवारजनों से मिलकर मैं धन्य हो गया हूं।

> मां गंगा ने मुझे अब गोद ले लिया, उन्हीं के आशीर्वाद से काशी और यहां पहुंचा, मुझे दशकों तक उत्तराखंड की सेवा का सौभाग्य मिला

**आज उनके मायके मुखवा गांव आकर धन्य हुआ**

गंगा का यह शीतकालीन गद्दी स्थल




### साधु-संत एक योग कैंप सर्दियों में उत्तराखंड में लगाएं

पीएम मोदी ने कहा कि कॉर्पोरेट जगत के लोग अपनी मीटिंग उत्तराखंड में करें। डेस्टिनेशन वेडिंग भी देवभूमि में करें। मैं सभी बड़े-बड़े साधु महात्माओं को, मठ मंदिर के मठाधिपतियों को और योगाचार्यों से आग्रह करूंगा कि वे साल में अपने शिष्यों का एक योग कैंप सर्दियों में उत्तराखंड में लगाएं। विंटर सेशन के लिए स्पेशल वाइल्डलाइफ सफारी का आकर्षण उत्तराखंड की विशेष पहचान बन सकता है।

**केदारनाथ रोपवे से यात्रा होगी सुगम:** केदारनाथ रोपवे प्रोजेक्ट को लेकर पीएम मोदी ने कहा कि कैबिनेट ने केदारनाथ रोपवे प्रोजेक्ट और हेमकुंड रोपवे प्रोजेक्ट को मंजूरी दे दी है। इसके बनने से जो यात्रा 8 से 9 घंटे में पूरी होती है, अब 30 मिनट में पूरी होगी। इससे बुजुर्गों, बच्चों के लिए केदारनाथ यात्रा और सुगम हो जाएगी।

**गांवों के विकास के लिए 'वाइब्रेंट विलेज' शुरू किया:** पीएम मोदी ने टूरिज्म का जिक्र करते हुए कहा कि हमारा प्रयास है कि उत्तराखंड के बॉर्डर वाले इलाकों को भी पर्यटन का विशेष लाभ मिले। पहले सीमावर्ती गांवों को आखिरी गांव कहा जाता था। लेकिन हमने ये सोच बदल दी, हमने कहा कि ये आखिरी नहीं हमारे प्रथम गांव हैं।

यहां 356 दिन पर्यटन जरूरी, हर सीजन में टूरिज्म ऑन

### सीएम धामी की सराहना की



पीएम मोदी ने शीतकालीन तीर्थाटन-पर्यटन पर जोर देते हुए कहा कि इसके माध्यम से उत्तराखंड के आर्थिक सामर्थ्य को साकार करने में बहुत बड़ी मदद मिलेगी। उन्होंने इस अभिनव पहल के लिए उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को बधाई देते हुए कहा कि उत्तराखंड के लिए टूरिज्म सेक्टर को बहुआयामी बनाया।

### धार्मिक यात्रा के लिए यह खास

उन्होंने कहा कि धार्मिक यात्रा के लिए भी उत्तराखंड में सर्दियों का समय बेहद खास होता है। यहां इस समय कई तीर्थ स्थलों पर विशेष अनुष्ठान होते हैं। यहां मुखवा गांव में ही जो अनुष्ठान किया जाता है, वो हमारी प्राचीन परंपरा का हिस्सा है।

**उत्तराखंड में 50 टूरिस्ट डेस्टिनेशन विकसित किए जा रहे :** पहले चार धाम यात्रा पर प्रतिवर्ष 18 लाख यात्री ही आते थे, अब 50 लाख से अधिक यात्री आ रहे हैं। 50 टूरिस्ट डेस्टिनेशन विकसित हो रहे।

पीएम मोदी का विशेष ऐलान

### 1962 के युद्ध में खाली हो चुके माणा और जादुंग गांवों को फिर से बसाएंगे

पीएम मोदी ने कहा कि सरकार ने 1962 के भारत-चीन युद्ध के दौरान खाली कराए गए गांवों के पुनर्वास के लिए एक अभियान शुरू किया है। हर्षिल में एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि 1962 में युद्ध के दौरान उत्तरकाशी जिले के दो गांवों, माणा और जादुंग को खाली करा लिया गया था और सरकार उन्हें प्रमुख पर्यटन स्थल बनाने के लिए प्रयास कर रही है।

---

दूरसंचार की सिम कार्ड पर चेतावनी

# दुरुपयोग किया तो होगी जेल, 50 लाख का जुर्माना



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत में हाल ही में साइबर धोखाधड़ी के मामलों में तेजी से वृद्धि देखी गई है। दूरसंचार विभाग (डीओटी) ने दूरसंचार संसाधनों के दुरुपयोग को लेकर चिंता व्यक्त की है और इस प्रकार की आपराधिक गतिविधियों को रोकने के लिए कई पहल शुरू की हैं। धोखेबाज विभिन्न तरीकों का उपयोग कर इन संसाधनों का गलत इस्तेमाल कर रहे हैं। अक्सर अपराधी धोखे या पहचान छिपाकर सिम कार्ड और एसएमएस हेडर जैसी टेलीकॉम पहचान प्राप्त कर रहे हैं और इसके माध्यम से जनता को बड़े पैमाने पर फर्जी संदेश भेज रहे हैं।

**दूरसंचार विभाग का अलर्ट**

- विभाग ने इन अवैध गतिविधियों के खिलाफ गंभीर उल्लंघन बताया है।
- विभाग ने कहा कि टेलीकॉम पहचान छेड़छाड़ करना प्रतिबंधित है।
- किसी भी व्यक्ति को धोखाधड़ी से सिम कार्ड या दूरसंचार पहचान प्राप्त करने की मनाही है।
- यह अपराध गंभीर और गैर-जमानती (नॉन-बेलेबल) माना गया है, जिसे दंडनीय बनाया गया है।
- अपराधियों को 3साल तक की कैद, 50 लाख रुपए तक का जुर्माना, या दोनों हो सकते हैं।
- जो लोग इन अपराधों में सहायता करते हैं, उन पर भी समान दंड लागू होगा।

**धोखाधड़ी से बचें**

यह भी सामने आया है कि कुछ लोग अपने नाम पर सिम कार्ड लेकर दूसरों को इस्तेमाल के लिए दे रहे हैं। कई मामलों में इन सिम कार्डों का उपयोग साइबर धोखाधड़ी में किया जाता है, जिससे असली सिम कार्ड धारक भी अपराध में संलिप्त माने जा सकते हैं। इसके अलावा फर्जी दस्तावेजों, धोखाधड़ी या पहचान की नकल (इंपर्सोनेशन) द्वारा सिम कार्ड प्राप्त करने के मामले भी सामने आए हैं, जो टेलीकम्युनिकेशन अधिनियम, 2023 का उल्लंघन है।

### साइबर अपराधी कई तरह के संदेश भेज रहे

कुछ मामलों में पॉइंट ऑफ सेल केंद्रों ने भी इन फर्जी सिम कार्डों की खरीद-फरोख्त में भूमिका निभाई है, जिससे वे भी इस अपराध में भागीदार बन जाते हैं। इसके अलावा अपराधी आईपी एड्रेस, आईएमईआई नंबर (मोबाइल उपकरण की पहचान करने वाला नंबर) और एसएमएस हेडर में बदलाव कर धोखाधड़ी भरे संदेश भेज रहे हैं।

---

राजस्थान का विजयनगर ब्लैकमेल कांड

# एसपी को दी एसआईटी की जिम्मेदारी गहन विश्लेषण और व्यापक जांच होगी

एजेंसी ▶▶ अजमेर

राजस्थान के बिजयनगर रेप-ब्लैकमेल कांड में जांच के लिए एसआईटी गठित कर दी गई है। अजमेर रेंज के डीआईजी के निर्देशन में एसआईटी का गठन किया गया है। इसका नेतृत्व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एसपी) नेमसिंह करेंगे। टीम में अतिरिक्त एसपी भूपेंद्र शर्मा, मसूदा सीओ (सर्किल ऑफिसर) सज्जन सिंह, सीआई (सर्किल इंस्पेक्टर) विद्या मीना, बिजयनगर थानाधिकारी करण सिंह और एसआई पारुल यादव भी शामिल हैं। नेम सिंह ने बताया कि टीम घटनास्थल का दौरा करेगी। जांच में किसी भी तरह की कमी को दूर करेगी। पीड़ितों और उनके परिवारों से बात करेंगे। साक्ष्यों का गहन विश्लेषण कर उसकी व्यापक जांच सुनिश्चित करेंगे।

पीड़िताओं ने ब्रह्मा को ज्ञापन देकर न्याय की गुहार लगाई



**अब तक 14 आरोपी गिरफ्तार, 3 नाबालिगों को सुधार गृह भेजा**

अब तक मामले में कुल 14 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। आरोपी अमन स्कूली लड़कियों से दोस्ती करता था और आरोपियों से उनकी मुलाकात करवाता था। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है।

## हिमाचल में बर्फबारी से 233 सड़कें बंद



**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में पिछले दो दिनों से बर्फबारी का दौर जारी है। पूरा इलाका बर्फ की सफेद चादर से ढंक गया है। 233 सड़कें बंद हो गई हैं। होटल बुकिंग में बढ़ोतरी हुई है। वहीं, वाहन फिसलने की घटनाओं के कारण 4 लोगों की मौत हो गई है।

राजस्थान के सिरोही में बड़ा हादसा

# कार और ट्रॉले की टक्कर में पति पत्नी और बेटे समेत 6 की मौत

एजेंसी ▶▶ सिरोही



राजस्थान के सिरोही जिले में एक दर्दनाक हादसा हो गया। नेशनल हाईवे-27 पर एक कार और ट्रॉले की टक्कर हो गई। हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई। इनमें दंपती और उनका बेटा भी शामिल हैं। एक महिला का गंभीर हालत में अस्पताल में इलाज चल रहा है। कार सवार सभी लोग राजस्थान के जालोर जिले के रहने वाले हैं। सभी गुजरात के अहमदाबाद से जालोर लौट रहे थे, इस दौरान गुरुवार तड़के करीब तीन बजे आबूरोड क्षेत्र के किवरली में कार और ट्रॉले की टक्कर हो गई। 4 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल 3 लोगों को आबूरोड अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां, 2 ने दम तोड़ दिया। एक महिला को प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में सिरोही रेफर कर दिया गया। पुलिस टीम ने क्रेन की मदद से ट्रॉले में फंसी कार को बाहर निकाला और फिर शवों और घायलों को निकालने के लिए क्रेन से कार के दरवाजे तोड़े और उसके अन्य हिस्सों को भी अलग किया। पुलिस मामले की जांच-पड़ताल में लगी हुई है।

---

राष्ट्रपति 'नारी शक्ति से विकसित भारत' का करेंगी उद्घाटन

# 'शी बिल्ड भारत' के माध्यम से व्यापक अभियान चल रहा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस (8 मार्च) पर महिला एवं बाल विकास मंत्रालय विज्ञान भवन में 'नारी शक्ति से विकसित भारत' विषय पर एक राष्ट्रीय स्तर का सम्मेलन आयोजित करने जा रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू इस सम्मेलन का उद्घाटन करेंगी। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी और राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर के साथ-साथ वरिष्ठ अधिकारी और विशिष्ट अतिथि शामिल होंगे। इस अवसर पर हैश टैग शी बिल्ड भारत के माध्यम से एक व्यापक अभियान भी चलाया जा रहा है।

## महिला एवं बाल विकास मंत्रालय विज्ञान भवन में होगा आयोजन

**अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधि भी शामिल होंगे**

**सशस्त्र, अर्धसैनिक बल और अधिकारी-कर्मचारी होंगे शामिल**



महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि इस कार्यक्रम में सशस्त्र बलों और अर्धसैनिक बलों तथा दिल्ली पुलिस की महिला अधिकारियों के साथ-साथ 'मेरा युवा भारत' के स्वयंसेवक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता, स्वयं सहायता समूह की सदस्य आदि भाग लेंगी। इसके अतिरिक्त, विभिन्न मंत्रालयों/विभागों की महिला अधिकारियों को भी इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है। इस कार्यक्रम में विश्व बैंक, यूनिसेफ, यूएन महिला, यूएनडीपी, यूएनएफपीए जैसे अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधि भी शामिल होंगे।

### उच्चस्तरीय पैनल 3 तकनीकी सत्र आयोजित करेगा

दिनभर उच्चस्तरीय पैनल चर्चा कार्यक्रम जारी रहेगा। 3 तकनीकी सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिनमें एसटीईएम, व्यवसाय, खेल, मीडिया और शासन से जुड़ी प्रतिष्ठित महिला नेता एक साथ मंच पर मौजूद रहेंगी। अग्रणी और प्रखर व्यक्तित्व-अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की 50वीं वर्षगांठ पर अतीत को झांकना और आगे बढ़ना इस सत्र में विज्ञान, प्रौद्योगिकी, व्यापार, खेल, मीडिया और शासन से जुड़ी प्रतिष्ठित महिला नेता अपने अनुभव साझा करेंगी। महिला शक्ति का लाभ उठाना, वित्तीय समावेशन उद्यमशीलता पर चर्चा होगी।

---

टीएमसी सांसद ओ' ब्रायन बोले

# संसद सत्र में हम दो मतदाता पहचान पत्रों का मुद्दा उठाएंगे

एजेंसी ▶▶ कोलकाता



तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सोमवार से शुरू हो रहे संसद के बजट सत्र में एक ही संख्या वाले दो मतदाता पहचान पत्रों का मुद्दा उठाएगी। डेरेक ओ'ब्रायन ने यह बात कही। उन्होंने संसद में असहमति की आवाज को दबाने का भी आरोप लगाया। ब्रायन ने एक ब्लॉग पोस्ट में कहा कि कई विपक्षी दलों ने गृह मंत्रालय से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करने की इच्छा जताई है। उन्होंने कहा कि संसद के बजट सत्र का दूसरा हिस्सा कुछ दिनों (10 मार्च) में शुरू हो रहा है। सत्र के पहले भाग में पिछले महीने काफी समस्याएं हुईं। इसमें कानून बनाने में सुस्ती, प्रक्रियाओं की अनदेखी और संस्थागत मानदंडों का कमजोर होना शामिल था। इस प्रवृत्ति को लेकर हर नागरिक के लिए चिंतित होना चाहिए। उन्होंने कहा कि एक संख्या के दो मतदाता पहचान पत्र का मुद्दा संसद के पटल पर रखा जाएगा।

## नीति आयोग के उपाध्यक्ष बेरी सीआईआई के क्रार्यक्रम में बोले

# प्रतिस्पर्धी क्षमता बढ़ाने भारत को अन्य देशों के एमएसएमई को आकर्षित करना होगा : नीति आयोग

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत को प्रतिस्पर्धी क्षमता बढ़ाने और सात से आठ प्रतिशत की आर्थिक वृद्धि हासिल करने के लिए छोटे और मझोले उद्यमों को बड़ी आपूर्ति श्रृंखलाओं के साथ एकीकृत करने की जरूरत है और इसके लिए अन्य देशों से एमएसएमई को आकर्षित करने की आवश्यकता है।

बेरी ने उद्योग मंडल भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के आपूर्ति श्रृंखला पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भारत को पूरी तरह से प्रतिस्पर्धी होने के लिए अन्य देशों से सूक्ष्म, लघु और मझोले उद्यमों (एमएसएमई) को आकर्षित करना होगा।

- सात से आठ प्रतिशत आर्थिक वृद्धि हासिल करने की जरूरत
- चीन से आगे निकलन हमें बहुत कुछ करना है
- चीन बड़ी कंपनियों को आकर्षित करने में सफल रहा



### एमएसएमई को आकर्षित करना होगा

बेरी ने कहा, 'हमें चीन से आगे निकलने के लिए अभी बहुत कुछ करना है। इसका कारण चीन बड़ी कंपनियों को आकर्षित करने में सफल रहा है। नीति आयोग के उपाध्यक्ष ने कहा, ''बड़ी कंपनियां जटिल नियमों पर बातचीत कर सकती हैं...जब तक हम अन्य देशों से एमएसएमई को आकर्षित नहीं कर सकते, हम पूरी तरह से प्रतिस्पर्धी नहीं हो सकते।''

### अत्यधिक नियमन बाधा बन रहे

आयोग के उपाध्यक्ष ने यह भी कहा कि अत्यधिक नियमन खासकर एमएसएमई के लिए भारतीय बाजारों में प्रवेश के लिए बाधा बन गए हैं। उन्होंने कहा कि विदेशी एमएसएमई को आकर्षित करना घरेलू एमएसएमई और उनके द्वारा योगदान किए जाने वाली बड़ी कंपनियों के बीच जीवंत संबंधों पर भी निर्भर करता है।

### देश मजबूत वृद्धि के रास्ते पर

बेरी ने कहा, ''मुद्रास्फीति में नरमी और गरीबी के स्तर में गिरावट के साथ, देश मजबूत वृद्धि के रास्ते पर है। अब चुनौती इस गति को बनाये रखने और तेज करने की है।''पर्यावरण अनुकूल पहल के महत्व का जिक्र करते हुए बेरी ने कहा कि जैसे-जैसे दुनिया हरित आपूर्ति श्रृंखलाओं की ओर बढ़ रही है, भारतीय उद्यमों को इसे अपनाने के लिए कदम उठाना होगा।

### अच्छी गति बनाए रखना कठिन

बेरी ने कहा कि वृद्धि नवोन्मेष और व्यापार से लाभ के माध्यम से होती है, लेकिन जब आप अच्छा कर रहे हों तो गति को बनाए रखना कठिन होता है। उन्होंने कहा, ''चुनौती आगे बढ़ते रहने की है। भारत के कॉरपोरेट क्षेत्र को आगे बढ़ना होगा और वास्तविक प्रतिस्पर्धी क्षमता बढ़ाने और सात से आठ प्रतिशत की वृद्धि हासिल करने के लिए एमएसएमई को बड़ी आपूर्ति श्रृंखलाओं में एकीकृत करने की आवश्यकता है।''

### घरेलू पूर्वाग्रह दूर करना होगा

बेरी ने पिछले 20 साल में थाइलैंड और जापान में वाहन क्षेत्र के वैश्विक मूल्य श्रृंखला के साथ एकीकरण का संकेत देते हुए कहा, ''हमारे बड़े पैमाने के विनिर्माताओं की गतिविधियों में घरेलू पूर्वाग्रह है और हमें इसे दूर करना होगा। उन्होंने कहा कि वास्तविक प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने और सात से आठ प्रतिशत आर्थिक वृद्धि हासिल करने के लिए एमएसएमई को बड़ी आपूर्ति श्रृंखलाओं में एकीकृत करने की आवश्यकता है।

### भारत सबसे तेज बढ़ती अर्थव्यवस्था

बेरी ने भारत की वृद्धि संभावनाओं पर कहा कि देश ने कोविड महामारी के बाद उल्लेखनीय आर्थिक पुनरुद्धार हासिल किया है। भारत आज दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभर रहा है और इसे अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) ने स्वीकार किया है।

## यूनियन बैंक ऑफ इंडिया नई दिल्ली द्वारा मेगा एमएसएमई लोकसंपर्क कैंप का आयोजन

नई दिल्ली। एल.ए फॉरचुना वैकेट हॉल. सी-146, मायापुरी इंडस्ट्रियल एरिया, फेस-II में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक, हरिनगर क्षेत्र आदरणीय श्री श्याम शर्मा जी उपस्थित हुए। मायापुरी के, इंडस्ट्रियल कल्याण संघ के कोषाध्यक्ष श्री नरेंद्र सिंह जी भी उपस्थित रहे। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया दिल्ली के मुख्य महाप्रबंधक एवं अंचल प्रमुख आदरणीय श्री संजय नारायण जी. केंद्रीय कार्यालय मुंबई से महाप्रबंधक श्री गिरीश जोशी जी, क्षेत्र प्रमुख नई दिल्ली श्री जय गोपाल वेहेरा जी, उप क्षेत्र प्रमुख श्री शशि कान्त जी, श्रीमती नेहा मलिक जी एवं एमएलपी प्रमुख उपस्थित रहे। इस मेगा आउटरीच कैप में 400 ग्राहक शामिल हुए। बैंक के अंचल प्रमुख ने समस्त उपस्थित ग्राहकों को संबोधित किया। मेगा कैंप में उपस्थित ग्राहकों को पीपीटी के माध्यम से बैंक के सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम उत्पाद और सरकार द्वारा प्रायोजित योजनाओं के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई। मुख्य अतिथि श्री श्याम शर्मा ने भी एमएसएमई को बढ़ावा देने के लिए केंद्र एवं राज्य सरकार के स्तर पर जो संशोधन किए गए है उनकी चर्चा की और यूनियन बैंक द्वारा मेगा आउटरीच कैंप अपने क्षेत्र में आयोजित करने हेतु भूरी-भूरी प्रशंसा की, उन्होने यह भी कहा कि यूनियन बैंक ऑफ इंडिया अपने ग्राहकों के प्रति सदैव प्रतिबद्ध रहता है एवं उच्च स्तरीय ग्राहक सेवा प्रदान करने हेतु तत्पर रहता है। ग्राहकों को यह भी कहा कि इन योजनाओं का लाभ अवश्य उठाए।मेगा आउटरीच कैंप के दौरान एमएसएमई के लिए 476 करोड़ की राशि की कुल 205 लीड प्राप्त हुई। इस कैंप के उपलक्ष में बैंक द्वारा ग्राहकों को 150 करोड़ का सैद्धांतिक ऋण मंजूरी पत्र एवं नारी शक्ति हेतु 6.50 करोड़ की राशि के पत्र सहित कुल 70 करोड़ के स्वीकृति पत्र वितरित भी किए गए।

## अदाणी फाउंडेशन ने की 1000 लखपति दीदी सम्मानित

नई दिल्ली। अदाणी फाउंडेशन ने 1,000 से अधिक 'लखपति दीदी' को सम्मानित किया और महिलाओं की समुचित भागीदारी वाला कार्यबल एवं समाज बनाने की प्रतिबद्धता जताई।

**NOTICE**

I, Viparsh Kumar S/o Sh. Manoj Kumar R/o B-19 Hardev Nagar Jharoda Mazra Burari Delhi-110084 declare that my real & correct namely Viparsh Kumar incorrect namely Viparsh, This is to certify & they both are same person.

## सोना 200 रुपये टूटा, चांदी स्थिर

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में गिरावट के बीच बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 200 रुपये की गिरावट के साथ 89,100 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का पिछला बंद भाव 89,300 रुपये प्रति 10 ग्राम था। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना बुधवार के बंद स्तर 88,900 रुपये प्रति 10 ग्राम से 200 रुपये की गिरावट के साथ 88,700 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। हालांकि, चांदी 99,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर स्थिर रही।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **दुर्गेश, पुत्र भूप सिंह, पताः परिसर लेफ्ट हैंड साइड से प्लॉट नं. 182–188, गली नंबर 8, बीएसईएस पोल नंबर के पास एनजेएफएफ – 732, प्रेम नगर, नजफगढ़, नई दिल्ली,** ने **1. Ct. Case No. 1010/2022, U/s 135 IPC Indian Electricity Act, 2. Ct. Case No. 161/2022, U/s 135 Indian Electricity Act, 3. Ct. Case No. 162/2022, U/s 135 IPC Indian Electricity Act, पुलिस थाना छावला, नई दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **दुर्गेश** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **दुर्गेश** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना छावला, नई दिल्ली** के अभियुक्त **दुर्गेश** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **07.04.2025** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री विनोद कुमार मीना
अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश
द्वारका न्यायालय, दिल्ली

DP/2825/DW/2025

**अमेरिका को इंजीनियरिंग उत्पादों का निर्यात बढ़ा**:कोलकाता। इस साल जनवरी में भारत के अमेरिका को इंजीनियरिंग सामान के निर्यात में सालाना आधार पर 18 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई और यह 1.62 अरब डॉलर पर पहुंच गया है।

## जेमिनी एडिबल्स, फैट्स इंडिया एवं श्री अन्नपूर्णा फूड्स का संयुक्त उद्यम बना



**हैदराबाद।** जेमिनी एडिबल्स एंड फैट्स इंडिया लिमिटेड, भारत की नंबर 1 सूरजमुखी तेल कंपनी जिसकी संपूर्ण भारतीय बाजार में 21.7 प्रतिशत हिस्सेदारी है (फ्रीडम एंड बी-राइट) और कोयंबटूर स्थित श्री अन्नपूर्णा फूड्स, जो देश के सबसे पुराने मसाला प्रसंस्करण ब्रांडों में से एक है, ने मसाले, मील मिक्स और बहुत कुछ बनाने और वितरित करने के लिए एक संयुक्त उद्यम 'जीईएफ फूड्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड' का गठन किया है। पिछले कुछ वर्षों में, श्री अन्नपूर्णा फूड्स को अब क्षेत्रीय व्यंजनों के सर्वोत्तम स्वाद मिल गया है और देश भर से घर में पकाए गए भोजन की शुद्धता, समृद्धि, प्रमाणिकता और पारंपरिक तकनीकों को प्लेटों तक ला रहा है। उनके विशेष उत्पादों में शुद्ध मसाले, क्षेत्रीय मिश्रण, मिश्रित मसाले और बिरयानी मसाले शामिल हैं। संयुक्त उद्यम पर, जेमिनी एडिबल्स एंड फैट्स इंडिया लिमिटेड के अक्षय चौधरी, उपाध्यक्ष-समूह ने कहा, ''हम श्री अन्नपूर्णा फूड्स के साथ मिलकर और जीईएफ फूड्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को लॉन्च करके रोमांचित हैं।

## एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया ने चलाया मेगा रक्तदान अभियान, 'लाइफ इज़ गुड व्हेन लाइफ्स शेयर्ड' पहल से हजारों लोगों को मिली प्रेरणा



नई दिल्ली। एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया लिमिटेड अपनी पैन इंडिया मेगा रक्तदान पहल लाइफ इज़ गुड व्हेन लाइफ्स शेयर्ड के माध्यम से समाज में एक क्रांतिकारी बदलाव लाने का प्रयास कर रहा है। यह अभियान न केवल स्वैच्छिक रक्तदान को प्रोत्साहित करने का आह्वान है, बल्कि यह जीवन बचाने और सामाजिक उत्तरदायित्व को बढ़ावा देने की एलजी की प्रतिबद्धता का प्रमाण भी है। इस पहल को अपार सफलता मिली है, जिसके अंतर्गत अब तक पूरे भारत में 50 से अधिक रक्तदान शिविर आयोजित किए जा चुके हैं। फरवरी 2025 में ही, 6,500 से अधिक लोगों ने पंजीकरण कराया, जिससे 5,000 से अधिक यूनिट रक्त एकत्र किया गया। इस अभियान को विशेष रूप से युवाओं से भारी समर्थन मिला है, जहां छात्रों, एनएसएस सदस्यों और शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया है। यह रक्तदान अभियान दिल्ली-एनसीआर, राजस्थान, लुधियाना, चंडीगढ़, रांची, सीकर, कोलकाता, मणिपाल, सूरत, राजकोट, अहमदाबाद और कई अन्य शहरों में आयोजित किया गया है। यह अभियान मार्च 2025 तक जारी रहेगा, जिससे विभिन्न समुदायों तक अधिकतम प्रभाव पहुंचे। इस पहल को भारत के विभिन्न राज्यों के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों का भारी समर्थन मिला है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 84 BNSS देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **पवन उर्फ धोबी** पुत्र श्री दलीप निवासी मकान नं. ई–13, धोबी घाट, जे.जे. कॉलोनी, शकूरपुर, दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 627/2024 धारा 109(1)/3(5) भारतीय न्याय संहिता थाना सुभाष प्लेस, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **पवन उर्फ धोबी** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **पवन उर्फ धोबी** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 84 BNSS की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 627/2024 धारा 109(1)/3(5) भारतीय न्याय संहिता थाना सुभाष प्लेस, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **पवन उर्फ धोबी** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **22.04.2025** को हाजिर हो।

आदेशानुसारः सुश्री वसुन्धरा छोंकर
महा न्यायिक दण्डाधिकारी (उत्तर–पश्चिम)
कमरा नं. 108, प्रथम तल,
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली,

DP/2840/NW/2025

**चिकित्सा**

**बिना बताए शराब, अफीम, सिगरेट छुड़ाएं**

दमा, खांसी, नजला, मोटापा होना, कमजोरी, पेट के रोगों व मोटापे का देसी ईलाज।

**हमराज़ क्लीनिक**
11am-5pm Ph: 9811301362
1936, फव्वारा, चाँदनी चौक, दिल्ली - 110006
F-23/101, अवन्तिका चौक, सैक्टर - 3, रोहिणी, दिल्ली - 85
Ph: 9811301362, 9999301362
10am - 9pm

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## ट्रंप और मस्क की आंखों में खटक रहा भारत का 110 प्रतिशत तक का टैक्स

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिका चाहता है कि भारत दोनों देशों के बीच प्रस्तावित ट्रेड डील के तहत अमेरिका से भारत में आने वाली कारों पर टैरिफ खत्म कर दे। लेकिन भारत ऐसे टैरिफ को तुरंत जीरो करने की इच्छा नहीं रखता है। हालांकि आगे टैरिफ को और कम करने पर विचार किया जा रहा है। यह बात रॉयटर्स की एक रिपोर्ट में सोर्सेज के हवाले से कही गई है। दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय ट्रेड डील के लिए होने वाली औपचारिक बातचीत में एक मुद्दा भारत में ऑटो पर हाई टैरिफ का भी रहेगा। बता दें कि अमेरिकी अरबपति एलॉन मस्क की कंपनी टेस्ला, भारतीय बाजार में एंट्री करने वाली है। भारत में इंपोर्टेड कारों पर टैक्स 110 प्रतिशत तक है और यह दुनिया में सबसे अधिक टैक्सेज में से एक है।

## रिलायंस में खरीदारी से सेंसेक्स 610 अंक चढ़ा

एजेंसी ▶▶| मुंबई

शेयर बाजार में बृहस्पतिवार को लगातार दूसरे दिन तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स करीब 610 अंक चढ़कर 74,000 अंक के स्तर को पार कर गया। वहीं, एनएसई निफ्टी 22,500 अंक के ऊपर पहुंच गया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शुल्क को लेकर रुख नरम होने के बाद वैश्विक बाजारों में मजबूती से स्थानीय बाजार बढ़त में रहा। शुरुआती गिरावट से उबरते हुए, तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 609.86 अंक चढ़कर 74,340.09 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 660.57 अंक तक चढ़ गया था। निफ्टी भी 207.40 अंक बढ़त के साथ 22,544.70 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान 50 शेयरों पर आधारित निफ्टी एक समय 219.15 अंक तक चढ़ गया था।

### इन शेयरों में रही घट-बढ़

सेंसेक्स में शामिल शेयरों में एशियन पेंट्स, एनटीपीसी, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा स्टील, बजाज फिनसर्व, हिंदुस्तान यूनिलीवर, सन फार्मास्युटिकल्स, अदाणी पोर्ट्स एंड एसईजेड, एक्सिस बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, टाइटन और बजाज फाइनेंस प्रमुख रूप से लाभ में रहे। वहीं, टेक महिंद्रा, कोटक महिंद्रा बैंक, जोमैटो, टाटा मोटर्स और इंडसइंड बैंक के शेयरों में गिरावट रही।

**भारत सरकार**
**विदेश मंत्रालय**
**जवाहर लाल नेहरू भवन**
**23-डी जनपथ, नई दिल्ली-110011**

विदेश मंत्रालय अनुबंध के आधार पर मंत्रालय के सीसीसीएस (CCCS) विभाग में सलाहकार के पद पर नियुक्ति के लिए इच्छुक उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करता है।

आवेदन जमा करने की प्रकिया सहित विस्तृत विज्ञापन मंत्रालय की वेबसाइट www.mea.gov.in के अंतर्गत करियर-> रिक्तियां -> 2025 (वेब लिंक https://www.mea.gov.in/vacancies.htm) पर उपलब्ध है, जिसका शीर्षक है 'सीसीसीएस (CCCS) विभाग में दो सलाहकारों की नियुक्ति के लिए विज्ञापन'

**आवेदन जमा करने की अंतिम तारीख है 20 मार्च, 2025**

Cbc 14101/11/0007/2425

## राशिफल

**मेष** – वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। रहन–सहन अव्यवस्थित रहेगा। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में लाभ के अवसर बढ़ेंगे।

**वृष** – आशा–निराशा के भाव रहेंगे। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद–विवाद से बचें। परिश्रम भी अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मिथुन** – आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन परेशान हो सकता है। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। खर्चों की अधिकता रहेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**कर्क** – मन में उतार–चढ़ाव रहेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। सचेत रहें। कारोबार में परिश्रम भी अधिक रहेगा।

**सिंह** – आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कन्या** – पठन–पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। लेखनादि–बौद्धिक कार्यों में मान–सम्मान की प्राप्ति होगी।

**तुला** – आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी हो सकती है। कारोबार में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक** – मन में उतार–चढ़ाव रहेंगे। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। शासन–सत्ता का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता के योग हैं।

**धनु** – व्यर्थ के क्रोध एवं वाद–विवाद से बचें। नौकरी में अफसरों से सदभाव बनाकर रखें। जीवनसाथी से मतभेद हो सकते हैं।

**मकर** – मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता है।

**कुंभ** – स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। कुछ कठिनाइयां भी आ सकती है।

**मीन** – शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। खर्चों की अधिकता रहेगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। रहन–सहन अव्यवस्थित रहेगा।

## विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट के लिए के.आर. मंगलम विश्वविद्यालय नोडल संस्थान के रूप में चयनित

**गुरुग्राम।** के.आर. मंगलम विश्वविद्यालय, गुरुग्राम को विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट कार्यक्रम के लिए नोडल संस्थान के रूप में चयनित किया गया है। यह कार्यक्रम युवा मामलों और खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करना है। इस कार्यक्रम के तहत, 18 से 25 वर्ष की आयु के छात्र-छात्राएं माई भारत पोर्टल पर पंजीकरण कर सकते हैं औ विकसित भारत आपके लिए क्या मायने रखता है?क्ष विषय पर 25एमबी तक का एक मिनट का वीडियो अपलोड कर सकते हैं। वीडियो अपलोड करने की अंतिम तिथि 9 मार्च 2025 है। उल्लेखनीय है कि इस प्रतियोगिता में शीर्ष 150 प्रतिभागियों का चयन जिला स्तरीय युवा संसद में भाग लेने के लिए किया जाएगा, जो 10 से 17 मार्च 2025 के बीच आयोजित होगी। जिला स्तर पर चयनित प्रतिभागी राज्य स्तरीय युवा संसद में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे और वहां से चुने गए प्रतिभागी राष्ट्रीय स्तर के युवा संसद में अपने विचार रखेंगे। के.आर. मंगलम विश्वविद्यालय के प्रशासन ने सभी संकाय सदस्यों और मेंटर्स से अनुरोध किया है। कि वे अपने छात्रों को इस राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करें। यह कार्यक्रम युवाओं को अपने विचारों को व्यक्त करने, नेतृत्व कौशल विकसित करने और नीति निर्माण की प्रक्रिया को समझने का एक उत्कृष्ट अवसर प्रदान करता है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां शुरू कर दी हैं। इच्छुक छात्र आधिकारिक माई भारत पोर्टल पर जाकर पंजीकरण कर सकते हैं और अपने विचारों को प्रस्तुत कर सकते हैं।

## नई भर्तियां बढ़ने से रोजगार बाजार में 41 प्रतिशत का उछाल

**मुंबई।** मुख्य रूप से नए लोगों (फ्रेशर्स) की भर्ती के कारण देश के रोजगार बाजार में फरवरी माह में भी तेजी जारी रही और इसमें सालाना आधार पर 41 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। बृहस्पतिवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गयी है। एशिया के रोजगार एवं प्रतिभा मंच, फाउंडिट (पूर्व में मॉन्स्टर एपीएसी और एमई) के आंकड़ों के अनुसार, फरवरी में नए लोगों की नियुक्तियों में सालाना आधार पर 26 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई।

**हरियाणा सरकार** **निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प, यमुनानगर | यमुनानगर जिले में लघु सचिवालय कॉम्पलैक्स जगाधरी में ज्यूडिशियल ब्लॉक्स का विस्तार (अतिरिक्त) (कमजोर गवाह केन्द्र)। | 05.03.2025 26.03.2025 | 1302.89 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01732-237834 [illegible] |
| 2 | लोनिवि भ व प, यमुनानगर | यमुनानगर जिले में कलानौर से कैल रोड पर कि.मी. 81.90 पर आरओबी के नीचे अंडरपास का निर्माण। | 05.03.2025 15.03.2025 | 106.61 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01732-237834 [illegible] |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच–11/2025/40/32666/1/88/7 दि. 06.03.25

## शब्द पहेली - 5799




■ मंगल सैनचा, बैंगलोर

**बाएँ से दाए-**
1.सेवक,दास-3
3.निवास करना-3
5.खुजली-2
6.परोपकारी-5
9.प्याला,जाम-2
11.टोंटी,नलका-2
12.आनंद,जूस-2
13.प्रतिज्ञा,शपथ-3
16.सिमरन,सुमरन-3
18.सुअर-3
20.पेन,लेखनी-3
22.कमल,जलज-3
23.क्रोध,गुस्सा-2
24.पाश,फंदा-2
25.शोषण करना-3
28.गौरव,प्रशंसा-3
30.सूत कातने का साधन-3
31.गौरव-3
33.देवर्षि-3
35.अंधकार-2
36.यमराज-2
38.अलमस्त-2
40.सलाह देने वाला-5
41.बीता दिन-2
42.रसदार-3
43.इंद्रियों को जीतने वाला-3

**ऊपर से नीचे**
1.उर्वरक-2
2.विशाल,श्रेष्ठ-3
3.धनवान,संपन्न-3
4.घ्राणेद्रिय,इज्जत-2
5.दैत्य,असुर-3
7.मायाजाल-3
8.उद्धार,पार लगाना-3
10.शरण,आश्रय-3
14.चूर-चूर,ढहा-5
15.टोंटी,नलका-2
17.युद्ध,संग्राम-2
18.दूल्हा-2
19.राजपुत्र-5
21.मद्रास का समुद्र तट-3
22.नीले रंग का बहुमूल्य रत्न-3
26.मित्र,दोस्त.मीत-2
27.हूर,अप्सरा
29.मेहंदी-2
30.शीर्ष,पराकाष्ठा-3
31.इसमें पौधा लगाते हैं-3
32.पीहर,नैहर-3
34.युक्तिवाद,पैरवी-3
35.टब,परात,तगारी-3
37.इच्छा-3
39.परत,तह-2
41.कदर,सम्मान-2

### शब्द पहेली -5798 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क | म | ला | का | र | | | कु | रा | न | |
| था | न | | र | | कै | ला | श | | भ | ला |
| वा | | | खा | विं | द | | ल | | | य |
| च | म | क | ना | | | त | | क | स | क |
| क | | या | | क | ल | क | ल | | ली | |
| | आ | स | | ल | | रा | | शा | म | |
| | रा | | क | र | ता | र | | म | | ख |
| श | म | न | | व | | | म | त | ल | ब |
| ह | | | म | | दा | म | न | | | र |
| र | थ | | ग | र | म | | च | | दा | दा |
| | ल | की | र | | | स | ली | के | दा | र |



## खबर संक्षेप



### दुबई की अनजान पिच से बिठाना होगा तालमेल

**लाहौर।** न्यूजीलैंड के आक्रामक सलामी बल्लेबाज रचिन रविंद्र का मानना है कि भारत के खिलाफ रविवार को होने वाले चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल के लिए उनकी टीम को दुबई की अनजान पिच से तालमेल बिठाना होगा। न्यूजीलैंड ने चैंपियंस ट्रॉफी में दुबई में केवल एक मैच भारत के खिलाफ खेला था और उसने अपने बाकी मैच पाकिस्तान में खेले। न्यूजीलैंड ने चैंपियंस ट्रॉफी से पहले पाकिस्तान और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ त्रिकोणीय श्रृंखला के दो मैच लाहौर में खेले थे। दूसरी तरफ भारत ने अपने सभी मैच दुबई में खेले और वह वहां की परिस्थितियों से अच्छी तरह वाकिफ है।

### सही राह पर आगे बढ़ रही है हमारी टीम

**लाहौर।** दक्षिण अफ्रीका की टीम आईसीसी की किसी प्रतियोगिता में फिर से नॉकआउट चरण में बाहर हो गई लेकिन उसके मुख्य कोच



रॉब वाल्टर का मानना है कि 2027 में घरेलू धरती पर होने वाले वनडे विश्व कप को ध्यान में रखते हुए उनकी टीम सही राह पर आगे बढ़ रही है। अपने ग्रुप में शीर्ष पर टीम रही दक्षिण अफ्रीका की टीम बुधवार को यहां चैंपियंस ट्रॉफी के दूसरे सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड से 50 रन से हार गई। वाल्टर ने कहा कि इस हार के बावजूद उनकी टीम के लिए इस प्रतियोगिता में कई सकारात्मक चीजें भी रहीं।

### पाकिस्तान के बल्लेबाज शकील 'टाइम आउट'

**रावलपिंडी।** भारत के खिलाफ हाल में चैंपियन्स ट्रॉफी मुकाबले में अर्धशतक जड़ने वाले पाकिस्तान के बल्लेबाज सऊद शकील को



यहां प्रेजीडेंट्स कप प्रथम श्रेणी टूर्नामेंट के फाइनल के दौरान अपनी बल्लेबाजी का इंतजार करते हुए कथित तौर पर सोने के कारण 'टाइम आउट' करार दिया गया। शकील टाइम आउट करार दिए जाने वाले कुल सातवें और पाकिस्तान क्रिकेट के इतिहास के पहले बल्लेबाज हैं। यह मैच मंगलवार रात स्टेट बैंक और पीटीवी के बीच खेला गया। रमजान के कारण पूरा मैच दूधिया रोशनी में खेला गया।

### गुजरात की निगाहें जीत से प्लेऑफ पर

TATA WOMEN'S PREMIER LEAGUE

**लखनऊ।** लगातार दो जीत के साथ महिला प्रीमियर लीग प्लेऑफ में जगह बनाने की अपनी दावेदारी मजबूत करने के बाद गुजरात जायंट्स शुक्रवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ होने वाले मुकाबले में भी इसी लय को बरकरार रखना चाहेगी। गुजरात जायंट्स डब्ल्यूपीएल अंक तालिका में सबसे नीचे थी लेकिन दो बड़ी जीत ने उसे पांच टीम की अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंचा दिया है।

### इंडियंस ने यूपी वारियर्स को 6 विकेट से हराया

**लखनऊ।** पूर्व चैंपियन मुंबई इंडियंस ने अमेलिया केर (पांच विकेट) की शानदार गेंदबाजी और हेली मैथ्यूज (68 रन, दो विकेट) के हरफनमौला प्रदर्शन से बृहस्पतिवार को यहां महिला प्रीमियर लीग के मैच में यूपी वारियर्स को नौ गेंद रहते छह विकेट से पराजित कर उसकी प्लेऑफ की उम्मीद खत्म कर दी। मुंबई ने इस जीत से अपने नेट रन रेट में इजाफा किया और वह आठ अंक लेकर दूसरे स्थान पर पहुंच गई। वह शीर्ष पर काबिज दिल्ली से दो अंक पीछे है और उसका एक मैच भी बचा है। उसके पास शीर्ष पर पहुंचकर फाइनल में सीधे जगह बनाने का मौका है। डब्ल्यूपीएल में शीर्ष टीम सीधे फाइनल में पहुंचती है जबकि दूसरे और तीसरे स्थान की टीम एलिमिनेटर खेलती हैं।

---

**भारत और न्यूजीलैंड के बीच 9 को होगा खिताबी मुकाबला**

# भारत ने 92 साल के इतिहास में खेले 13 आईसीसी फाइनल, जीते छह विश्व खिताब, 7वें का इंतजार

एजेंसी ▶▶| दुबई

भारत 25 जून 1932 से क्रिकेट खेल रहा है। इस दौरान भारतीय टीम ने 13 बार फाइनल में जगह बनाई है। 92 साल में भारत ने छह खिताब जीते हैं और 14वें फाइनल में 7वें खिताब जीतने पर ध्यान है। रोहित शर्मा की अगुआई में भारतीय टीम 2025 में एक और आईसीसी टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाने में सफल रही है। भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी के खिताबी मुकाबले में प्रवेश कर लिया है जहां उसका सामना रविवार को दुबई में न्यूजीलैंड से होगा। भारतीय इस टूर्नामेंट में अब तक अजेय चल रही है और लगातार चार मैच जीतकर फाइनल में पहुंची है। भारत अब खिताब से एक कदम दूर है।

भारत चैंपियंस ट्रॉफी 2025 फाइनल से पहले सभी प्रारूप मिलाकर कुल 13 बार आईसीसी टूर्नामेंट्स के फाइनल में पहुंचा है। इसमें से छह बार टीम खिताब जीतने में सफल रही है। भारत ने 1983, 2002, 2007, 2011, 2013 और 2024 में आईसीसी खिताब जीते हैं। अगर भारत रविवार को न्यूजीलैंड को हराने में सफल रहा तो यह उसका सातवां आईसीसी खिताब होगा, जबकि रोहित की कप्तानी में लगातार दूसरी आईसीसी ट्रॉफी होगी।



**11 साल का इंतजार खत्म**

भारत का पिछले कुछ वर्षों में आईसीसी टूर्नामेंट में प्रदर्शन शानदार रहा है। भारतीय टीम ने पिछले साल टी20 विश्व कप में रोहित की कप्तानी में दक्षिण अफ्रीका को हराकर खिताब जीता था जो 11 वर्षों में उसका पहला आईसीसी खिताब था। भारत का आईसीसी खिताब जीतने का सूखा 2024 में समाप्त हुआ जब टीम इंडिया ने रोहित की कप्तानी में टी20 विश्व कप जीता। अब आठ महीने बाद ही टीम दूसरे आईसीसी टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंची है और खिताब के बेहद करीब है। भारत के लिए न्यूजीलैंड की चुनौती हालांकि आसान नहीं रहने वाली है क्योंकि इसी टीम ने करीब चार साल पहले 2021 में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में हराया था।

### 25 साल बाद खिताबी मैच में भिड़ेंगे भारत-न्यूजीलैंड

भारत और न्यूजीलैंड 25 साल बाद एक बार फिर आईसीसी के सीमित ओवर प्रारूप के खिताबी मुकाबले में आमने-सामने होंगी। दिलचस्प बात यह है कि आईसीसी के सीमित ओवर के प्रारूप में आखिरी बार दोनों टीमें फाइनल में 2000 में आईसीसी नॉकआउट ट्रॉफी (अब चैंपियंस ट्रॉफी) में खेली थीं। उस समय न्यूजीलैंड ने भारत को चार विकेट से हराकर खिताब पर कब्जा जमाया था।

**भारत का खराब प्रदर्शन**

| वर्ष | टूर्नामेंट | दौर | परिणाम |
|---|---|---|---|
| 2000 | चैंपियंस ट्रॉफी | फाइनल | हार |
| 2003 | वनडे विश्व कप | फाइनल | हार |
| 2014 | टी20 विश्व कप | फाइनल | हार |
| 2017 | चैंपियंस ट्रॉफी | फाइनल | हार |
| 2019 | वनडे विश्व कप | सेमीफाइनल | हार |
| 2021 | डब्लूटीसी | फाइनल | हार |
| 2023 | डब्लूटीसी | फाइनल | हार |
| 2023 | वनडे विश्व कप | फाइनल | हार |

**भारत बना चैंपियन**

| वर्ष | टूर्नामेंट | परिणाम |
|---|---|---|
| 1983 | वनडे विश्व कप | चैंपियन |
| 2002 | चैंपियंस ट्रॉफी | चैंपियन |
| 2007 | टी20 विश्व कप | चैंपियन |
| 2011 | नडे विश्व कप | चैंपियन |
| 2013 | चैंपियंस ट्रॉफी | चैंपियन |

---

**27 अप्रैल से 11 मई तक श्रीलंका की मेजबानी में खेला जाएगा टूर्नामेंट**

## भारत श्रीलंका में खेलेगा वनडे त्रिकोणीय श्रृंखला



एजेंसी ▶▶| कोलंबो

श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने बृहस्पतिवार को कहा कि 27 अप्रैल से 11 मई तक वह महिला वनडे त्रिकोणीय श्रृंखला की मेजबानी करेगा, जिसमें मेजबान देश के अलावा दो अन्य टीम भारत और दक्षिण अफ्रीका होंगी। यह त्रिकोणीय श्रृंखला इस साल के अंत में भारत में होने वाले 50 ओवरों के विश्व कप की तैयारी के लिए महत्वपूर्ण होगी। श्रीलंका बोर्ड की एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि तीनों प्रतिस्पर्धी टीमें चार-चार मैच खेलेंगी और टूर्नामेंट का आयोजन यहां आर प्रेमदासा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में किया जाएगा। टूर्नामेंट की शुरुआत भारत और श्रीलंका के बीच मुकाबले से होगी।

**त्रिकोणीय श्रृंखला का कार्यक्रम**

| दिनांक | टीमें |
|---|---|
| 27 अप्रैल | भारत/श्रीलंका |
| 29 अप्रैल | भारत/द. अफ्रीका |
| 1 मई | श्रीलंका/द. अफ्रीका |
| 4 मई | भारत/श्रीलंका |
| 6 मई | भारत/द. अफ्रीका |
| 8 मई | श्रीलंका/द. अफ्रीका |
| 11 मई | फाइनल |

### ओलंपिक तैयारी बैठक की अध्यक्षता करेंगे खेल मंत्री

एजेंसी ▶▶| हैदराबाद

केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया भारत की ओलंपिक तैयारियों के लिए विचारों का आदान-प्रदान करने और एक खाका तैयार करने लिए यहां विभिन्न राज्यों के खेल मंत्रियों, वरिष्ठ प्रशासकों और प्रमुख सरकारी अधिकारियों के साथ दो दिवसीय बैठक की अध्यक्षता करेंगे। इस बैठक का आयोजन सात और आठ मार्च को शहर के कान्हा शांति वनम में किया जाएगा। भारत 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक में दोहरे अंक में पदक जीतने की उम्मीद कर रहा है और 2036 ओलंपिक की मेजबानी के लिए भी बोली लगा रहा है। भारत मेजबानी का दावा पेश करने के लिए अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति को पहले ही आशय पत्र सौंप चुका है। खेल मंत्रालय ने कहा, 'विचार-विमर्श खेल प्रशासन को बढ़ाने, जमीनी स्तर की प्रतिभा की पहचान, बुनियादी ढांचे के विकास, समावेशिता और सहयोग को बढ़ावा देने पर केंद्रित होगा।'

## मुशफिकुर रहीम ने वनडे से लिया संन्यास

**274 वनडे में बनाए 7795 रन, लगाए 09 शतक**

एजेंसी ▶▶| ढाका

बांग्लादेश के अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज मुशफिकुर रहीम ने तत्काल प्रभाव से एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। यह 37 वर्षीय खिलाड़ी बांग्लादेश की उस टीम का हिस्सा था जो चैंपियंस ट्रॉफी के ग्रुप चरण से बाहर हो गई थी। उन्होंने सोशल मीडिया पर संन्यास लेने की घोषणा की।

रहीम ने अपने आधिकारिक फेसबुक पेज पर लिखा, 'मैं आज वनडे प्रारूप से संन्यास लेने की घोषणा कर रहा हूं। मैंने जो भी हासिल किया वह अल्हम्दुलिल्लाह (भगवान का शुक्र है)। हमारी वैश्विक स्तर पर उपलब्धियां सीमित हैं लेकिन एक चीज स्पष्ट है, मैंने जब भी अपने देश की तरफ से मैदान पर कदम रखा तो पूरे समर्पण और ईमानदारी के साथ 100 प्रतिशत से अधिक योगदान दिया। पिछले कुछ सप्ताह मेरे लिए बहुत चुनौतीपूर्ण रहे हैं, और मुझे अहसास हो गया है कि यही मेरी नियति है। मैं अपने परिवार, दोस्तों और अपने प्रशंसकों का आभार व्यक्त करता हूं जिनके लिए मैंने पिछले 19 वर्षों से क्रिकेट खेली है।'



**देश के दूसरे सर्वश्रेष्ठ स्कोरर**

रहीम ने लगभग 20 साल पहले वनडे में पदार्पण किया था। उन्होंने अपने देश की तरफ से 274 वनडे खेले जिनमें 36.42 की औसत से 7795 रन बनाए। बांग्लादेश की तरफ से वनडे में उनसे अधिक रन केवल तमीम इकबाल (8357 रन) ने बनाए हैं। रहीम बांग्लादेश की तरफ से 94 टेस्ट और 102 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुके हैं। रहीम टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से पहले ही संन्यास ले चुके हैं लेकिन टेस्ट क्रिकेट में वह बांग्लादेश की तरफ से 100 मैच खेलने वाले पहले खिलाड़ी बनने की राह पर हैं।

---

**प्राग मास्टर्स**

## अरविंद ने हासिल की बढ़त दूसरे स्थान पर प्रज्ञाननंदा



एजेंसी ▶▶| प्राग

भारतीय ग्रैंडमास्टर अरविंद चिदंबरम ने यहां चल रहे प्राग मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के सातवें दौर में काले मोहरों से खेलते हुए नीदरलैंड के अनीश गिरी को हराकर एकल बढ़त हासिल कर ली।

अरविंद ने शुरू से लेकर आखिर तक अपनी लय बनाए रखी जबकि भारत के एक अन्य खिलाड़ी आर प्रज्ञाननंदा ने टूर्नामेंट से पहले खिताब के दावेदार माने जा रहे चीन के वेई यी के साथ ड्रॉ खेला। अरविंद ने संभावित सात में से अपने अंकों की संख्या पांच कर ली है और अब वह प्रज्ञाननंदा से आधे अंक की बढ़त पर हैं। अब जबकि केवल दो दौर की बाजियां खेली जानी बाकी हैं तब अमेरिका के सैम शैंकलैंड ने वियतनाम के क्वांग लीम ले को हरा दिया। दिलचस्प बात यह है कि क्वांग लीम और गिरी दोनों ने पहली छह बाजियां ड्रॉ खेली थी। अरविंद पांच अंक लेकर शीर्ष पर काबिज हैं जबकि प्रज्ञाननंदा 4.5 अंक के साथ दूसरे स्थान पर हैं। उनके बाद वेई यी, एडिज़, कीमर और शैंकलैंड का नंबर आता है जिनके 3.5 अंक हैं। गिरी, नवारा और लीम के तीन-तीन अंक है जबकि दाई वान 2.5 अंक के साथ सबसे निचले स्थान पर हैं।

**लाइव रेटिंग में 5 भारतीय**

अरविंद ने गिरी के खिलाफ 24वीं चाल में अपने घोड़े के दम पर बढ़त बनाई और आखिर में 39वीं चाल में जीत हासिल करके रिकॉर्ड बुक में अपना नाम लिखवाया। अरविंद इस जीत से लाइव रेटिंग में 14वें स्थान पर पहुंच गए हैं। इस तरह से लाइव रेटिंग में शीर्ष 15 में अब कम से कम पांच भारतीय शामिल हो गए हैं। विश्वनाथन आनंद 15वें नंबर पर हैं। अरविंद ने पहली बार शीर्ष पंद्रह में प्रवेश किया।

### मिलर ने चैंपियंस ट्रॉफी के कार्यक्रम पर उठाए सवाल

**लाहौर।** दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज डेविड मिलर ने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के कार्यक्रम पर सवाल उठाते हुए कहा कि दुबई से लौटने के बाद लाहौर में दूसरा सेमीफाइनल खेलना



उनकी टीम के लिए आदर्श स्थिति नहीं थी। दक्षिण अफ्रीका की टीम सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड से 50 रन से हार गई थी। कराची में ग्रुप चरण का आखिरी मैच खेलने के तुरंत बाद दक्षिण अफ्रीका की टीम को अगली सुबह तड़के दुबई के लिए उड़ान पकड़नी पड़ी। हाइब्रिड मॉडल पर खेले जा रहे इस टूर्नामेंट में दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया की टीमों को भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेले गए ग्रुप चरण के मैच के परिणाम आने तक दुबई में डेरा डालना पड़ा।

## तेंदुलकर का अर्धशतक बेकार ऑस्ट्रेलिया ने भारत को हराया

एजेंसी ▶▶| वड़ोदरा

महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर की 64 रन की अर्धशतकीय पारी के बावजूद ऑस्ट्रेलिया ने यहां अंतरराष्ट्रीय मास्टर्स लीग मुकाबले में भारत को 95 रन के बड़े अंतर से पराजित कर दिया।

तेंदुलकर ने 33 गेंद में सात चौकों और चार छक्कों की मदद से खेली गई पारी भी भारत लिए काम नहीं आ सकी और 270 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी टीम 20 ओवर में 174 रन पर ढेर हो गई। यूसुफ पठान ने 15 गेंद में तीन चौके और एक छक्के से 25 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया के लिए यह प्रदर्शन



शानदार रहा, जिसमें कप्तान शेन वॉटसन (नाबाद 110) और बेन डंक (नाबाद 132) ने दूसरे विकेट के लिए 236 रन की साझेदारी की जिससे टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में एक विकेट पर 269 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। भारत की यह चार मैच में पहली हार है और इसका ज्यादा असर नहीं पड़ा क्योंकि तेंदुलकर की टीम पहले ही सेमीफाइनल में पहुंच चुकी है।

### राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भाग लेंगे 300 महिला मुक्केबाज

**नई दिल्ली।** ग्रेटर नोएडा में 21 से 27 मार्च तक होने वाली आठवीं एलीट महिला राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप में 300 से अधिक मुक्केबाज भाग लेंगे। इस प्रतियोगिता का आयोजन उत्तर प्रदेश मुक्केबाजी संघ के सहयोग से किया जाएगा।



इससे पहले 2023 में भी इसी स्थान पर राष्ट्रीय चैंपियनशिप आयोजित की गई थी। 'वर्ल्ड बॉक्सिंग' और भारतीय मुक्केबाजी महासंघ के दिशा निर्देशों के अनुसार आयोजित की जाने वाली इस प्रतियोगिता में एक जनवरी 1984 और 31 दिसंबर 2005 के बीच जन्मे खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। प्रत्येक राज्य इकाई अधिकतम 10 मुक्केबाजों को मैदान में उतार सकती है।

---

**विलियमसन को आउट कर भारत को दिलाई अहम सफलता**

# 'सफेद गेंद' में भारतीय टीम के खेवनहार बने अक्षर

एजेंसी ▶▶| दुबई

चैंपियंस ट्रॉफी के ग्रुप चरण के मैच में न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत की जीत के बीच में जब केन विलियमसन खड़े थे तब अक्षर पटेल ने इस स्टार बल्लेबाज का विकेट लेकर फिर से साबित किया कि वह भारतीय टीम में सफेद गेंद के नए खेवनहार हैं।

न्यूजीलैंड के सामने तब 250 रन का लक्ष्य था और विलियमसन 81 रन बनाकर खेल रहे थे। उन्होंने अक्षर पटेल की गेंद पर आगे बढ़कर लंबा शॉट खेलना चाहा लेकिन गेंद ने उन्हें गच्चा दिया और बाकी काम विकेटकीपर केएल राहुल ने पूरा कर दिया। अक्षर के 10 ओवर के कोटे की यह अंतिम गेंद थी जिसने मैच का रुख भारत की तरफ मोड़ दिया था। इस पर हालांकि किसी का बहुत ध्यान नहीं गया क्योंकि इसी मैच में उनके साथी स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने पांच विकेट लेकर सबका ध्यान खींच दिया था।



**5वें नबर पर खींचा ध्यान**

एक समय माना जाता था कि रविंद्र जडेजा जैसी समानता रखने के कारण अक्षर को अधिक मौके नहीं मिलेंगे। यह भी सच है कि उन्हें अपने इस सीनियर साथी की छाया से बाहर निकालने के लिए संघर्ष करना पड़ा। उन्होंने अपने लिए रास्ता बनाने के लिए 2022 से अपनी बल्लेबाजी पर काम किया और टीम प्रबंधन ने जब उन्हें पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए भेजा तो वह अपेक्षाओं पर पूरी तरह से खरा उतरे। इससे पहले अक्षर ने वेस्टइंडीज के खिलाफ बारबाडोस में नाबाद 64 रन की पारी खेल कर अपनी बल्लेबाजी में सुधार का संकेत दिया था।

**आलोचकों को दिया जवाब**

अनुभवी राहुल की जगह अक्षर को पांचवें नंबर पर उतारने का टीम प्रबंधन का फैसला जोखिम भरा था लेकिन उन्हें इस ऑलराउंडर पर पूरा भरोसा था। अक्षर पिछले साल श्रीलंका के खिलाफ कोलंबो में खेले गए दूसरे वनडे मैच से नियमित रूप से पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी कर रहे हैं। उन्होंने पहले मैच में ही 44 रन बनाकर जतला दिया था कि वह इस चुनौती के लिए पूरी तरह तैयार हैं। अक्षर ने इसके बाद पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए 52, नाबाद 41, 8, नाबाद 3, 42 और 27 रन बनाए हैं। यह आंकड़े भले ही आकर्षक नहीं हों लेकिन महत्वपूर्ण यह है कि उन्होंने मुश्किल परिस्थितियों में यह जिम्मेदारी संभाली।

# आज पांचवें बैच की पासिंग ऑउट परेड

# आईएनएस चिल्का से लगभग 2972 अग्निवीरों ने लिया प्रशिक्षण नौसेना में शामिल होकर देश की सेवा करने के लिए सब हैं तैयार

यह पासिंग ऑउट परेड न केवल प्रारंभिक नौसेना प्रशिक्षण का सफल समापन है, बल्कि युद्ध के लिए तैयार, विश्वसनीय, एकजुट और भविष्य के लिए तैयार भारतीय नौसेना में अग्निवीरों की यात्रा का एक प्रतीक भी है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अग्निवीर योजना के तहत देश की रक्षा के लिए हर साल तीनों सेना में युवा तैयार हो रहे हैं। इसी क्रम में अग्निवीरों के पांचवे बैच की पासिंग आउट परेड (पीओपी) 7 मार्च को आईएनएस चिल्का में आयोजित होगी। पीओपी में लगभग 2972 अग्निवीरों के प्रशिक्षण का सफल समापन होगा। खास बात यह है कि अपना प्रशिक्षण पूरा करने वाले इन युवाओं में महिला अग्निवीर भी शामिल हैं। सभी अग्निवीरों ने आईएनएस चिल्का में नौसेना के अनुशासन का पालन करते हुए कठोर प्रशिक्षण प्राप्त किया है। दक्षिणी नौसेना कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ वाइस एडमिरल वी श्रीनिवास कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रहेंगे और सूर्यास्त के बाद पीओपी का निरीक्षण करेंगे। इस महत्वपूर्ण अवसर पर अग्निवीरों के गौरवान्वित परिवार भी उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा, उच्च उपलब्धि वाले दिग्गज और प्रतिष्ठित खेल हस्तियां भी मौजूद रहेंगी, जो अग्निवीरों को उनकी उल्लेखनीय यात्रा से प्रेरणा देंगी।

### प्रशिक्षण पूरा करने वालों में महिला अग्निवीर भी शामिल

### प्रशिक्षुओं और डिवीजनों को पुरस्कार से सम्मानित करेंगे



### वरिष्ठ अधिकारी करेंगे अवलोकन

अब इस वर्ष होने जा रहे इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में पास आउट होने वाले अग्निवीरों का वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा अवलोकन किया जाएगा। आईएनएस चिल्का में दिए गए प्रशिक्षण में शैक्षणिक एवं सेवा के विभिन्न पहलुओं की ट्रेनिंग दी जाती है। इसके अलावा, इस ट्रेनिंग में कर्तव्य, सम्मान एवं साहस के मूल मूल्यों पर आधारित ऑउटडोर प्रशिक्षण भी शामिल होता है।

### पीओपी का किया जाएगा सीधा प्रसारण

*भारतीय नौसेना के यूट्यूब चैनल, फेसबुक पेज और क्षेत्रीय दूरदर्शन नेटवर्क पर पासिंग आउट परेड का 5:30 बजे से सीधा प्रसारण किया जाएगा। इससे पहले बीते वर्ष आईएनएस चिल्का पर ही अग्निवीरों के चौथे बैच की पासिंग आउट परेड हुई थी। बता दें, पासिंग ऑउट परेड न केवल 16 सप्ताह के प्रारंभिक नौसेना प्रशिक्षण के सफल समापन का प्रतीक है, बल्कि युद्ध के लिए तैयार, विश्वसनीय, एकजुट और भविष्य के लिए तैयार भारतीय नौसेना में उनकी यात्रा का भी प्रतीक है।*

### प्रशिक्षुओं की द्विभाषी पत्रिका 'अंकुर' का विमोचन होगा

वरिष्ठ नौसैनिक अधिकारी समापन समारोह में शामिल होंगे। वे विभिन्न प्रशिक्षुओं और डिवीजनों को पुरस्कार और ट्रॉफियां से सम्मानित करेंगे। शुक्रवार को ही 'आईएनएस चिल्का' में प्रशिक्षुओं की द्विभाषी पत्रिका 'अंकुर' का विमोचन भी किया जाएगा। यह पासिंग ऑउट परेड न केवल प्रारंभिक नौसेना प्रशिक्षण का सफल समापन है, बल्कि युद्ध के लिए तैयार, विश्वसनीय, एकजुट और भविष्य के लिए तैयार भारतीय नौसेना में अग्निवीरों की यात्रा का एक प्रतीक भी है।

## खबर संक्षेप

### रूस ने दागी बैलिस्टिक मिसाइल, 4 की मौत

**कीव।** रूस ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के गृहनगर में बुधवार रात को एक होटल को निशाना बनाते हुए। मिसाइल से हमला किया, इस हमले में कम से कम चार लोगों की मौत हो गई है। यूक्रेनी वायु सेना ने बताया कि रूस ने यूक्रेन पर रातभर में 112 शाहिद और दो बैलिस्टिक इस्केंडर मिसाइलें दागीं। जिसके इलाके में भारी नुकसान हुआ है। राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि मध्य यूक्रेन के क्रीवी रीह में स्थित होटल पर हुए हमले से ठीक पहले यूक्रेनी, अमेरिकी और ब्रिटिश नागरिकों सहित एक मानवीय संगठन के स्वयंसेवक अंदर घुसे थे।



### अमेरिका में तेलंगाना के छात्र प्रवीण की हत्या

**शिकागो।** तेलंगाना से अमेरिका के विस्कॉन्सिन-मिल्वौकी विवि में पढ़ाई कर रहे 26 वर्षीय भारतीय छात्र जी. प्रवीण की हत्या के बाद विदेश मंत्रालय हरकत में हैं। शिकागो में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने दुख व्यक्त किया है। दूतावास ने कहा कि वे छात्र के परिवार के संपर्क में हैं और विवि भी उनकी हरसंभव मदद कर रहा है। एक्स पर पोस्ट में दूतावास ने लिखा कि हम विस्कॉन्सिन-मिल्वौकी विवि के स्नातकोत्तर छात्र जी प्रवीण की असामायिक मौत से दुखी हैं। दूतावास प्रवीण के परिवार के संपर्क में है और उन्हें हर संभव सहायता प्रदान कर रहा है।



### 19 मार्च को लौट रहे सुनीता और विल्मोर

**वॉशिंगटन।** नासा की एस्ट्रोनॉट और भारतीय मूल की सुनीता विलियम्स अब धरती पर लौटने वाली हैं। उनके साथ अंतरिक्ष के साथी विल्मोर बुच भी वापस आएंगे। सुनीता और विल्मोर नौ महीने तक अंतरिक्ष में 'फंसे' हुए थे। अब 19 मार्च को नासा दोनों को पृथ्वी पर लाने जा रहा है। इस मिशन में स्पेस एजेंसी का साथ एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स दे रही है। उसी के स्पेसक्राफ्ट से वापसी होने जा रही है। सुनीता ने कहा कि यहां रहने से हमें एक अनूठा दृष्टिकोण मिलता है, न केवल खिड़की से बाहर देखने से, बल्कि समस्याओं को हल करने के तरीके से भी।



### विमान ने गिराए अपने ही देश में बम, 2 लोग गंभीर

**सियोल।** दक्षिण कोरियाई लड़ाकू विमान ने गुरुवार को प्रशिक्षण के दौरान गलती से रहवासी इलाके में एक के बाद एक आठ बम गिराए। इस दौरान 15 लोग घायल हो गए, जिनमें से 2 की हालत गंभीर है। वायु सेना ने एक बयान के मुताबिक केएफ-16 लड़ाकू विमान की ओर से छोड़े गए एमके-82 बम असामान्य रूप से फायरिंग रेंज के बाहर गिरे, जिससे नागरिकों को क्षति हुई। वायु सेना ने कहा कि दुर्घटना क्यों हुई? इसकी जांच करने और नागरिकों को हुए नुकसान की जांच करने के लिए एक समिति गठित की जाएगी।



ट्रंप को आंख दिखाने का अंजाम!

# जेलेंस्की का तख्तापलट तय! यूक्रेन के विपक्षी नेताओं संग यूएस की बैठक



एजेंसी ▶▶ कीव

व्हाइट हाउस के ओवल ऑफिस में डोनाल्ड ट्रंप को आंख दिखाने वाले यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमीर जेलेंस्की का कभी भी तख्तापलट हो सकता है। ओवल ऑफिस में हुई बहस के करीब एक हफ्ते के बाद डोनाल्ड ट्रंप की टीम के कम से कम चार अधिकारियों ने यूक्रेन के विपक्षी नेताओं के साथ बात की है। इस बातचीत में रूस के साथ संबंध को सुधारने पर बातचीत की गई है। एक मीडिया रिपोर्ट में खुलासा किया गया है कि ट्रंप टीम के वरिष्ठ अधिकारियों ने यूक्रेनी विपक्षी नेता यूलिया टिमोशेंको से बात की है। टिमोशेंको देश की पूर्व पीएम रह चुकी हैं और पेट्रो पोरोशेंको की पार्टी की वरिष्ठ सदस्य हैं, जिसमें पहले जेलेंस्की भी थे। ये बातचीत यूक्रेन में तेजी से राष्ट्रपति चुनाव करवाने के इर्द-गिर्द घूमती रही। बता दें, फिलहाल यूक्रेन में मार्शल लॉ लगा हुआ है और मौजूदा हालातों में चुनाव नहीं हो सकते हैं। आलोचकों का कहना है कि अगर युद्ध के हालात में यूक्रेन में चुनाव करवाए जाते हैं तो राजनीतिक अव्यवस्था का निर्माण हो सकता है और इससे रूस को ही फायदा होगा।

### चुनाव करवाना चाहते हैं ट्रंप

*डोनाल्ड ट्रंप चुनाव करवाने में हो रही देरी की बार बार आलोचना कर चुके हैं। पिछले साल राष्ट्रपति जेलेंस्की का शासनकाल खत्म हो गया था और उसके बाद से ही रूस लगातार उन्हें यूक्रेन का 'अवैध नेता' कहता आया है। लेकिन इस हकीकत से इनकार नहीं किया जा सकता है कि देश का बड़ा हिस्सा अभी भी युद्ध में फंसा हुआ है, देश की एक बड़ी आबादी विस्थापित हो चुकी है, लाखों लोगों को देश से बाहर शरणार्थी के तौर पर रहना पड़ रहा है, लिहाजा क्या ऐसे हालात में निष्पक्ष चुनाव हो पाएंगे? जो लोग विस्थापित बनकर देश से बाहर हैं क्या वो वोट डाल पाएंगे? अमेरिका की वाणिज्य सचिव हॉवर्ड लुटनिक ने उन दावों को खारिज कर दिया कि डोनाल्ड ट्रंप, यूक्रेनी राजनीति को प्रभावित कर रहे हैं।*

### यूएस से सहमत नेताओं की तलाश जारी

हालांकि विपक्षी नेता टिमोशेंको और पोरोशेंको, दोनों ने सार्वजनिक रूप से जेलेंस्की की इस बात से सहमति जताई है कि युद्ध के समय में चुनाव नहीं होने चाहिए। फिर भी पोरोशेंको ने ट्रंप की टीम से मुलाकात की है और ट्रंप की टीम यूक्रेन में ऐसे नेताओं को खोजने का काम कर रही है, जिसके साथ काम करना उनके लिए आसान हो। एक रिपब्लिकन नेता ने कहा है कि ऐसे नेताओं की तलाश चल रही है, जो युद्ध में शांति के लिए उन बातों पर सहमत हों जिनपर जेलेंस्की सहमत नहीं हैं।

लंदन के चैथम हाउस में आयोजित एक कार्यक्रम में बोले विदेश मंत्री एस. जयशंकर

# अमेरिकी विदेश नीति से हैरानी नहीं, यूएस डॉलर आर्थिक स्थिरता के लिए बेहद जरूरी

### डॉलर को बदलने के लिए भारत की कोई नीति नहीं



एजेंसी ▶▶ लंदन

भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने लंदन के चैथम हाउस में आयोजित एक कार्यक्रम में अमेरिका की नई विदेश नीति को लेकर कहा कि मुझे पूरी ईमानदारी से कहना चाहिए कि यह आश्चर्यजनक नहीं है।

**भारत दुनिया में अधिक आर्थिक स्थिरता चाहता है**

अगर आप वास्तव में इस पर नजर रखें और मान लें कि अधिकांश समय राजनेताओं को वह सब नहीं मिलता जो वे चाहते हैं। राजनीतिक दलों के ऐसे नेता जो बड़े वादे करते हैं, ज्यादातर ऐसा करते हैं, लेकिन हमेशा ऐसे वादे सफल नहीं होते। नेताओं को हमेशा वह सब नहीं मिलता जो वे चाहते हैं। विदेश मंत्री ने कहा कि एक सामान्य सिद्धांत के रूप में, आप जानते हैं कि जब राजनीतिक ताकतों या राजनीतिक नेताओं के पास कोई एजेंडा होता है, खासकर कुछ ऐसा हो जिसे उन्होंने काफी लंबे समय में विकसित किया हो और वे बहुत स्पष्ट और भावुक हों। तो उनका रवैया ऐसा ही होता है। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि पिछले कुछ हफ़्तों में हमने जो कुछ देखा और सुना है, वह अपेक्षित ही था। बकौल विदेश मंत्री, मुझे थोड़ा आश्चर्य है कि लोग बीते 41 दिनों के घटनाक्रम को लेकर आश्चर्यचकित हैं।

जयशंकर ने कहा कि डॉलर को बदलने के लिए हमारी ओर से कोई नीति है। आखिरकार, रिजर्व मुद्रा के रूप में डॉलर अंतरराष्ट्रीय आर्थिक स्थिरता का स्रोत है। मुझे लगता है कि अंतरराष्ट्रीय अर्थव्यवस्था के लिए आज जो आवश्यक है, उसका रणनीतिक मूल्यांकन करने के बाद इस बारे में हमारी समझ बेहतर होगी।

### अमेरिकी राष्ट्रपतियों संग भारत को कभी कोई समस्या नहीं

डॉ. जयशंकर ने कहा कि हमें अमेरिकी राष्ट्रपतियों के साथ कभी कोई समस्या नहीं हुई है। ऐसा कोई बोझ नहीं है, जिसे हम ढोते हैं या जो संबंधों पर बोझ है। अमेरिकी मुद्रा डॉलर के बदले किसी और मुद्रा में व्यापार की संभावना को लेकर विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर ने साफ किया कि भारत की ऐसी कोई मंशा नहीं है। उन्होंने कहा कि मुझे नहीं लगता कि डॉलर को बदलने के लिए हमारी ओर से कोई नीति है। आखिरकार, रिजर्व मुद्रा के रूप में डॉलर अंतरराष्ट्रीय आर्थिक स्थिरता का स्रोत है।

### आर्थिक प्रणाली को मजबूत करना सबकी प्राथमिकता हो

डॉ. जयशंकर ने कहा कि भारत दुनिया में अधिक आर्थिक स्थिरता चाहता है। मुझे नहीं लगता कि इस मामले पर ब्रिक्स देशों की कोई एकीकृत स्थिति है। ब्रिक्स के सदस्य और अब जबकि हमारे पास और भी सदस्य हैं, सब इस मामले पर बहुत अलग-अलग दृष्टिकोण रखते हैं। हम मानते हैं कि अमेरिका के साथ काम करना और अंतरराष्ट्रीय वित्तीय प्रणाली और आर्थिक प्रणाली को मजबूत करना वास्तव में सबकी प्राथमिकता होनी चाहिए।

### चीन के साथ हमारे बहुत ही अनोखे रिश्ते

विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने कहा चीन और हमारे बीच बहुत ही अनोखे रिश्ते हैं। सबसे पहले, हम दुनिया के दो ऐसे देश हैं जिनकी आबादी एक अरब से अधिक है। हम दोनों का इतिहास बहुत पुराना है, जिसमें समय के साथ उतार-चढ़ाव आए हैं। आज, दोनों देश ऊपर की ओर बढ़ रहे हैं; यही चुनौती है, और हम सीधे पड़ोसी भी हैं। चुनौती यह है कि जैसे-जैसे कोई देश आगे बढ़ता है, दुनिया और उसके पड़ोसियों के साथ उसका संतुलन बदलता है। जब इस आकार, इतिहास, जटिलता और महत्व वाले दो देश समानांतर रूप से आगे बढ़ते हैं, तो वे अनिवार्य रूप से परस्पर क्रिया करते हैं।



### चीन के साथ सीमा एक महत्वपूर्ण पहलू

डॉ. जयशंकर ने कहा कि भारत और चीन के बीच मुख्य मुद्दा यह है कि कैसे एक स्थिर संतुलन बनाया जाए और संतुलन के अगले चरण में पहुंचा जाए। हम एक स्थिर संबंध चाहते हैं, जहां हमारे हितों का सम्मान किया जाए, हमारी संवेदनशीलता को पहचाना जाए। हालात ऐसे बनें जहां दोनों देशों के लिए स्थिति बेहतर हो। वास्तव में हमारे रिश्ते में यही मुख्य चुनौती है। भारत के लिए, सीमा एक महत्वपूर्ण पहलू है।

थ्री वन फोर कैपिटल की रिपोर्ट से जगी उम्मीद

# डीप-टेक इनोवेशन से भारत को 10 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने में मिलेगी मदद

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत 10 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की ओर तेजी से अग्रसर हो रहा है। इसके साथ ही देश सॉफ्टवेयर-लेड टेक्नोलॉजी इकोसिस्टम से डीप-टेक इनोवेशन द्वारा संचालित इकोसिस्टम-स्ट्रक्चरल बदलाव के दौर से भी गुजर रहा है। गुरुवार को आई थ्री वन फोर कैपिटल की एक रिपोर्ट के अनुसार, सरकार समर्थित पहल जैसे 10,000 करोड़ रुपए के 'फंड ऑफ फंड्स', भारत के सेमीकंडक्टर मिशन और नेशनल डीप टेक स्टार्टअप पॉलिसी फ्रंटियर टेक इनोवेशन बढ़ावा देने के लिए कमिटमेंट को दर्शाती हैं।

### कौशल निर्माण और तकनीकी से विकास सुनिश्चित



थ्री वन फोर कैपिटल के संस्थापक भागीदार और मुख्य निवेश अधिकारी प्रणव पई ने कहा कि भारत का डीप-टेक सेक्टर निवेश के लिए तैयार, नीति-समर्थित और वैश्विक रूप से प्रासंगिक अवसर के रूप में परिपक्व हो रहा है। जबकि नींव मजबूत है, डीप-टेक इनोवेशन को व्यावसायिक रूप से सफल, वैश्विक रूप से प्रतिस्पर्धी व्यवसायों में बदलने के लिए निरंतर पूंजी, इकोसिस्टम सहयोग और धैर्यपूर्वक निष्पादन की जरूरत होगी।

### 2030 तक 70 प्रतिशत कमर्शियल व्हीकल

*पई ने कहा कि भारत एक निर्णायक चरण में है, एक ऐसा चरण जहां अनुशासित इनोवेशन और दीर्घकालिक प्रतिबद्धता अगले दशक में एआई, सेमीकंडक्टर और क्लीन मोबिलिटी में इसकी लीडरशिप को परिभाषित करेगी। भारत में 2030 तक 70 प्रतिशत नए कमर्शियल व्हीकल 'ईवी' होने का अनुमान है, ऐसे में चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर और बैटरी दक्षता को बढ़ाने की मुख्य चुनौतियां बनी हुई हैं।*

आतंकी राणा की यूएस कोर्ट में अपील

# प्रत्यर्पण पर की रोक लगाने की मांग कहा- भारत में प्रताड़ित किया जाएगा

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

2008 मुंबई आतंकी हमले के आरोपी तहव्वुर राणा ने एक बार फिर अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट में अपील दायर की है। राणा ने अपनी अपील में भारत प्रत्यर्पण पर रोक लगाने की मांग की है। राणा ने कहा है कि उसे भारत में प्रताड़ित किया जा सकता है।

क्योंकि वह पाकिस्तान मूल का है। हाल ही में पीएम मोदी के अमेरिका दौरे के दौरान ट्रंप प्रशासन ने तहव्वुर राणा के भारत प्रत्यर्पण की आखिरी मंजूरी दे दी थी।

### राणा मुंबई हमले के दोषी डेविड हेडली का दोस्त

मुंबई हमले का दोषी डेविड हेडली, तहव्वुर राणा का दोस्त था। दावा है कि तहव्वुर राणा ने ही डेविड हेडली को अपराध की दुनिया में धकेला। हेडली ने ही 2008 के मुंबई आतंकवादी हमलों के लिए रेकी की। हेडली को बाद में अमेरिका से गिरफ्तार किया गया था। हेडली से पूछताछ में ही तहव्वुर राणा की मुंबई हमले में संलिप्तता का खुलासा हुआ था।



श्रीलंका के मंत्री की भारत से अपील

# मछुआरों को हमारे जलक्षेत्र में घुसने से रोकें, हमारे लिए 'यह बड़ी मदद'

एजेंसी ▶▶ कोलंबो

श्रीलंका सरकार ने भारत से अनुरोध किया है कि वह अपने मछुआरों को द्विपीय राष्ट्र के जलक्षेत्र में अवैध रूप से घुसने से रोके। दरअसल, मछुआरे अक्सर मछली पकड़ने के लिए अनजाने में जल सीमा का उल्लंघन कर देते हैं। इसे लेकर श्रीलंका के परिवहन, राजमार्ग, बंदरगाह और नागरिक उड्डयन मंत्री बिमल रथनायके ने कहा कि जल सीमा का उल्लंघन रोकने के लिए जरूरी कदम उठाने की जरूरत है। भारत के इस कदम की उत्तरी श्रीलंका के लोग बहुत सराहना करेंगे।

मछली पकड़ना ही उनके लिए आजीविका का एकमात्र साधन है। उनकी यह टिप्पणी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगले महीने श्रीलंका की संभावित यात्रा से पहले आई है। रथनायके ने बुधवार को संसद को बताया कि हम जानते हैं कि भारत श्रीलंका की बहुत मदद कर रहा है, लेकिन जाफना के लोगों के लिए यह मदद सबसे बड़ी होगी।



### हम भारत के आभारी

रथनायके ने कहा कि भारत ने एलटीटीई के साथ देश के सशस्त्र संघर्ष के दौरान उत्तरी श्रीलंका के लोगों की बहुत सहायता की थी। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत ने हमें सुरक्षा दी और हम इसके लिए भारत के आभारी हैं। अब भारत, तमिलनाडु सरकार और उनके सांसद जो सबसे बड़ी सेवा कर सकते हैं, वह है उत्तरी लोगों की आजीविका को संरक्षित करने में मदद करना। विपक्षी सांसद मनो गणेशन ने कहा कि श्रीलंका सरकार को भारतीय मछुआरों द्वारा अवैध रूप से मछली पकड़ने के मुद्दे को भारतीय प्रधानमंत्री के साथ बातचीत के एजेंडे में शामिल करना चाहिए।

### अब तक 130 से अधिक भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया गया

इससे पहले श्रीलंकाई नौसेना ने दावा किया कि उन्होंने 2024 में श्रीलंकाई जलक्षेत्र में मछली पकड़ने के लिए घुसे 550 से अधिक भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया है। इस साल अब तक 130 से अधिक भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया जा चुका है। बता दें, पीएम मोदी अप्रैल की शुरुआत में श्रीलंका का दौरा कर सकते हैं। यह देश की उनकी चौथी यात्रा होगी।

शायर मुनव्वर राणा के बेटे तबरेज ने दिया औरंगजेब को लेकर बड़ा बयान

# इतना आतंकी होता तो हिंदुओं का नाम-ओ-निशान मिट गया होता

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

छावा मूवी के बाद औरंगजेब को लेकर शुरू हुई सियासत खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। अह इस मसले पर दिवंगत शायर मुनव्वर राणा के बेटे तबरेज ने भी बयान दिया है। तबरेज राणा ने कहा कि अगर औरंगजेब आतंकी होता तो 48 साल के उसके राज के बाद हिंदुओं का नाम-ओ-निशान मिट गया होता।



### 10 साल में ही कई जगह बुलडोजर चल गया

#### 48 साल की हुकूमत में क्या मंदिर बचते?

तबरेज राणा ने औरंगजेब से जुड़े सवाल का जवाब देते हुए कहा कि 48 साल हुकूमत की है औरंगजेब ने, 48 साल अगर वो हमारे हिंदू भाइयों का कत्लेआम करता तो कितने करता? कितने रह जाते हमारे हिंदू भाई? अगर वो हमारे मंदिर शहीद करता तो क्या हमारे मंदिर बचते 48 साल में? उन्होंने सीएम योगी आदित्यनाथ का नाम लिए बगैर कहा कि यहां दस साल की हुकूमत में ही कितनी जगह बुलडोजर चल गया, औरंगजेब को तो 48 साल का वक्त मिला था, तब न आप थे, न सोशल मीडिया थी।

### कुछ अच्छा किया होता तो अतीत में नहीं जाते

#### मुगल से नफरत, लेकिन मुगलई पसंद

सपा विधायक अबु आजमी से जुड़े सवाल पर तबरेज ने कहा कि जब मेरे वालिद मुनव्वर राणा खराब हो सकते थेतो उनकी क्या गलती थी? वे 'गोडसे' के दौर में 'गांधीगीरी' कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ऐसे विवाद तब होते हैं जब हमारे पास दिखाने के लिए कुछ नया नहीं होता। अगर हमने कुछ नया, कुछ अच्छा किया होता तो हम अतीत में नहीं जाते आप मुगल से नफरत करते हैं।

### औरंगजेब में भी गुण थे: विधायक पल्लवी पटेल

*यूपी के सिराथू से विधायक और अपना दल कमेरावादी नेता पल्लवी पटेल ने भी बुधवार को औरंगजेब पर टिप्पणी करते हुए उसकी तारीफ कर दी थी। औरंगजेब पर बयान देते हुए पल्लवी पटेल ने कहा कि हर शासक में कुछ गुण अवगुण होते हैं, औरंगजेब में भी गुण था। सपा विधायक ने कहा कि मैं हर शासक का समर्थन करती हूं।*



हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109